आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी 02:07 तक उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 132, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड 14

लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल 13

## अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना


बुधवार को अनंतनाग के पहलगाम स्थित नुनवान बेस कैंप पहुंचे तीर्थ यात्री।

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गुरुवार तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी - अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा (14 किमी) लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था यात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

## शेख हसीना को छह महीने की जेल की सजा

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री अदालत की अवमानना मामले में दोषी करार

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ अवामी लीग की नेता से संबंधित लीक हुई फोन पर बातचीत के अंश की समीक्षा के बाद यह आदेश पारित किया। फोन पर बातचीत के अंश पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। पिछले साल अगस्त में पद छोड़ने के बाद से यह पहली बार है जब 72 वर्षीय नेता को किसी मामले में सजा सुनाई गई है। ऑडियो क्लिप में अपदस्थ प्रधानमंत्री को गोविंदगंज उपजिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता शकील अकंद बुलबुल से कथित तौर पर ये कहते सुना जा सकता है कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। न्यायाधिकरण ने बयान को अवमाननापूर्ण और अदालत को कमजोर करने का सीधा प्रयास माना।



- प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता शकील बुलबुल को भी सजा

### आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी सजा

न्यायाधिकरण ने प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता बुलबुल को भी दोषी ठहराया और दो महीने के कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधिकरण ने फैसले में कहा कि सजा की अवधि उनकी गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी। पिछले साल पांच अगस्त को देश में छात्रों के नेतृत्व वाले एक बड़े आंदोलन के बाद हसीना को अपदस्थ कर दिया गया था, जिसके बाद उन्हें ढाका छोड़कर जाना पड़ा था। हसीना के पद से हटने के बाद 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था।

## एक नजर

### पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी सूचना के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

### धन शोधन के मामले में सीए को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध कुमार गोयल से जुड़े 1,460 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन में कथित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने कहा कि अनंत कुमार अग्रवाल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और अन्य की जांच के सिलसिले में 25 जून को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था।

## नेशनल हेराल्ड केस : एजेएल के अधिग्रहण में हुआ था फर्जी लेनदेन

### राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी के दावे से सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

- 2000 करोड़ रुपये एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्ति
- यंग इंडिया में हिस्सेदार हैं सोनिया और राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। ईडी की तरफ से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है।

एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था।

एएसजी राजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई सीनियर नेता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को किए गए ''फर्जी लेनदेन'' में शामिल थे। ईडी के मुताबिक, कांग्रेस के बड़े नेताओं के निर्देश पर कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से किराए का भुगतान किया था। इन लेन-देन के साथ फर्जी किराया रसीदें तैयार की गई थीं। ईडी ने दावा किया कि साजिश थी कि यंग इंडिया के माध्यम से 2,000 करोड़ की संपत्ति कब्जे में लेकर 90 करोड़ का कर्ज लिया जाए।



### भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने दर्ज कराई थी वर्ष 2012 में शिकायत

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

### 50 लाख रुपये में यंग इंडिया को बेच दी एजेएल की संपत्ति

ईडी ने ये भी बताया कि कांग्रेस कमेटी ने सार्वजनिक टेंडर निकाले बिना एजेएल की संपत्ति यंग इंडिया को 50 लाख रुपये में बेच दी, जबकि एजीएल की संपत्ति 2,000 करोड़ की थी। यंग इंडिया के पास इसे चुकाने के लिए पैसे नहीं थे, जिसके बाद यह मामला कोलकाता में शेल कंपनियों तक पहुंचा। एक करोड़ रुपय का लोन यंग इंडिया को दिया गया, जबकि इसकी बैलेंस शीट नेगेटिव थी। एएसजी राजू ने कोर्ट को बताया कि ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि यंग इंडिया पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नियंत्रण था। दोनों ने मिलकर 76 प्रतिशत शेयर अपने पास रखे थे। वास्तव में ये दोनों इनके संचालन के लिए जिम्मेदार थे।

## हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहा उत्तराखंड : धामी

### फाइनेंशियल मैनेजमेंट में उत्तराखंड छोटे राज्यों में दूसरे नंबर पर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- रिस्पना-बिंदाल एलिवेटेड को केंद्र से अनुरोध, दून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जल्द शुरू होगी



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, जल्द ही दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड शुरू हो जाने पर राज्य में भारी संख्या में पर्यटकों के आने संभावना को देखते हुए सरकार नियोजन की चुनौती पर अभी से पूरी सक्रियता से कार्य कर रही है। शहर की ट्रैफिक समस्या और भविष्य की जरूरत को देखते हुए 26 किमी रिस्पना-बिंदाल एलिवेटेड रोड के लिए केंद्र से अनुरोध किया गया है।

बुधवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फ्लोटिंग पापुलेशन हेतु सुविधाओं की व्यवस्था के लिए नीति आयोग से विशेष ग्रांट का आग्रह किया गया है। राज्य हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहा है। हम सतत विकास लक्ष्य सूचकांक (एसडीजी इंडेक्स) में पहले स्थान पर रहे। कहा कि सकल पर्यावरण उत्पाद (जीईपी) लागू करने वाले सबसे पहले राज्य बने। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने वाले भी सबसे पहले साहसी राज्य बने। हम अपनी 6500 एकड़ से अधिक भूमि अतिक्रमण से मुक्त करवा चुके हैं। राज्य में निरंतर विकास के नवाचार अपनाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में हमने डेस्टिनेशन उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से नई पर्यटन नीति के अंतर्गत निवेशकों को आकर्षित करने हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करने में सफलता प्राप्त की है। कहा कि सरकार राज्य में धार्मिक, साहसिक, ईको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म और फिल्म पर्यटन जैसे क्षेत्रों को विकसित करने में प्रयासरत है। आज जहां एक ओर केदारखंड की भांति मानसखंड कॉरिडोर को भव्य रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं, ऋषिकेश और हरिद्वार को योग और आध्यात्मिक केंद्रों के रूप में वैश्विक स्तर पर प्रमोट करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष से शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ की है जिसको प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री मोदी पिछले दिनों हर्षिल-मुखबा के दौरे पर आए थे।

### उत्तराखंड बना मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य में फिल्म शूटिंग आसान बनाने को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम शुरू किया। उत्तराखंड में शूटिंग करने पर फिल्म निर्माताओं को विशेष सब्सिडी और अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसका परिणाम कि उत्तराखंड को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। हाल ही में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने हमारे चार गांवों जखोल, हर्षिल, गूंजी और सूपी को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया है।

## कांवड़ भक्तों का ट्रक पलटा, तीन की मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- बुलंदशहर के 21 लोग ऋषिकेश से हर्षिल जा रहे थे भंडारा करने
- टिहरी में ब्रेक फेल होने पर सड़क पर पलटा ट्रक, 19 लोग घायल

**अमृत विचार :** टिहरी गढ़वाल जनपद में बड़ा हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से कांवड़ भक्तों को लेकर आ रहा एक ट्रक ब्रेक फेल होने पर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रक में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 19 घायल हो गए। 16 घायलों को नरेंद्र नगर अस्पताल और 3 को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। सभी लोग भंडारा करने के लिए ऋषिकेष से हर्षिल जा रहे थे।

टिहरी गढ़वाल के पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि बुधवार पूर्वाह्न एक ट्रक फकोट से आगे ताछला के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक में सवार 22 लोग हर्षिल (उत्तरकाशी) की तरफ कांवड़ भंडारा के लिए जा रहे थे।

ये सभी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सैनियों की बड़ी चौपाल, मोहल्ला कास्तवाडा, सिकंदराबाद के रहने वाले हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र नगर संजय मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रक के केबिन में फंसे चार साल के एक बच्चे नकुल को पुलिस ने सकुशल बाहर निकाल लिया।

एसपी ने बताया कि हादसे में विक्की पुत्र महेंद्र, सुनील सैनी पुत्र मिल चंद और संजय की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि ईश्वर सैनी, अतर सिंह, रवि, कुलदीप, झम्मन सिंह, बनवारी, मुकेश, प्रेम सिंह, जुगनू और तुषार प्रजापति, भजन लाल, लेखराज, टिंकू, मूलचंद, राहुल, बिशन, नकुल और विनीत को अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए घायलों को बेहतर उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।


दुर्घटना में घायल कांवड़िया।

## पीक ऑवर में दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

- केंद्र सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश


**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी। इसके अलावा, निश्चित आधार किराया न्यूनतम तीन किलोमीटर के लिए होगा, ताकि डेड माइलेज की भरपाई की जा सके। इसमें बिना यात्री के तय की गई दूरी, यात्रा वाली दूरी और यात्री को लेने के लिए उपयोग किया गया ईंधन शामिल है।

## समाज के हित में नहीं कम उम्र में प्यार और शादी

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट ने कहा-सरकार दो सप्ताह में पेश करे इस संबंध में ठोस प्रस्ताव



**अमृत विचार :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कम उम्र में प्यार और फिर शादी जैसे मामलों को समाज के लिए उपयोगी नहीं बताते हुए बुधवार को इस विषय पर प्रदेश सरकार को जन जागरण अभियान चलाने को कहा है। साथ ही, महिला सशक्तीकरण और बाल विकास विभाग को दो सप्ताह में ठोस प्रस्ताव पेश करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने शालिनी एवं अन्य बनाम राज्य सरकार मामले में इस प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। इस मामले में सुरक्षा के लिए अदालत पहुंचा प्रेमी जोड़ा 19 साल का है। सुरक्षा के लिए अदालत पहुंची शालिनी अपने प्रेमी के साथ उसके घर में रह रही है। कम उम्र की बाधा शादी में आड़े आ रही है। दोनों ने परिजनों से सुरक्षा के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अदालत के समक्ष कम उम्र में प्यार और उसके बाद शादी के अनेक मामले आ रहे हैं। ऐसे अधिकांश मामले 13 से 19 साल के युवक और युवतियों के हैं। परिजन ऐसे रिश्ते से खुश नहीं होते हैं और इसके बाद नव जोड़ा परिजनों से सुरक्षा को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाता है।

अदालत के निर्देश पर बुधवार को महिला सशक्तीकरण और बाल विकास सचिव चंद्रेश कुमार अदालत में पेश हुए। अदालत ने समाज में बढ़ रहे इस रवैये को अच्छा नहीं बताया। यह भी कहा कि कच्ची उम्र में शादी और मां बनना अच्छा नहीं है। अदालत ने कहा कि यौन शोषण अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) मामले में भी सामने आ रहे हैं। कई मामलों में अभिभावक अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं।

### स्कूलों-कॉलेजों के पास चलाएं जनजागरण अभियान

खंडपीठ ने सरकार को इन मामलों में स्कूलों, इंटर कालेजों के अलावा बस्तियों में जन जागरण अभियान चलाने को कहा है। अदालत ने कहा कि सरकार ऐसे मामलों में युवक युवतियों को जन जागृति पैदा करे। इसके लिए विज्ञापन जारी करे। यही नहीं, अदालत ने पॉक्सो जैसे मामले में भी जन जागरण अभियान तथा युवाओं को अपराध और उसका कानूनी पक्ष समझाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने शिक्षा विभाग और जिलास्तरीय विधिक सेवा प्राधिकरण को इस अभियान में शामिल करने को कहा है। साथ ही, सचिव से दो सप्ताह में इस संबंध में कोर्ट में ठोस मॉडल पेश करने को कहा है।

## पत्नी और बच्चे को वित्तीय मदद में देरी, उन्हें सम्मान से वंचित करना

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने भरण-पोषण के मामले में की टिप्पणी, अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को 'अंतरिम भरण-पोषण' आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें इसने (कुटुंब अदालत ने) व्यक्ति (पति) को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे। इस राशि में से दोनों को बराबर-बराबर हिस्सा दिया जाना है।

एक जुलाई को जारी फैसले में कहा गया है कि वित्तीय सहायता में देरी करना सम्मानित जीवन से वंचित करना है और यह अदालत इस तथ्य से अवगत है कि समय पर भरण-पोषण दिया जाना न केवल जीवनयापन के लिए, बल्कि वैसे लोगों की बुनियादी गरिमा की रक्षा के लिए भी आवश्यक है, जो कानूनी रूप से ऐसे समर्थन के हकदार हैं।

हालांकि, न्यायमूर्ति शर्मा ने नाबालिग बेटी के लिए दी जाने वाली राशि घटाकर 17,500 रुपये प्रतिमाह कर दी, जबकि पत्नी के लिए दी जाने वाली राशि को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि पति अपनी नियमित आय और संसाधनों के बल पर सुरक्षित शांति से सोता रहा, जबकि अलग रह रही पत्नी चुपचाप पीड़ा झेलती रही, अनिश्चितता और चिंता से जूझती रही कि अगर यह राशि समय पर नहीं दी गई, तो वह अपनी बुनियादी जरूरतों को कैसे पूरा करेगी। अदालत ने कहा कि यद्यपि याचिकाकर्ता (पति) का तर्क है कि केवल एक महीने का भरण-पोषण बकाया है, प्रतिवादी (पत्नी) पर इस तरह की देरी के प्रभाव को कम करके आंका नहीं जा सकता है।

### भरण-पोषण देना कानूनी और नैतिक कर्तव्य भी

अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण केवल एक मौद्रिक दायित्व नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक कर्तव्य है, जो आश्रित पति-पत्नी और बच्चे की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब वित्तीय सहायता में देरी होती है, तो सबसे पहले गरिमा को ठेस पहुंचती है... यदि भरण-पोषण का काम कमाऊ पति या पत्नी की सुविधा पर छोड़ दिया जाता है, तो भरण-पोषण का उद्देश्य ही विफल हो जाता है।

### एक दिन की देरी भी होती है कठिनाई का कारण

अदालत ने कहा कि वास्तविकता यह है कि बुनियादी खर्चों पर एक दिन की अनिश्चितता भी प्रतिवादी के लिए संकट और कठिनाई का कारण बनती है, जो अपने जीवनयापन और नाबालिग बच्चे के भरण-पोषण के लिए पूरी तरह से इसी राशि पर निर्भर है। आदेश में कहा गया है कि भरण-पोषण का उद्देश्य सम्मान के साथ जीने और भोजन, आश्रय, कपड़े, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी खर्चों को पूरा करने के उनके अधिकार की रक्षा करना है।

# घोटाले में सीबीआई से राय व सरकार से जवाब मांगा

## हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने की 800 करोड़ के घोटाले की याचिका पर सुनवाई

हाईकोर्ट समाचार 1

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** करीब 800 करोड़ रुपये के लोनी अर्बन मल्टी स्टे क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) घोटाले की जांच के मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से एक सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने माना कि बहुराज्यीय घोटाला होने के चलते इस मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जानी चाहिए। बुधवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने राज्य सरकार को दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

याचिकाकर्ता, ऋषिकेश निवासी आशुतोष की ओर से कहा गया कि एलयूसीसी चिटफंड कम्पनी द्वारा वर्ष 2021 में प्रदेश के कई जिलों के लोगों को कई तरह के लाभ देने के उद्देश्य से अपना ऑफिस देहरादून, ऋषिकेश सहित पौड़ी में खुलवाए। उसके बाद स्थानीय लोगो को अपना एजेंट नियुक्त किया। एजेंटों के द्वारा अपने करीबियों से कहा गया कि वे इस कम्पनी में निवेश करें। लोगों ने सहानुभूति दिखाकर निवेश भी किया जबकि राज्य में कम्पनी ने सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत अपना रजिस्ट्रेशन तक नहीं कराया।

याचिका के अनुसार, एलयूसीसी की ओर से वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच उत्तराखंड में करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया। लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर पैसा जमा कराया गया और उसके बाद कंपनी के कर्ताधर्ता अचानक फरार हो गए। एलयूसीसी के खिलाफ पौड़ी जिले में 14 मामले दर्ज हैं। पौड़ी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। यह भी कहा गया कि उत्तराखंड के अलावा देश के दो अन्य राज्यों में एलयूसीसी का जाल फैला था और घोटाला को अंजाम दिया गया है। सोसाइटी के खिलाफ अन्य राज्यों में 56 मामले दर्ज हैं। घोटाले का मास्टर माइंड और एलयूसीसी कंपनी का मालिक समीर अग्रवाल गिरफ्तारी के डर से देश छोड़कर दुबई भाग गया था। जांच में पुलिस को पता चला कि उसके पास दो देशों की नागरिकता है और इन दिनों वह वेस्टइंडीज के छोटे से द्वीप में छिपा है। उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस के साथ ही ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। जनहित याचिका में कहा गया कि अगर प्रदेश के भीतर कोई बाहरी कम्पनी बिना रजिस्ट्रेशन के कार्य कर रही है तो सोसाइटी के सदस्य सोए हुए थे या राज्य सरकार, इसकी जांच कराई जाए। वहीं, मामले के जांच अधिकारी भी कोर्ट में पेश हुए।

याचिकाकर्ता की मांग पर खंडपीठ ने माना कि बहुराज्यीय घोटाला होने के चलते इस मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जानी चाहिए। इसके बाद अदालत ने सीबीआई से इस मामले में एक सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। यही नहीं, अदालत ने पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को मामले की प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा है। खंडपीठ ने केन्द्रीय कोऑपरेटिव सोसाइटी के रजिस्ट्रार को भी नोटिस जारी किया है।

### आज भी जारी रहेगी सुनवाई

2

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत आरक्षण न देने के मामले के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर 3 जुलाई को भी सुनवाई जारी रखी है। बुधवार को हुई सुनवाई पर फिर राज्य आंदोलनकारियों की तरफ से कहा गया कि नियमावली के तहत राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा रहा है, जो कि सरकार की नियमावली के विरुद्ध है इसलिए उसका लाभ उन्हें शीघ्र दिलाया जाए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद 3 जुलाई की तिथि नियत की है।

# हाईकोर्ट में पेश हुए हरिद्वार के एसएसपी, रखा पक्ष

विधि संवाददाता, नैनीताल

3

**अमृत विचार:** थाना मंगलौर, हरिद्वार में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की मौत के मामले में आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 3 जुलाई को भी जारी रखी है।

कोर्ट के आदेश पर न्यायालय में एसएसपी हरिद्वार सहित दोनों जांच अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट द्वारा उठाये गए सवालों का जवाब दिया गया। एसएसपी द्वारा कहा गया कि मामले में पारदर्शिता लाने के लिए दो जांच अधिकारी नियुक्त किए गए क्योंकि दो एफआईआर दर्ज हुई थी।

जांच करने पर दोनों जांच अधिकारियों ने अलग-अलग निर्णय लिया। एक ने फाइनल रिपोर्ट लगाई जबकि दूसरे ने चार्जशीट बनाकर कोर्ट में पेश की। जांच में कोई संदेह नहीं है इसलिए अभियुक्त जेल में हैं जिस पर कोर्ट ने मामलों की सुनवाई हेतु गुरुवार को भी जारी रखी है।

# सीएम योगी के साथ जल्द बैठक करेंगे सीएम धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में उत्तर प्रदेश एवं राज्य के बीच अवशेष चल-अचल संपत्तियों एवं दायित्वों के मामलों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में दोनों राज्यों के बीच पिछली बैठक में सहमति बनी थी, उनमें से जिन मामलों में कार्रवाई गतिमान है, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनका जल्द समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री धामी दोनों राज्यों के अवशेष आस्तियों एवं दायित्वों के मामले में जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक भी करेंगे। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की पिछली बैठक के बाद जिला ऊधमसिंह नगर एवं हरिद्वार में स्थित जलाशयों तथा नहरों में वाटर स्पोर्ट्स की अनुमति दी जा चुकी है। सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विद्युत बिलों के रूप में 57.87 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश मत्स्य निगम की ओर से उत्तराखंड मत्स्य पालन विकास अभिकरण को 3.98 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वन विकास निगम, उत्तराखंड को दी जाने वाली देयताओं का आंशिक भुगतान किया गया है। परिवहन निगम की अवशेष राशि का भुगतान किया जा चुका है। आवास विभाग के अन्तर्गत, आवास विकास परिषद की परिसम्पत्तियों के निस्तारण का निर्णय हुआ है।

# सूबे के नर्सिंग कॉलेजों में पूर्व की भांति ही रहेगी प्रवेश प्रक्रिया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर के राजकीय एवं निजी नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया इस बार भी पूर्व की भांति आयोजित होगी।

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश को लेकर बुधवार को आयोजित बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नर्सिंग पाठ्यक्रमों में अभी तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू न करने पर विश्वविद्यालय प्रशासन व शासन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुये विवि प्रशासन व शासन के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि छात्रों के भविष्य के लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में नर्सिंग कॉलेज एसोशिएसन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुये कहा कि विवि के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के तहत निजी कॉलेजों की 50 फीसदी सीटें भी भर पाना संभव नहीं है, लिहाजा पूर्व की भांति 50 फीसदी सीटें निजी संस्थान संचालकों को एसोसिएशन के माध्यम से भरने की अनुमति दे दी जाए। शेष 50 फीसदी सीटें विवि प्रशासन द्वारा आयोजित प्रवेश प्रक्रिया के तहत आवंटित की जाए। इसके बावजूद रिक्त रहने वाली सीटों को भरने की अनुमति भी एसोसिएशन को दी जाए।

इस पर विवि के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा व तीन काउंसिलिंग के बाद भी रिक्त रहने वाली सीटों को निजी संस्थान न्यूनतम अर्ह शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप स्वयं भर सकते हैं। यह व्यवस्था नर्सिंग पाठ्यक्रम के अधिनियम में विद्यमान है। दोनों पक्षों को सुनने बाद विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने विवि प्रशासन को निर्देशित किया कि समय की बाद्धता को देखते हुये इस बार भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्व की भांति आयोजित की जाए ताकि समय रहते सरकार एवं निजी नर्सिंग कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जा सके।

### अब आगे के लिए यह रहेगी व्यवस्था

अगले शैक्षणिक सत्र के लिए नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी व सुलभ बनाने के लिए एचएनबी चिकित्सा शिक्षा विवि के कुलपति की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित होगी जिसमें दो सदस्य निजी नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के भी शामिल होंगे। समिति की रिपोर्ट व आईएनसी की गाइडलाइन के आधार पर शासन प्रवेश प्रक्रिया के लिए अपने स्तर से नई गाइडलाइन जारी करेगा।

# मेडिकल कॉलेजों की लागत बढ़ने पर मंत्री नाराज

- अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को फटकार
- कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पुनर्गाणन प्रस्तुत करने को सैद्धांतिक रूप से गलत बताया

मुख्य संवाददाता, देहरादून



राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों के साथ बैठक करते चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

**अमृत विचार:** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की बढ़ती लागत पर विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कॉलेजों के निर्माण में हो रही देरी पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुये विभागीय अधिकारियों को नियमित मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए।

राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों- रुद्रपुर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ व हरिद्वार के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों ने विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण दिया। विभागीय मंत्री ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों की लागत में लगातार बढ़ोत्तरी किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यदायी संस्थाओं व विभागीय अधिकारियों की जमकर खिंचाई की। डॉ. रावत ने कहा कि, कार्यदायी संस्थाओं को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाते समय भवन निर्माण के मानकों को ध्यान में रखते हुये आंगणन तैयार करना चाहिए तथा अनुबंध के अनुरूप नियत समय पर कार्यों को पूर्ण भी करना चाहिए।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पुनर्गाणन प्रस्तुत करने को सैद्धांतिक रूप से गलत बताया। कहा कि इससे जहां एक ओर निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में अधिक समय लगता हैं। वहीं सरकार को भी अधिक बजट खर्च करना पड़ता है। उन्होंने भविष्य में इस प्रकार की परम्परा को समाप्त करने को कहा। डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिये किये निर्माण कार्यों की डीपीआर तैयार करने से लेकर कार्य पूर्ण होने तक नियमित मॉनिटिरिंग करें।

### 200 नाली अतिरिक्त भूमि खरीदेंगे

समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के लिए 200 नाली अतिरिक्त भूमि क्रय की जाएगी ताकि कैम्पस का विस्तार किया जा सके। साथ ही, मेडिकल कॉलेज व चिकित्सालय को जोड़ने के लिये वैकल्पिक मार्ग की भी व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने सचिव स्वास्थ्य को शीघ्र जिलाधिकारी अल्मोड़ा के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित कर भूमि व वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेजों के जो भवन एवं छात्रावास तैयार हो गए हैं, उनको विधिवत रूप से हैंडओवर कर लिया जाए।

# कोकून का एमएसपी बढ़ाने को दी मंजूरी

**देहरादून, अमृत विचार:** सचिवालय में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में रेशम कोकून के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। इसके अलावा, आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से राज्य में आपदा से निपटने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर भी प्रस्तुतिकरण दिया गया। रेशम कोकून के एमएसपी में ए श्रेणी के कोकून का मूल्य 400 रुपये से बढ़ाकर 440 रुपये किया गया है जबकि बी ग्रेड के कोकून की कीमत 370 रुपये से बढ़ाकर 395 रुपए प्रति किलो, सी ग्रेड का मूल्य 280 रुपये से 290 रुपये एवं डी ग्रेड के कोकून का मूल्य 230 रुपये से बढ़ाकर 240 रुपये प्रति किलो किया गया है।

# जनता का ध्यान भटकाने का यह हथकंडा : धस्माना

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ यात्रा रूट के दुकानदारों को नाम पट्टिका, फूड लाइसेंस और पहचान पत्र की अनिवार्यता संबंधी आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने दावा किया कि प्रदेश सरकार का यह आदेश न्यायालय की अवमानना है क्योंकि पिछले वर्ष यूपी सरकार द्वारा इसी प्रकार के आदेश पर कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश की सरकार को फटकार लगाई गई थी और उस आदेश पर रोक लगाई गई थी।

बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में धस्माना ने आरोप लगाते कहा कि देश में व भाजपा शासित प्रदेशों में भाजपा जन सरोकारों पर कोई कार्य नहीं कर पा रही है। बेरोजगारी से लेकर महंगाई और ध्वस्त पड़ी कानून व्यवस्था से लोगों का ध्यान हटाने के लिए समय-समय पर भाजपा सरकारें यही हथकंडा अपनाती हैं।

आरोप लगाया कि जैसे होली और ईद एक साथ होने पर देश में धार्मिक उन्माद भड़काने की कोशिश सत्ताधारी दल ने की और जैसे हिन्दू मुस्लिम जनता ने समझदारी दिखाते हुए प्रेमपूर्वक होली और ईदुलफितर मना कर भाजपा के अरमानों पर पानी फेरा उसी प्र कार इस बार भी कांवड़ यात्रा निर्विघ्न पूर्ण होगी।

# पहले देवभूमि ने सपा साफ की अब कांग्रेस की बारी: महेंद्र भट्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कांवड़ यात्रा में सुरक्षा दृष्टि से दुकान से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने की प्रक्रिया को कानून सम्मत बताते हुए स्वागत किया है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से वार्ता में कहा कि, कांवड़ जैसी धार्मिक और आध्यात्मिक यात्रा की पवित्रता और कानून व्यवस्था को बनाए रखना सरकार और हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं, सपा सांसद हसन और कांग्रेस नेताओं के बयान को तुष्टिकरण से प्रेरित बताया। कहा कि, देवभूमि की जनता को यह स्वीकार नहीं हैं, उसने सपा को राज्य से पूरी तरह साफ किया है और इसी लीक पर चलने वाली कांग्रेस भी शीघ्र सफाचट होने की तरफ अग्रसर है।

उन्होंने यूपी के सपा सांसद एसटी हसन द्वारा सरकार की इस कोशिश को पहलगाम के आतंकवादियों से जोड़ने की कठोर शब्दों में आलोचना की। आरोप लगाया कि, सपा तुष्टिकरण की राजनीति के लिए इस तरह के बयान जानबूझकर देती है लेकिन देवभूमि की जनता हमेशा से ऐसी राजनैतिक प्रवृति को सिरे से नकारती रही है। उसने सपा को यहां कभी जमने नहीं दिया और यहां से पूरी तरह समाप्त कर दिया। ठीक यही हाल कांग्रेस का भी होने जा रहा है।

### थूक जिहाद बर्दाश्त नहीं होगा: धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, पवित्र श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान करोड़ों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखंड में पधारते हैं। प्रदेश में आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं और आस्था का सम्मान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उन्हें शुद्ध, सात्विक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो इसके लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि, थूक जिहाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की गई है। सीएम आज गुरुवार को हरिद्वार में कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे।

# 31 अक्टूबर 2026 तक पूरे कर लें काम: सीएस

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को कुंभ मेले की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले के दृष्टिगत सभी प्रकार के स्थायी एवं अस्थायी प्रकृति के कार्य 31 अक्टूबर, 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएं। कार्य समाप्ति की अंतिम तिथि को गम्भीरता से लेते हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने विभागों के नोडल अधिकारी शीघ्र नामित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख स्नान पर्वों पर श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या का आकलन कर उसके अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ के अनुरूप ही घाटों की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने मेलाधिकारी को सभी हितधारकों से लगातार संवाद करते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि टेक्निकल ऑडिट कमिटी और थर्ड पार्टी क्वालिटी कंट्रोल की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। कुम्भ मेले के लिए सभी प्रकार के कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए ए, बी, सी श्रेणियों में बांटे जाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि जिन कार्यों को प्रत्येक स्थिति में कराया जाना है, ऐसे कार्यों के लिए तत्काल कार्यवाही शुरू की जाए।

दिशा-निर्देश — ई-डीपीआर मॉड्यूल से बनेगी डीपीआर, 100 फीसदी लागू होंगे ई-ऑफिस, मुख्य सचिव ने अफसरों को दिए निर्देश

# 1 जुलाई को करें पदोन्नति, वर्ष का न हो नुकसान : सीएस

मुख्य संवाददाता, देहरादून



अधिकारियों के साथ सचिव समिति की बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन ने निर्देश दिए कि सभी विभागों में रिक्त पदों के सापेक्ष पात्र कर्मियों की चयन वर्ष में पदोन्नति अनिवार्य रूप से 1 जुलाई को कर लें ताकि कार्मिकों को पदोन्नति में वर्ष का नुकसान न हो। विभाग की लापरवाही का नुकसान कार्मिकों को नहीं होना चाहिए।

सचिवालय में बुधवार को आयोजित सचिव समिति की बैठक में सीएस ने सभी सचिवों को अपने विभागों के अन्तर्गत करने वाले कार्यों के लिए ई-डीपीआर (इलेक्ट्रॉनिक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) मॉड्यूल लागू करने के निर्देश दिए। कहा कि डीपीआर तैयार करने से लेकर सरकार तक पहुंचने तक की गतिविधि ई-डीपीआर के माध्यम से की जाए। इसका क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग शत-प्रतिशत ऑनलाइन करें। यूकेपीएफएमएस से सभी कर्मियों की सर्विस बुक डाटा अपडेट करें। आईएफएमएस डेटा का डिजिटाइजेशन करने के लिए आईएफएमएस मैकेनिज्म मजबूत करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मियों व वाहन चालकों के जीपीएफ सम्बन्धी डेटा को अपडेट करने के निर्देश दिए।

### डीएम के साथ वीसी सिर्फ शुक्रवार शाम

सीएस ने कहा कि विभिन्न विभाग जिलाधिकारियों को अलग-अलग दिन अलग-अलग समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अनावश्यक व्यस्त रखते हैं। अब इसके लिए शुक्रवार शाम का समय निर्धारित किया गया है। विशेष परिस्थितियों के अतिरिक्त जिन भी विभागों को जिलाधिकारियों के साथ बैठक करनी हैं, वे प्रत्येक शुक्रवार शाम जिलाधिकारियों के साथ बैठक में अपनी बात रख सकते हैं।

### शीघ्र लें प्रथम नियुक्ति के कार्यस्थल गोद

सीएस ने शीघ्र ही भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय नियुक्ति के कार्यक्षेत्र (विकासखंड, तहसील और जिला मुख्यालय) को गोद लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

### बायोमैट्रिक उपस्थिति 100 फीसदी

सीएस ने सभी सचिवों को अपने-अपने विभागों के अंतर्गत 100 प्रतिशत ई-ऑफिस शीघ्र लागू करने के निर्देशों के साथ ही विभागों में 100 प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति लागू करने आदि के निर्देश दिए।

# अब हर जिले में खोले जाएंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय

- प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों के अधिनियम-2023 में किया जाएगा संशोधन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश के सभी जनपदों में संस्कृत शिक्षा के अंतर्गत गुरुकुल पद्धति के विद्यालय स्थापित होंगे। इसके लिए संस्कृत विभाग ठोस प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालयों की तरह ही दूरस्थ क्षेत्रों में संस्कृत विद्यालय स्थापित होंगे। संस्कृत महाविद्यालयों के सही वर्गीकरण को अधिनियम-2023 में संशोधन किया जाएगा।

संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को संस्कृत शिक्षा से जुड़े विद्यालयों एवं महाविद्यालयों शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कहा कि संस्कृत शिक्षा के अंतर्गत सूबे के प्रत्येक जनपद में एक-एक विद्यालय गुरुकुल पद्धति की तर्ज पर स्थापित किया जाएगा ताकि सूबे की द्वितीय राजभाषा संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाई जा सके। उन्होंने प्रदेश के पिछड़े विकासखंडों में आश्रम पद्धति आधारित आवासीय विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव भी शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विभाग में जनपद स्तर पर कार्यरत सहायक निदेशकों को आहरण-वितरण का अधिकार देने के लिये वित्त व कार्मिक विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

संस्कृत शिक्षा के अंतर्गत प्रशासनिक संवर्ग की नियमावली-2024 में संशोधन करते हुए नियमावली- 2011 की तर्ज पर तैयार करने और शैक्षणिक संवर्ग के अधिनियम-2023 में भी संशोधन करने के निर्देश दिए ताकि शिक्षकों को समय-समय पर पदोन्नति मिल सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संस्कृत महाविद्यालयों के वर्गीकरण को लेकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में प्रबंधकीय व्यवस्था पर कार्यरत शिक्षकों के मानदेय वृद्धि, संस्कृत विवि में कुलसचिव पद पर नियुक्ति, विवि में प्रस्तावित बी.एड. व परीक्षा भवन के निर्माण आदि पर चर्चा की गई।

**आज का मौसम**

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.17 | सूर्यास्त 19.15

**शहर में आज**

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों के लिए नामांकन ब्लॉक कार्यालय में सुबह 10 बजे
- नगर निगम की टीम ओर से विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा

### हल्द्वानी ब्लॉक में प्रेमपुर लोश्ज्ञानी सबसे बड़ी ग्राम सभा तो चौसला सबसे छोटी ग्राम सभा में है शुमार

# सबसे बड़ी और छोटी ग्राम सभा संवेदनशील घोषित

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गए हैं। हल्द्वानी ब्लॉक में कई ग्राम सभाओं को संवेदनशील ग्राम सभा माना गया है। इसमें चौसला ग्राम सभा भी संवदेनशील है, जो कि पूरे ब्लॉक में सबसे कम मतदाताओं वाली ग्राम सभा है। इसके साथ ही सबसे बड़ी ग्राम सभा प्रेमपुर लोश्ज्ञानी भी संवेदनशील की श्रेणी में है।


हल्द्वानी ब्लॉक कार्यालय से जानकारी मिली कि चौसला ग्राम सभा में कुल 516 मतदाता हैं। इनमें 243 महिलाएं और 273 पुरुष मतदाता हैं। सबसे छोटी ग्राम सभा होने के साथ ही यह संवेदनशील भी है। यह सीट अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। इस ग्राम सभा का मतदान राजकीय जूनियर हाईस्कूल चौसला में होगा। इसके साथ ही न्याय पंचायत देवलचौड़ के अंतर्गत आने वाली प्रेमपुर लोश्ज्ञानी ग्रामसभा सबसे बड़ी ग्राम सभा है और यह भी संवेदनशील ग्राम सभा की श्रेणी में शामिल है। यह ग्राम सभा भी अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित की गई है। यहां कुल 6455 मतदाता हैं। जिसमें 3195 महिला, 3259 पुरुष और एक वोटर अन्य श्रेणी का है। प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राप्रावि प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, आंगनबाड़ी केंद्र और राउमावि प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में वोट डाले जाएंगे। गौरतलब है कि पूरे विकासखंड में कुल 60 ग्राम सभाएं हैं।

**हल्द्वानी ब्लॉकः अति संवेदनशील ग्राम सभाएं**

लाखनमंडी, चोरगलिया आमखेड़ा, सीतापुर, सुंदरपुर रैक्वाल, लछमपुर, देवलामल्ला, खेड़ा, हिम्मतपुर बैजनाथ, आनंदपुर, देवलचौड़ खाम, धौलाखेड़ा, जयपुर खीमा, जग्गीबंगर, बमेठाबंगर, दुम्काबंगर बच्चीधरमा, हल्दूचौड़ दीना, हल्दूचौड़ जग्गी

**संवेदनशील ग्राम सभाएं**

बसानी, चौसला, लामाचौड़ खास, रामपुर लामाचौड़, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, हल्दूपोखरा नायक, करायल चतुरसिंह, देवलचौड़ बंदोबस्ती, चांदनीचौक घुड़दौड़ा, हिरपुर जमनसिंह, बैड़ापोखरा, हरिपुर तुलाराम, फत्ताबंगर, हैड़ागज्जर, हरिपुर पूर्णानंद, हाथीखाल, किशनपुर सकुलिया, जयपुर बीसा, बमेठाबंगर, खड़कपुर, दुर्गापालपुर परमा




# जिपं. सीटः भाजपा में घमासान, तीन मोर्चों पर दावेदारी

## जिला पंचायत सदस्य की सीट के टिकट को लेकर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में मची होड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव की बिगुल बजते ही भाजपा में टिकट को लेकर घमासान छिड़ गया है। जिला पंचायत सदस्य की एक-एक सीट पर तीन मोर्चों पर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दावेदारी ठोक दी हैं। आशंका है कि एक सीट पर 'त्रिस्तरीय' दावेदारी अंदरुनी कलह सतही होने के साथ ही भितरघात भी बढ़ा सकती है हालांकि जिला संगठन इसे नकार रहा है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बुधवार से नामांकन शुरू हो चुके हैं। इसी के साथ ही जिला पंचायत सदस्य की सीटों को लेकर भी आपसी संघर्ष शुरू हो गया है। सूत्रों की मानें तो सबसे हॉट सीट रामड़ी आन सिंह पनियाली हैं। यहां से निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रशासक बेला तोलिया, वरिष्ठ भाजपा नेता लाखन निगल्टिया ने पत्नी उमा निगल्टिया, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद वोरा ने पत्नी छवि कांडपाल वोरा के लिए दावेदारी ठोक दी हैं। इनमें एक विधायक तो एक मेयर के करीबी बताए जाते हैं। तीनों ही उक्त क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वर्तमान राजनैतिक समीकरणों को देखते हुए तीनों की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। वहीं जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी भी तीनों को लेकर संशय में हैं। इसी तरह जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल की परंपरागत सीट देवलचौड़ बंदोबस्ती सीट भी महिला के लिए आरक्षित हो गई है। इसके बाद दरम्वाल ने पत्नी दीपा दरम्वाल, भाजपा कार्यकत्री सिमरन कौर ने दावेदारी की है। वहीं कांग्रेस से भी उम्मीदवार के चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा। इसके अलावा रानीबाग में भी भाजपा के जिला मंत्री योगेश रजवार की पत्नी भावना रजवार, महिला मोर्चा की पदाधिकारी भागीरथी पलड़िया व वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश भट्ट ने भी पत्नी के लिए टिकट मांगा है। लगभग हर सीट पर तीन से चार उम्मीदवार दावेदारी ठोक रहे हैं। इसे देखते हुए भाजपा में पंचायत चुनाव में अंतर्कलह बढ़ सकती है। पंचायत चुनाव के बाद अगले वर्ष विस चुनाव की तैयारियां होनी हैं ऐसे में भाजपा कोई भी गलती नहीं करना चाहती है।

**सिंबल मिला तो सबको एक होना होगा**

**हल्द्वानी :** भाजपा पदाधिकारियों की मानें तो यदि पंचायत चुनाव में जिपं उम्मीदवार को सिंबल (कमल का फूल) जारी किया जाता है तो व्हिप जारी हो जाएगा। सभी सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को उक्त उम्मीदवार को चुनाव लड़ाना होगा लेकिन यदि सिंबल नहीं दिया तो सभी अपने-अपने को लेकर चुनावी ताल ठोक सकते हैं। ऐसे में भाजपा में गुटबाजी बढ़ेगी।



'बुधवार की देर रात या गुरुवार तक समर्थित उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। हाईकमान जो भी निर्णय लेगा, सभी को मान्य होगा। भाजपा एक लोकतांत्रिक दल है, इस वजह से यहां दावेदारों की संख्या ज्यादा रहती है। -**प्रताप बिष्ट,** जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल

**रामड़ी आनसिंह से बेला को टिकट**



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की सहमति के उपरांत जिपं.सदस्य के लिए बुधवार देर रात रामड़ी आन सिंह सीट से बेला तोलिया के नाम की घोषणा कर दी है।

# पहले दिन आठ प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

संवाददाता, हल्द्वानी

**06** प्रधान प्रत्याशी सहित कुल आठ नामांकन

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बुधवार को पहले दिन कई प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। हल्द्वानी ब्लॉक कार्यालय में सुबह से ही भीड़ रही।

प्रत्याशी सुबह से ही नामांकन कराने के लिए लोग पहुंच गए। प्रधान पद के लिए कुछ छह नामांकन हुए। जिसमें पांच महिला और एक पुरुष प्रत्याशी ने नामांकन कराया। इसी तरह क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। इनमें एक महिला और एक पुरुष प्रत्याशी ने अपना नामांकन कराया। कुल आठ प्रत्याशियों ने अपना पर्चा भर दिया है। इधर नामांकन की वजह से ब्लॉक कार्यालय में काफी भीड़ थी। एडीएम विवेक राय ने भी कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नामांकन स्थल पर पूरी तरह से शांति व्यवस्था रखी जाए। आचार संहिता का पूरी तरह से पालन हो। साथ ही किसी भी तरह की अराजकता नहीं होने दी जाए। इधर ब्लॉक कार्यालय के एक अन्य कक्ष में मतदाता पत्रों की जांच चल रही थी। ब्लॉक कार्यालय के अनुसार ब्लॉक में कुल 60 ग्राम सभाएं और 39 क्षेत्र पंचायत सदस्य क्षेत्र हैं।

## भाजपा ने जिपं. के 20 प्रत्याशियों की घोषणा की

**हल्द्वानी :** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की सहमति एवं जिला चुनाव समिति से चर्चा के उपरांत नैनीताल जिला पंचायत के वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। जिसमें ओखलकांडा मल्ला से हेमचन्द्र सुयाल, ढोलीगांव से बहादुर सिंह नगदली, दीनीतल्ली से जीवन बर्गली, सरना से रेखा देवी, गहना से ज्योति आर्य, दाडिमा से गीता सुयाल, चौखुटा से गौरव बिष्ट, सिमलखों से आनंद सिंह जलाल, सिमलखों, सावल्दे पश्चिमी से दीप चंद, मालधनचौड़ से अनिता आर्य, तलिया से खुशहाल सिंह बिष्ट, गुजारपुरबंकी से आरती टम्टा, चौरगलिया आमखेड़ा से अनिता बेलवाल, देवलचौड़ बंदोबस्ती से दीपा दर्मवाल, रामड़ी आन सिंह से बेला तोलिया, जंगलिया गांव से अनिल चनौतिया, मेहरागांव से अंबादत्त आर्य, ज्योलीकोट से आशा गिरी, अमृतपुर से भावना रजवार और भवालीगांव से रोहित आर्या को जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी घोषित किया है।

## चुनाव के बहिष्कार का फैसला लिया वापस

**भीमताल, अमृत विचार :** पंचायत चुनाव से ठीक पहले भीमताल ब्लॉक के हैंड़िया गांव के ग्रामीणों की ओर से चुनाव बहिष्कार की घोषणा से प्रशासन में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की मांग थी कि गांव की सिंचाई नहर पर प्रस्तावित चेक डैम का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। जिसके लिए सिंचाई विभाग द्वारा 2 करोड़ 12 लाख की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक मंगलवार को हैंड़िया गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पंचायत चुनाव के संपन्न होते ही चेक डैम निर्माण कार्य में आ रही सभी बाधाओं को दूर कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक की ओर से आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के बहिष्कार का फैसला वापस ले लिया।

## निर्वाचन के कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन हुआ

**नैनीताल, अमृत विचार :** बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत वंदना की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत निर्वाचन कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने अवगत कराया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के सफल संचालन के लिए पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ की नियुक्ति को रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों में निर्वाचन कार्यों को संपन्न कराए जाने के लिए कुल 7747 मतदान कार्मिकों की कंप्यूटर में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग का कार्य किया गया था। जिसमें से 2474 महिला कार्मिक भी शामिल थी। जनपद में रिजर्व सहित कुल 5235 कार्मिकों की आवश्यकता है। जिसमें से 697 महिला कार्मिक भी शामिल हैं, जोकि द्वितीय मतदान अधिकारी के रूप में कार्य करेंगी। प्रथम रेंडमाइजेशन में 23% रिजर्व सहित कुल 1047 मतदान पार्टियां तैयार हो गई हैं। मतदान पार्टी में एक पीठासीन व 4 मतदान अधिकारी कुल 5 कार्मिक तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन में इन मतदान पार्टियों को विकासखंड तथा तृतीय रेंडमाइजेशन में बूथ आवंटित होगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीपी जायसवाल व जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश तिवारी मौजूद रहे।



कोटाबाग ब्लॉक में नामांकन पत्र जमा करता एक प्रत्याशी। ● अमृत विचार

## कोटाबाग में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए

**कालाढूंगी :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कोटाबाग ब्लॉक में बुधवार को विभिन्न पदों के लिए 228 नामांकन पत्र बिके। 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किये। अपर जिलाधिकारी व जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय में पहुंचकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों नामांकन प्रक्रिया व चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। रिटर्निंग आफिसर मनोज गंगवार ने बताया कि मंगलवार को 99 व आज 228 नामांकन पत्रों की ब्रिकी हुई है। 12 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र जमा किये। ग्राम प्रधान पद के लिए 145, क्षेपंस के लिए 76 व वार्ड मेंबर के लिए 104 नामांकन पत्र बिके हैं। न्याय पंचायत बैलपडाव में 14 वार्ड मेंबर, 34 ग्राम प्रधान व 23 क्षेपंस, स्यात में 1 वार्ड मेंबर, 8 ग्राम प्रधान व 7 क्षेपंस, गिंतीगांव में 29 ग्राम प्रधान, 18 क्षेपंस व 65 वार्ड मेंबर, डोला में 19 ग्राम प्रधान, 10 क्षेपंस व 14 वार्ड मेंबर, अमगड़ी में 6, क्षेपंस 3, 8 ग्राम प्रधान, वार्ड नं 5 कालाढूंगी में 47 ग्राम प्रधान, 16 क्षेपंस व 35 वार्ड मेंबर प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदें हैं। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी मनोज गंगवार व नोडल उपजिलाधिकारी न्यायिक रेखा कोहली व खंड विकास अधिकारी श्वेता सैनी रहे।

# मजिस्ट्रेटों ने जानी चुनाव की बारीकियां

- **बागजाला स्थित प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर हुआ प्रशिक्षण**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की ओर से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर बुधवार को बागजाला स्थित प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में जनपद नैनीताल के 27 जोनल, 77 सेक्टर एवं 37 रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर एचबी चंद ने चुनाव प्रक्रिया, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की जिम्मेदारियों, रवानगी से पूर्व आवश्यक सामग्री तथा मतदान के उपरांत सील्ड मतपेटियों को स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित जमा करने की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखें और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में उच्च अधिकारियों को तुरंत अवगत कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने कहा कि किसी भी प्रकार की शंका होने पर मास्टर ट्रेनर से समाधान ले सकते हैं। चुनाव में आचार संहिता का पूरी पालन किया जाए। सभी जिम्मेदार अफसरों को निर्देश दिए कि मतदान से पूर्व सभी बूथों का निरीक्षण कर लें ताकि किसी भी कमी को समय से बता दिया जाए जिससे उसका निस्तारण हो सके। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि चुनाव में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इसलिए सभी अफसर आपसी समन्वय बना कर काम करें। जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि कुल 141 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। आगामी 9 एवं 10 जुलाई को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा जबकि 18 एवं 19 जुलाई को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण होगा। 29 जुलाई को मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण प्रस्तावित है। इसमें सभी नामित जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण जानकारियां देते एडीएम विवेक राय। ● अमृत विचार

## रामनगर में पहले दिन 14 नामांकन पत्र हुए दाखिल

**रामनगर, अमृत विचार :** रामनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही विकाखंड कार्यालय में चहल-पहल बढ़ गई है। नामांकन पत्र खरीदने वालों की भीड़ विकास कार्यालय में देखने को मिली। क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए सात नामांकन, प्रधान के लिए 6 नामांकन, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए एक नामांकन पत्र दाखिल हुए। रामनगर विकासखंड की चुनाव अधिकारी अधिशासी अभियंता नलकूप प्रिया सैनी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 28 जुलाई की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा और 31 जुलाई को सुबह 8 बजे से राजकीय महाविद्यालय सभागार में मतगणना का कार्य शुरू होने के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि रामनगर विकासखंड में चार न्याय पंचायतों में 50 ग्राम प्रधान, 31 क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं तीन जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकासखंड के अंतर्गत 76,270 मतदाता है। इनमें 174 मतदाता दिव्यांग है। बताया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदेय स्थलों पर मतदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विकासखंड में 133 बूथ बनाए गए हैं। बुधवार को ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 40, ग्राम प्रधान के पद के लिए 103 और क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 65 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

**तैनाती** इंजीनियरों को चुनाव ड्यूटी में नहीं किया गया है शामिल, बारिश के दौरान चुनाव कराना प्रशासन के लिए बन गया चुनौती

# मौसम के मद्देनजर चुनाव में जेसीबी के साथ मौजूद रहेंगे इंजीनियर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** इस बार पंचायत चुनाव बारिश के दौरान हैं। मतदान 24 और 28 जुलाई होंगे। यह महीना मानसून का महीना है और इस दौरान नैनीताल जिले में जमकर बारिश होती है। ऐसे में प्रशासन के सामने मौसम की चुनौती से पार पाना होगा।

मानसून की बारिश शुरू हो गई है। नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के दौरान नदी, नाले, नौले, गाड़ और गधेरे उफान पर आ जाते हैं। इसके साथ ही भूस्लखन और मलबा आने की वजह से सड़कें बंद हो जाती हैं। बारिश के दौरान कभी-कभी सड़कें हफ्तों बंद रहती हैं। इस दौरान ग्रामीणों का संपर्क कट जाता है और केवल पैदल मार्ग का विकल्प बचता है। एडीएम विवेक रायत ने बताया कि जुलाई में पहले भी चुनाव हुए हैं। साथ ही हम पूरी रिपोर्ट बना रहे हैं, बारिश के दौरान कहां-कहां खतरा हो सकता है। चुनाव में लोनिवि व सड़कों से जुड़े अन्य विभागों के इंजीनियरों की ड्यूटी नहीं लगाई है बल्कि इनकी ड्यूटी दूसरे तरह से होगी।

भूस्लखन संभावित स्थानों पर सभी जगहों पर जेसीबी तैनात रहेंगी। इंजीनियर पूरी तरह से अलर्ट पर रहेंगे। कहीं भी इस तरह की घटना होती है तो मार्ग को खुलवाया जाएगा, जिससे मतदान प्रक्रिया में बाधा नहीं आए। साथ ही कहा कि चुनावकर्मी को बस्ते इस तरह के दिए जाएंगे कि बारिश के दौरान भी फर्क नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि चुनावकर्मियों को हर तरह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस, पीआरडी, होमगार्ड सभी को बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली बाधा को दूर करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



ब्लॉक कार्यालय में मतदाता पत्रों की जांच करतीं कर्मचारी। ● अमृत विचार

**मतदान का बहिष्कार करने वालों से करेंगे संपर्क**

**हल्द्वानी :** ब्लॉक कार्यालय में एडीएम विवेक राय ने कहा कि सभी मतदान कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि अपने बूथों से पूरी तरह से परिचित हो जाएं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों के लिए पुलिस को अवगत कराया जाएगा। नामांकन कराने के लिए लोगों में उत्साह है। कहा कि मतदान का बहिष्कार करने वालों से संपर्क किया जाएगा। यदि उनकी कोई ऐसी समस्या है, जिसको प्रशासन स्तर से दूर किया जा सकता है तो उसे तुरंत ही दूर किया जाएगा। साथ ही हमारा सभी ग्रामीणों से कहना है कि उनकी किसी भी समस्या का समाधान इसी चुनाव से निकलेगा।



## सार-संक्षेप




पौधरोपण करते छात्र-छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भीमताल :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में एक पेड़ मां के नाम के तहत वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान वन विभाग की टीम व छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और फूलों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रभारी प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि आज अधिक से अधिक पौधे रोपित करने की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक संख्या में अपने आसपास के क्षेत्र में पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आरक्षी बडोन महेंद्र सिंह चमियाल, हरेंद्र चीलवाल, शिक्षिका उमा जोशी, प्रियंका, मिथिलेश, कमल कुमार, रघुवर सिंह चुलगाई , पुष्कर मेहता, प्रकाश बिष्ट, राम सिंह चीलवाल, हरभजन सिंह चीलवाल आदि मौजूद थे।

### लापरवाही: मरम्मत के बावजूद मार्ग में हो गए गड्ढे

**भीमताल :** लगभग एक माह पूर्व भीमताल-हल्द्वानी मार्ग पर मरम्मत कार्य किया



गया था। वर्तमान में मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। स्थानीय निवासी और पूर्व सभासद नगर पालिका भूपेंद्र कन्नौजिया ने कार्य की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जब कार्य चल रहा था, तब भी उनके द्वारा लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों को इस कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद निम्न गुणवत्ता का कार्य विभाग द्वारा जारी रहा। नतीजन अब सड़क में कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। इस कारण कई दोपहिया वाहन चालक चोटिल भी हो गए हैं। भूपेंद्र कन्नौजिया ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



कार्यों का निरीक्षण करतीं नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

### गुणवत्ता के साथ तय समयावधि में पूरा करें कार्य

**भीमताल :** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भीमताल सीमा टम्टा और सभासद वार्ड संख्या दो विमला आर्य ने वार्ड संख्या दो चुरुगुन, साकेत कॉलोनी क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्र में चल रहे सीवर प सड़क योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अफसरों को गुणवत्ता के साथ तय समयावधि में कार्य करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, अवर अभियंता हर्षित कुमार, विपिन सनवाल, बीसी भगत, विनोद कुमार, जगदीश नौगाई व रमेश लोहानी आदि मौजूद थे।

### कुलदीप बने एसबीआई स्टाफ एसो. के दिल्ली सर्किल अध्यक्ष

**रामनगर :** भारतीय स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन के दिल्ली सर्किल के लिए



कुलदीप सिंह बवेजा को अध्यक्ष बनाया गया है। उनके अध्यक्ष बनने पर प्रशासनिक कार्यालय हल्द्वानी, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय हल्द्वानी एवं स्थानीय शाखाओं में मिष्ठान वितरण किया गया। उनके बैंक के प्रशासनिक कार्यालय कुसुमखेड़ा में पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सहायक महासचिव चंदन सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय सचिव ओम प्रकाश नियोलीया, आंचलिक सचिव रमेश बिष्ट ,लोकेश गुरुरानी, हेम आर्या, राजेंद्र सिंह भोजक समेत कई लोग मौजूद रहे।

### टोल टैक्स का संशोधित गजट नोटिफिकेशन होगा जारी

**नैनीताल :** पालिका ने टोल टैक्स के गजट नोटिफिकेशन में संशोधन का मन बनाया है। बुधवार को बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से संशोधित गजट नोटिफिकेशन जल्द जारी करने का फैसला लिया गया। तब तक पूर्व में तय दरों पर ही वाहनों से प्रवेश शुल्क वसूला जाएगा। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने बताया कि स्थानीय नागरिकों के वाहनों के लिए शुल्क में बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। जिले में पंजीकृत दोपहिया वाहनों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। बाहर के व्यावसायिक वाहनों के लिए सालाना तीन हजार रुपए व बड़े वाहनों के लिए पांच हजार रुपए का पास बनाया जाएगा। इस दौरान सभासद मुकेश जोशी मंटो, सपना बिष्ट, शीतल कटियार, अंकित चंद्रा, काजल आर्या, राकेश पवार, रमेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### हल्द्वानी में बारिश रुकने के बाद पारे में आया उछाल

**हल्द्वानी :** बारिश रुकने के साथ ही गर्मी एक बार फिर से लोगों को परेशान करने लगी है। बुधवार को हल्द्वानी में काफी तेज धूप निकली, जिससे लोग परेशान रहे। हल्द्वानी में विगत एक सप्ताह से रुक-रुक कर बारिश हो रही थी। जिस वजह से पारे में काफी गिरावट आई थी और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। शहर में 29 जून को पारा 27 डिग्री और 30 जून को 28 डिग्री दर्ज किया गया था। बुधवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 35 .5 डिग्री रहा जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा था। साथ ही न्यूनतम तापमान 26 .4 डिग्री दर्ज किया गया है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 23 .5 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार अगले दो दिनों तक नैनीताल जिले में हल्की बारिश होने की संभावना है।

# टीले की सुरक्षा के लिए अक्टूबर में शुरू हो पाएगा दूसरे चरण का कार्य

## गिरिजा देवी मंदिर में पहले चरण का कार्य पूरा, 2010 में बाढ़ की वजह से टीले में आई थी दरारें


संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड की आस्था का प्रतीक मां गिरिजा देवी के टीले की सुरक्षा के लिए दूसरे चरण का काम अक्टूबर माह में शुरू होगा। पहले चरण का काम पूरा हो चुका है।

साल 2010 की विनाशकारी बाढ़ के बाद मंदिर के टीले में दरारें आई थीं। उस समय मंदिर के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया था। अब सरकार और विशेषज्ञों की सक्रियता से मंदिर के टीले का पुनर्रुद्धार कार्य तेजी से हो रहा है। सिंचाई विभाग ने लगातार शासन को टीले की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजे। मई 2024 में पहले चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब मानसून सत्र के बाद अक्टूबर-नवंबर से



दूसरे चरण का कार्य शुरू किया जाएगा। भू-तकनीकी वैज्ञानिक भास्कर पाटनी ने बताया कि गिरिजा मंदिर के टीले पर डिटेल स्टडी के बाद सामने आया कि चारों ओर से नदी के तेज बहाव और ईरोजन के कारण काफी स्कवरींग हो चुकी थी। इससे टीला खोखला हो चला था। उन्होंने बताया कि पहले चरण में शॉर्ट ग्रीटिंग तकनीक का इस्तेमाल कर टापू की सुरक्षा की गई है। नदी द्वारा काटे जा रहे पुराने बीसीसी ब्लॉक्स को अतिरिक्त कंक्रीट से मजबूत किया गया है। आईआईटी, सिंचाई विभाग और तकनीकी विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने मिलकर इस टीले के लिए एक स्थायी समाधान तैयार किया है। दूसरे चरण में अक्टूबर के बाद आरसीसी ग्लैडिंग की जाएगी और पूरे टीले के हिस्से की जैकेटिंग कर उसे मजबूत किया जाएगा। इसके लिए लोड कैलकुलेशन और डिजाइन प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। अब सरकार की बजट स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला ने बताया कि पहले चरण के कुछ डिजाइन में बदलाव कर उसे रिवाइज किया गया है। अब 12 करोड़ रुपये की योजना शासन को भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही अक्टूबर माह से दूसरा चरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।



शराब की दुकान का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी नैनीताल।

# ओवररेटिंग की शिकायत सही मिली, जवाब-तलब

संवाददाता, भीमताल

- शिकायतों का संज्ञान लेकर एसडीएम ने किया दुकान का निरीक्षण

**अमृत विचारः** शराब की ओवररेटिंग की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी नवाजिश खलीक ने भीमताल स्थित शराब की दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूले जाने की शिकायत को सही पाया गया। एसडीएम ने बताया कि दुकान पर स्टॉक रजिस्टर ठीक नहीं पाया गया। साथ ही उपभोक्ताओं से स्वाइप मशीन के माध्यम से अतिरिक्त चार्ज वसूला जा रहा था, जोकि नियमों के विरुद्ध है। मौके पर ही संबंधित कर्मियों से जवाब-तलब किया गया और पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी नैनीताल को भेजी जा रही है। एसडीएम ने आबकारी विभाग को भी इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं से एमआरपी से अधिक मूल्य वसूलना अपराध है। ऐसी किसी भी शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा।

# आवारा गोवंश की समस्या पर फूंका सरकार का पुतला

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचारः** आवारा गोवंश से आएदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से गुस्साए अखिल भारतीय किसान महासभा व माले कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह चौक काररोड बिंदुखत्ता में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। इस दौरान मृतकों के परिजनों को 50 लाख एवं घायलों को 10 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की गई।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि आवारा गोवंश की वजह से लोगों का सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। एक दिन पूर्व लामाचौड़ निवासी युवक अंकित किरौला गाय के झुंड से टकराकर घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने तक डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ दिन पहले रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप के 21 वर्षीय नौजवान ने खटीमा में गाय से टकराकर जान गंवा दी। प्रतिदिन इन गोवंश के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य विमला रौथाण ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना भी साधा। प्रदर्शन करने वालों में किसान महासभा नेता किशन बघरी, माले के बिंदुखत्ता एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया, अनिता अन्ना, आइसा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, निर्मला शाही, आनंद सिंह दानू, पुराना बिंदुखत्ता एरिया सचिव नैन सिंह कोरंगा, राजेंद्र बोरा व कल्लू आदि शामिल रहे।

## डीएसबी में प्रवेश को कमेटियों का गठन

**नैनीतालः** डीएसबी परिसर में नए सत्र की प्रवेश-प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। सभी संकायों के संकायाध्यक्षों ने प्रवेश समितियों का गठन कर दिया है। कुमांऊ विश्वविद्यालय ने नए सत्र के प्रवेश के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की है। जिसके बाद कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रवेश-प्रक्रिया के लिए डीएसबी परिसर में कमेटी गठित कर दी गई है। कला संकाय व वाणिज्य विभाग के प्रवेश के लिए एक-एक कमेटी गठित हुई है। विज्ञान वर्ग के प्रवेश के लिए दो कमेटियों का गठन किया गया है। स्ववित्तपोषित कोर्सों के लिए भी कमेटियां बनाई गई हैं। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो.चित्रा पांडे ने बताया कि 10 जुलाई को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि है।

# नौकुचियाताल झील किनारे से अतिक्रमण हटाए प्रशासन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** नौकुचियाताल टूरिज्म बिजनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल जोशी ने कहा कि नौकुचियाताल क्षेत्र में झील के चारों तरफ अतिक्रमण होने से पर्यटन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से झील किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।



राहुल जोशी।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि नौकुचियाताल झील के किनारे कई नाव जीर्णशीर्ण



झील में अतिक्रमण कर रखी गई नावें। ● अमृत विचार

अवस्था में पड़ी हैं। इतना ही नहीं झील के चारों तरफ अतिक्रमण होने से पर्यटन प्रभावित हो रहा है। पर्यटक खुलकर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। बताया कि प्रतिदिन कूड़ा नहीं उठने के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। बताया कि वह इस संदर्भ में पहले भी सिंचाई विभाग और अन्य अफसरों को जानकारी दे चुके हैं। झील के किनारे अतिक्रमण हटाया जाना अति आवश्यक है। कहा कि अतिक्रमण के चलते झील की सुंदरता प्रभावित होती है।



मुख्यमंत्री से भेंट करते पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

# सीएम के समक्ष उठाया उप तहसील का मुद्दा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** भीमताल में उप तहसील खोले जाने की मांग अब जोर पकड़ती जा रही है। भाजपा के पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला और उप तहसील निर्माण और केंद्रीय विद्यालय के उद्घाटन के लिए विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि भीमताल में उप तहसील खोले जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। इतना ही नहीं केंद्रीय विद्यालय का भवन बनकर तैयार है, जिसका उद्घाटन होना है। मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही भीमताल आने का आश्वासन शिष्टमंडल को दिया है।

# साजिश कर बेच दी पहले से बिकी जमीन, मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिस जमीन को तीस साल पहले बेच दिया गया था, उसी भूमि को जमीन के पहले मालिक ने दोबारा बेच डाला। मामले का खुलासा हुआ तो पीड़ित ने मंडलायुक्त दीपक रावत से गुहार लगाई। मामला सही पाए जाने पर मंडलायुक्त ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले में काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बरेली रोड हल्द्वानी निवासी अब्दुल माजिद ने मंडलायुक्त दीपक रावत को प्रार्थना पत्र देकर एक न्याय की गुहार लगाई थी। माजिद का कहना है कि करीब तीन दशक पहले वर्ष 1993 व 1995 में मो. इकराम, मो. इरफान, मजीदन और उनके परिवारजनों ने ग्राम देवला तल्ला पजाया की कृषि भूमि उन्हें, उनके भाई अब्दुल वाजिद और मो. यासीन को रजिस्ट्री के माध्यम से बेची थी, जिसका उन्होंने दाखिल खारिज भी करा लिया था। लंबे समय से यह भूमि अब्दुल माजिद और उनके परिवार के कब्जे में थी तथा राजस्व अभिलेखों में भी उनके नाम दर्ज थे। माजिद का आरोप है कि राजस्व विभाग की गलती से विक्रेताओं के नाम आज भी खसरे में सह खातेदार के रूप में दर्ज हैं। कई बार उन्होंने इस त्रुटि को सुधारने के लिए राजस्व निरीक्षक को प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

उनका कहना है कि इस गलती का फायदा उठाकर मो. इकराम, मो. इरफान और मजीदन ने 12 जुलाई 2024 को भूमि के हिस्सों को संध्या बोरा नाम की महिला को 31 लाख में फिर से बेच दिया। माजिद का कहना है कि संध्या बोरा ने भूमि खरीदते समय न तो भौतिक रूप से मौके पर मुआयना किया और न ही राजस्व अभिलेखों का निरीक्षण किया। यदि संध्या ने मौके पर जाकर या राजस्व विभाग से पूछताछ की होती तो उसे मालूम पड़ जाता कि विक्रेताओं के पास अब कोई भूमि शेष नहीं थी। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सामने आई पुलिस और प्रशासन की लापरवाही

हल्द्वानी : इस फर्जीवाड़े की जानकारी मिलने के बाद माजिद ने 20 जुलाई 2024 को तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें पूरे घटनाक्रम का ब्योरा दिया गया। तहसीलदार ने मौखिक रूप से उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके अलावा माजिद ने थाना काठगोदाम में भी इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई, जहां पुलिस ने जांच शुरू करने की बात कही। माजिद ने प्रशासन से मांग की है कि इस साजिश में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सौतेले पिता ने बेटी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**कालाढूंगीः** रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने आरोपी कथित सौतेले पिता को पॉक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यहां रहने वाले एक सौतेला पिता ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया है। मां की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना बीते मंगलवार देर शाम की है। पिता सौतेली 8 वर्षीय बेटी को खाने का सामना दिलाने के बहाने दुकान ले गया। आरोप है कि इस दौरान उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने घटना की आपबीती मां को सुनाई, तो मां के होश उड़ गए। मां ने पुलिस चौकी बैलपड़ाव में पहुंचकर तहरीर दी। उधर इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता ने बताया कि आरोपी को पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

**मौसम का मिजाज** सैलानियों की आमद घटने से बुधवार को शांत नजर आया शहर, पंत पार्क की रौनक रही गायब, वीकेंड पर ही पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना

# सरोवर नगरी में शाम को बरसे मानसूनी बदरा, सामान्य रहा तापमान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी में बुधवार दोपहर एक बजते ही ऑरेंज अलर्ट का असर दिखना लगा और सांय चार बजे के बाद मानसूनी बदरा झमाझम बरसे। हल्की बारिश रुक-रुक कर देर शाम तक जारी रही। इधर सैलानियों की आमद कम होने से नगर में सुनसानी छा गई है।

नगर में सुबह से ही काले घने बादलों ने डेरा डाला हुआ था। तेज बारिश की आशंका बनी हुई थी, लेकिन एक बजे हल्की बारिश शुरू हो गई और शाम के समय आधा घंटे तेज पानी बरसा। इसके बाद देर शाम तक रुक रुक कर बारिश का क्रम जारी रहा। इस बीच तापमान सामान्य बना रहा। ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में अब सैलानियों



नैनीताल में झील किनारे मौजूद सिर्फ दो पर्यटक। ● अमृत विचार

की संख्या कम होने के कारण नगर में सुनसानी छा गई। होटलों के रेट गिर चुके हैं। पर्यटन स्थलों में सैलानियों की आमद बेहद कम रही।

पंत पार्क की रौनक भी सैलानियों के अभाव में नदारद रही। रेस्टोरेंट भी खाली नजर आए। ट्रैवल एजेंट सैलानियों की राह तकते नजर आए। नैनी झील में नौकायन कारोबार भी मंद रहा। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन महासचिव वेद साह के अनुसार, अब वीकेंड पर ही सैलानियों की आमद कुछ अधिक रहेगी। बहरहाल नगर के कई होटलों ने 50 प्रतिशत तक छूट देनी शुरू कर दी है। अब मानसून छटने तक पर्यटन कारोबार मंदा रहेगा। 15 अगस्त से सैलानियों की आमद में वृद्धि होगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

### टेड़ा के पास बरसाती नाले ने रोकी लोगों की राह

**रामनगर :** बुधवार की दोपहर हुई बारिश के बाद रामनगर-पाटकोट रोड पर टेड़ा के पास तिलमठ मंदिर के समीप बरसाती नाला अचानक उफान पर आ गया। नाले के घंटों उफान पर रहने से वाहनों के पहिए थमने के साथ ही लोगों की राह भी रुक गई। सीतावनी और भंडारपानी क्षेत्र के जंगलों में तेज बारिश हुई। जिससे टेड़ा क्षेत्र का बरसाती नाला तेजी से उफान पर आ गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि सड़क पर आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई और नाले के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई वाहन घंटों तक फंसे रहे। इस वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि



टेड़ा गांव के पास उफनाया बरसाती नाला। ● अमृत विचार

हर बार बारिश में यह नाला उफान पर आ जाता है, लेकिन आज का जलस्तर सामान्य से काफी अधिक था। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।



बैठक में विचार रखते पूर्व विधायक रणजीत रावत।

### एकजुटता के साथ चुनाव में करें भागीदारी: इंदुमान

**रामनगर :** पंचायत चुनाव को लेकर बुधवार को रामनगर कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें रामनगर विधानसभा प्रभारी इंदुमान ने कहा कि पंचायत चुनाव पार्टी के लिए बेहद अहम है। सभी को एकजुटता के साथ चुनाव में भागीदारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का एक ट्रेलर होगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव से ही 2027 के विधानसभा चुनाव की तस्वीर साफ होगी। सरकार की नीतियों से जनता पूरी तरह परेशान है और कांग्रेस के पक्ष में खुलकर सामने आ रही है। बताया कि रामनगर विकास खंड से तीन जिला पंचायत सदस्यों की सीटों पर पार्टी ने अपने प्रत्याशी तय कर लिए है। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि भाजपा की नीतियों से जनता अब पूरी तरह ऊब चुकी है। कांग्रेस पंचायत स्तर तक मजबूत संगठन के साथ उतरेगी। बैठक में कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, मालधन अध्यक्ष ओमप्रकाश , कांग्रेस नेता भुवन पांडे, अनिल अग्रवाल, कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष ललिता उपाध्याय, सभासद मोहम्मद अजमल, सभासद नवीन सुनेजा, नजाकत अली, जावेद खान, मोहसिन खान आदि मौजूद रहे।

# मौत के मोड़ पर खुले हैं नहरों के मुंह, जिम्मेदार मौन

## नवजात समेत 4 की मौत से नहीं लिया सबक, नहर वाले मुख्य मार्गों पर नहीं किए सुरक्षा इंतजाम, फिर किसी हादसे का इंतजार

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में अधिकांश नहर वाली सड़कें खतरनाक बनी हुई हैं। इन सड़कों में नहर किनारे सुरक्षा इंतजाम नदारद हैं। बीते 25 जून को फायर स्टेशन के पास हुई दुर्घटना में कार के नहर में गिरने से चार दिन के नवजात बच्चे सहित कुल चार लोगों की मौत हो गई थी।

इस भीषण हादसे के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठा था कि यदि मौके पर पैराफिट, सुरक्षा दीवार या कोई अन्य सुरक्षा इंतजाम होता तो शायद कार में सवार लोगों की जान बच सकती थी। दुर्घटना के बाद प्रशासन सहित सभी जिम्मेदार विभाग हरकत में आ गए और दुर्घटना वाले स्थान पर ब्रेकर लगाकर अपनी इतिश्री कर ली गई है।

मानसून सीजन के दौरान भारी बारिश के चलते नहर में पानी बढ़ने के साथ ही मोड़ों पर नहर किनारे खतरा भी बढ़ जाता है। अमृत विचार की टीम ने जब बुधवार को शहर के प्रमुख नहर किनारे से गुजरने वाली सड़कों की पड़ताल की तो एकाध जगह छोड़कर अन्य जगह कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं पाए गए।


सावधान: हर मोड़ पर मौत का साया, सुरक्षा इंतजाम नदारद
बिना क्रैश बैरियर के नहरों के किनारे दौड़ते हैं बड़ी संख्या में वाहन, हर समय हादसे होने का अंदेशा, जिम्मेदार लापरवाह


सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे वाली सड़क के किनारे भी हैं पैराफिट।

### 1 यूओयू से तीनपानी की सड़क पर सुरक्षा गायब

**हल्द्वानी :** यूओयू (उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय) से तीनपानी की ओर जाने वाली सड़क नहर के किनारे स्थित है, लेकिन यहां न तो क्रैश बैरियर लगाए गए हैं और न ही कोई अन्य सुरक्षा इंतजाम हैं। नहर से सटी यह सड़क बिना सुरक्षा इंतजाम के वाहनों के लिए बेहद खतरनाक बनी हुई है। जिस पर जरा सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।


यूओयू-तीनपानी सड़क के ठीक बगल में बह रही है नहर, यहां सुरक्षा व्यवस्था गायब है।

### 2 सुशीला तिवारी के पीछे वाली सड़क भी खतरनाक

**हल्द्वानी :** सुशीला तिवारी के पीछे से टीपीनगर की ओर जाने वाली सड़क भी नहर के साथ-साथ चलती है। इस सड़क पर कुछ हिस्से में तो दुर्घटना के बाद रेडियम लगाकर खानापूर्ति की गई लेकिन अभी भी सड़क के अधिकांश हिस्से में सुरक्षा व्यवस्था नदारद है। स्कूल और रिहायशी इलाकों से होकर गुजरने वाली इस नहर किनारे की सड़क पर तेज गति से वाहन दौड़ते हैं, जिससे हमेशा हादसों का खतरा बने रहता है।

### 3 दुर्घटना स्थल पर ब्रेकर बनाकर झाड़ा पल्ला

**हल्द्वानी :** मंडी फायर स्टेशन के पास ही बीते 25 जून को दर्दनाक हादसा हुआ था। मौके पर ब्रेकर लगाकर पल्ला झाड़ लिया गया, लेकिन नहर किनारे से होकर गुजरने वाली इस सड़क पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। नहर के बिल्कुल बगल से गुजरती इस सड़क पर जरा सी लापरवाही गंभीर हादसे में बदल सकती है।


मंडी फायर स्टेशन के पीछे नहर के पास नहीं बना है पैराफिट।

### 4 सुशीला तिवारी मुख्य मार्ग पर सुरक्षा इंतजाम नदारद

**हल्द्वानी :** सुशीला तिवारी अस्पताल के पास नहर किनारे स्थित मुख्य सड़क पर भी पैराफिट गायब हैं। सड़क पर सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। राहगीरों और वाहन चालकों को हर वक्त खतरे का सामना करना पड़ता है। खासकर रात के समय दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहां बेहद खतरा बना हुआ है।


सुशीला तिवारी अस्पताल के बगल वाली सड़क के किनारे बह रही नहर, जिसमें कोई भी सुरक्षा नहीं है।

#### बोले जिम्मेदार

"खतरे वाले स्थानों पर अधिक से अधिक सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। इसके लिए विभाग की ओर से अधिक से अधिक प्रयास किए जा रहे हैं।
**-प्रत्यूष कुमार**, ईई, लोनिवि हल्द्वानी

# 199 उपनल कर्मचारियों को वेतन देने की तैयारी

- **बाकी कर्मचारियों के पद सृजन करने की हो रही तैयारी**
- **मेडिकल कॉलेज में 659 उपनल कर्मियों को नहीं मिला वेतन**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन 199 उपनल कर्मचारियों को वेतन दिए जाने की तैयारी की जा रही है। बाकी के कर्मचारियों के पद सृजित नहीं होने की वजह से उन्हें वेतन के लिए इंतजार करना पड़ेगा। पद सृजित होने के बाद ही उन्हें वेतन मिल पाएगा।

मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में काम करने वाले 659 उपनल कर्मचारियों को मार्च माह से वेतन नहीं मिला है। वित्त विभाग ने पद सृजन न होने की बात कहकर वेतन जारी करने पर रोक लगा दी है। कर्मचारियों ने वेतन के लिए आंदोलन भी किया था। अस्पताल से जानकारी मिली कि एसटीएच के लिए साल 2015 में 199 कर्मचारियों के पद स्वीकृत हुए थे। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को चलाने के लिए 659 उपनल कर्मचारियों की भी नियुक्ति हुई। राहत की बात है कि शासन ने एसटीएच के लिए 2015 में स्वीकृत 199 पदों के सापेक्ष वेतन जारी करने के लिए कह दिया है। बाकी के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए कॉलेज प्रबंधन ने नए पद स्वीकृत कराने के लिए शासन में फाइल भेजी है। जिसमें जल्द ही निर्णय हो जाएगा और शेष कर्मचारियों को नए पदों के सापेक्ष नियुक्ति जाएगी। इसके बाद भी अगर कर्मचारी बच गए तो उन्हें अन्य मेडिकल कॉलेज में तबादला करके भेजा जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज के वित्त नियंत्रक एसपी सिंह ने कहा कि एसटीएच में पदों के सापेक्ष रखे गए उपनल कर्मचारियों को 1-2 दिन में वेतन दे दिया जाएगा। वहीं शासन में नए पदों को सृजित करने के लिए पूरी डिटेल भेजी गई है।

## पोल में घुसा ट्रक, विद्युत विभाग को लाखों की चपत

**हल्द्वानी :** एक ट्रक ट्रांसफार्मर के पोल में घुस गया। इस घटना में विद्युत विभाग को करीब 6 लाख रुपए का नुकसान हुआ। इस मामले में विद्युत विभाग के अधिकारी ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में विद्युत विभाग के अवर अभियंता रजनीश कुमार ने बताया कि लालडांट रोड पर भट्ट कालोनी फेज वन के पास एक 100 केवीए का ट्रांसफार्मर है, जो दो पोल के ऊपर रखा है। उन्होंने बताया कि 15 जून की सुबह एक ट्रक ने ट्रांसफार्मर पोल को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना से विद्युत ट्रांसफार्मर पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे विभाग को 6 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# 87 नक्शों को मौके पर ही मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की ओर से भवन मानचित्र निस्तारण शिविर लगाया गया। इसमें आवासीय, व्यावसायिक व कंपाउंडिंग के 87 लंबित नक्शों को मौके पर ही मंजूरी दी गई। इसमें लगभग 15 नक्शे नैनीताल, भीमताल व रामनगर के और शेष हल्द्वानी के थे।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने बुधवार को एसडीएम कोर्ट परिसर में एक दिनी भवन मानचित्र निस्तारण शिविर लगाया। इसका उद्घाटन दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा ने किय। इसमें हल्द्वानी, गौलापार व रामनगर के आवासीय, व्यावसायिक व कंपाउंडिंग के लंबित नक्शाधारक पहुंचें। उन्होंने नक्शे स्वीकृत करने के लिए प्रार्थना पत्र सौंपे। इस पर प्राधिकरण की टीम ने सभी नक्शों के दस्तावेज, आवेदन शुल्क मौके पर ही जमा करवाए इसके बाद नक्शों को मंजूरी दी गई। शिविर में 55 नक्शों की फीस मौके पर जमा हुई तो तत्काल नक्शा जारी कर दिया गया। इसके अलावा 83 आवासीय, 4 व्यावसायिक भवनों के नक्शों को भी स्वीकृति दी गई। सचिव विजय नाथ शुक्ला ने बताया कि शिविर में 87 नक्शों को मौके पर ही मंजूरी दी गई। इस शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। हमारा भी लक्ष्य है कि निर्धारित समय में नक्शों को स्वीकृति दी जाए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को लेकर जनता में खासा उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ऐसे शिविर आगे लगाने का प्रयास किया जाएगा। प्राधिकरण से जेई प्रमोद कुमार, अंकित आर्या, शालू, टाउनशिप प्लानिंग से आरएल भारती रहे।


एसडीएम कोर्ट में आयोजित शिविर में समस्याएं सुनते सचिव विजय नाथ शुक्ल।

### प्रदेश प्रवक्ता ने सीएम का जताया आभार

**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने बुधवार को राजधानी देहरादून में मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने शिविर लगाकर मौके पर ही भवन मानचित्रों के निस्तारण पर सीएम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के हल्द्वानी प्रवास के दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने भवन मानचित्रों संबंधी दिक्कतों को सीएम के सामने उठाया था और निस्तारण की मांग की थी। इसके बाद सीएम ने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को शिविर लगाकर समाधान के निर्देश दिए थे।

## चौफला चौराहे पर लगाया सुरक्षा बोर्ड

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बुधवार को चौफला चौराहे का निरीक्षण किया। जिसके बाद यहां सुरक्षा उपाय शुरू कर दिए गए हैं। जिन स्थानों पर गड्ढे हैं, वहां भरान किया जा रहा है।

चौफुला चौराहे के पास स्थित पुलिया को पानी की निकासी के लिए खोल दिया गया है। साथ ही निर्माण स्थल पर कार्य प्रगति पर है, का सुरक्षा बोर्ड भी लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि चौफला चौराहे पर वर्तमान में नहर कवरिंग का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है। बीते रोज यहां एक बस फंस गई थी, जिसके बाद डीएम की ओर से अधिकारियों को दिशानिर्देश जारी किए गए थे। इधर, नगर आयुक्त ने बुधवार को वार्ड 57 और 58 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

# कलसिया का सर्वे अभी भी अधूरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कलसिया नाले में चैनलाइजेशन पूरा हो चुका है हालांकि सर्वे अभी तक पूरा नहीं हुआ है। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से नाले की जमीन पर अवैध कब्जा कर घर बनाने वाले 53 अवैध कब्जाधारकों को भी अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किए गए हैं।

काठगोदाम में कलसिया नाला हर वर्ष तबाही मचाता है। वर्ष 2021 और 2023 में हुई अतिवृष्टि में दर्जनों घरों में मलबा व पानी घुस गया है। प्रशासन ने नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम में राहत शिविर में पहुंचाया गया था। इधर, इस वर्ष प्रशासन ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी बरसाती नालों देवखड़ी, रकसिया व कलसिया नालों का सर्वे (फील्ड व तकनीकी) किया था। इसमें रकसिया व कलसिया का सर्वे हो गया लेकिन कलसिया का नहीं हुआ था। इसके पीछे वजह बताई जा रही थी कि कलसिया नाले के अभिलेख नैनीताल तहसील में है इस वजह से इस नाले का सर्वे अधर में लटक गया था। वहीं नाले में पानी निकासी के लिए सिंचाई विभाग की ओर से चैनलाइजेशन किया जा रहा था। अधिकारियों के अनुसार, नाले का चैनलाइजेशन पूरा हो चुका है। इसके तहत मलबा नाले के बीच से हटाकर दोनों तरफ निस्तारित कर दिया गया है। जिससे पानी किनारों पर न जाकर बीच से निकले। मलबा सफाई के बाद ब्लॉक्स भी बनाने की योजना है। वहीं, नाले का सर्वे अभी तक पूरा नहीं हो सका है जबकि मानसून पहुंच चुका है। तकनीकी सर्वे न होने से स्थायी समाधान की योजना नहीं बनाई जा सकी है।


कलसिया नाले के किनारे बने मकान।

"कलसिया नाले का फील्ड सर्वे पूरा हो गया है, 53 अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिए गए हैं। हल्द्वानी प्रशासन जब जीआईएस मैपिंग व ड्रोन सर्वे के लिए तिथि निर्धारित करेगा, नैनीताल से टीम पहुंच जाएगी।
**-नवाजिश खलीक**, एसडीएम नैनीताल

"कलसिया नाले के अभिलेख नैनीताल तहसील में हैं। नैनीताल तहसील ही सर्वे करेगा। यदि हमारी मदद चाहिए तो हम तैयार हैं।
**-राहुल साह**, एसडीएम हल्द्वानी

# पीएनबी के सेवानिवृत्त कर्मी से की 2.44 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बैंक कालोनी बिठोरिया कुसुमखेड़ा मुखानी निवासी विनीत भेटीवाल ने पुलिस को बताया कि उनके पिता गंगाराम आर्या पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत्त हैं। उनके पीएनबी में तीन बचत और ओडी खाते हैं। बीती 16 जून को गंगाराम ने नए मोबाइल में पीएनबी वन एप्लीकेशन डाउनलोड की, जो अधूरी ही डाउनलोड हुई। जिसके बाद एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और खुद को बैंक प्रतिनिधि बताया। जिस पर पिता ने व्हाट्सएप पर उनसे मांगी गई जानकारी के साथ अंत में ओटीपी भी साझा कर दिया और जब शाम को फोन चेक किया तो तीनों बैंक खातों से 2. 44 लाख रुपए गायब थे। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर साइबर क्राइम थाने को ट्रांसफर कर दिया गया है।

### टेलीग्राम पर टास्क रेटिंग स्कैम, ढाई लाख ठगे

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थानाक्षेत्र के मित्रपुरम जवाहरज्योति दमुवाढूंगा निवासी ललित कुमार आर्या पुत्र किशन राम आर्या ने पुलिस को बताया कि बीते सितंबर में उन्हें टेलीग्राम ऐप में टास्क रेटिंग के नाम पर 2,55,100 रुपये की ठगी हो गई। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# संयुक्त अभियान में 41 चालान, 14 वाहन सीज

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महिला सुरक्षा को लेकर बनाई गई एसओपी की धज्जियां उड़ाने पर आखिरकार प्रशासन हरकत में आया।

अमृत विचार की ओर से मंगलवार को प्रकाशित "वर्दी उतरी, नियम भूले, महिला सुरक्षा का अभियान बेअसर" खबर के बाद बुधवार को शहर में परिवहन विभाग, नगर निगम और प्रशासन की ओर से व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एसओपी का उल्लंघन करने वाले 41 ऑटो रिक्शा चालकों का चालान किया गया, जबकि 14 वाहन सीज किए गए। अमृत विचार की पड़ताल में यह सामने आया था कि शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर बड़ी संख्या में ऑटो और ई-रिक्शा चालक न तो वर्दी पहन रहे हैं और न ही आई कार्ड लगाए हैं। इसके अलावा सुरक्षा मानकों जैसे कि आयरन रॉड, फोल्डिंग सीट प्रतिबंध, वाहन में चालक की पहचान संबंधी विवरण का प्रदर्शन भी नहीं किया जा रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आने वाले दिनों में भी अभियान चलाए जाएंगे। अभियान में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह, एआरटीओ प्रवर्तन जितेन्द्र सिंगवान, परिवहन कर अधिकारी अपराजिता गैरोला आदि मौजूद रहे।


महिला सुरक्षा को लेकर चलाए गए प्रवर्तन अभियान के दौरान मौजूद अधिकारी।


वर्दी उतरी, नियम भूले, महिला सुरक्षा का अभियान बेअसर
शहर में बिना वर्दी व आईकार्ड के दौड़ रहे अधिकांश ऑटो व ई-रिक्शा चालक, परिवहन विभाग और पुलिस का सत्यापन अभियान फुस्स

### एसओपी में हैं यह स्पष्ट निर्देश

- प्रत्येक ऑटो में चालक की जानकारी (नाम, मोबाइल नंबर, परमिट नंबर) प्रदर्शित होनी चाहिए।
- 112, 1091, 100, 108 जैसे आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर स्पष्ट रूप से अंकित होने चाहिए।
- यात्रियों को केवल बाईं ओर से (सुरक्षित दिशा) चढ़ाने-उतारने की अनुमति हो
- महिला यात्रियों, छात्राओं और बुजुर्गों के साथ शिष्ट व्यवहार अनिवार्य हो।

## बनभूलपुरा और राजपुरा से दो किशोरियां गायब

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी कोतवाली के राजपुरा और बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से दो किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। बनभूलपुरा के जवाहर नगर में रहने वाली बीना पत्नी अनिल ने पुलिस को बताया कि बीती 30 जून को उनकी 15 वर्षीय बेटी दीक्षा बिना बताए कहीं चली गई। वहीं दूसरे मामले में राजपुरा नई बस्ती निवीसी जयवंती पत्नी लालाराम ने पुलिस को बताया कि बीती 1 जुलाई की दोपहर उनकी 17 वर्षीय बेटी माधुरी लापता हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर किशोरियों की खोज की जा रही है।

**खुलासा** मंगलवार को बेटे के ससुराल से लौटे व्यक्ति को लूटा था लिफाफा गैंग ने, 18 जून को हिस्ट्रीशीटर ने की थी लाखों की चोरी

# हल्द्वानी में लिफाफा गैंग ने लूटा, लालकुआं में हिस्ट्रीशीटर ने तोड़े थे ताले

- **हिस्ट्रीशीटर पर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दर्ज हैं दर्जनों मुकदमे**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लालकुआं में लाखों की चोरी करने वाला शातिर हिस्ट्रीशीटर अपने साथी के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उस पर एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं और 18 जून को उसने वारदात को अंजाम दिया था।

वहीं हल्द्वानी कोतवाली के पास लूट की घटना को अंजाम देने वाले लिफाफ गैंग को भी पुलिस ने धर दबोचा है। लूटेरों ने लिफ्ट देने का झांसा देकर पीड़ित को कार में बिठाया और फिर लूट लिया था।

बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने दोनों मामलों के खुलासे किए।


पुलिस की गिरफ्त में लिफाफा गैंग के गुर्गे। • अमृत विचार

### 100 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालने के बाद हत्थे चढ़ा हिस्ट्रीशीटर

**हल्द्वानी :** पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर नाहिद खान और उसके साथी नूरूद्दीन को पकड़ने के लिए सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे और 30 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की। एसएसपी के मुताबिक दोनों ने दिनदहाड़े बमेठा बंगर हल्दूचौड़ निवासी गीता जोशी के घर में घुसकर सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। शातिरों की तलाश में जुटी पुलिस ने 1 जुलाई को दोनों आरोपियों को हल्दुचौड़ से उस वक्त धर-दबोचा जब वह चोरी का माल बेचने के फिराक में थे। इनके पास से चोरी के माल के अलावा 315 बोर का तमंचा और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में अलीखां मोहल्ला काशीपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर नाहिद खान पुत्र ताहिर खान और कूच बिहार काशीपुर निवास नूरुद्दीन पुत्र अफसर आलम हैं। नाहिद पर उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में कुल 16 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने पुलिस टीम को ढाई हजार इनाम की घोषणा की है। पुलिस टीम में एसआई शंकर नयाल, कांस्टेबल दलीप कुमार, उमेश गिरी, मनीष कुमार, चन्द्रशेखर मल्होत्रा व कुबेर राणा थे।


चोरी के आरोप में साथी के साथ पुलिस की हिरासत में हिस्ट्रीशीटर।

# झांसे में नहीं आया तो जबरन लूटता था गैंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लिफाफा गैंग ने इस बार सुनगड़ी पीलीभी तयूपी निवासी छेदा लाल पुत्र स्व. बलदेव प्रसाद को शिकार बनाया। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह बीती 1 जुलाई को सुबह करीब 8 बजे वह हल्द्वानी बस अड्डे पर खड़ा था। तभी एक कार आकर रुकी और उसमें सवार तीन लोगों ने यह कहकर कार में बैठा लिया कि आज सरकारी गाड़ियां नहीं चल रही हैं और हम पीलीभीत जा रहे है तो आपको भी छोड़ देंगे। शक हुआ तो उन्होंने विरोध किया। जिसके बाद जोर जबरदस्ती कर बैग छीन लिया और कार से धक्का देकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटा गया बैग बरामद कर लिया, जिसमें 7 हजार रुपए थे। गिरफ्त में आए आरोपियों में लिफाफ गैंग की लीडर गदियाना मना सदर बाजार शाहजहांपुर यूपी निवासी राम कृपाल पुत्र रामांतार, नाचोला निगोही शाहजहांपुर निवासी संतराम गुत्र तुलसी राम व गादियाना सदर बाजार शाहजहांपुर निवासी श्रीनाथ उर्फ चीराम पुत्र राम गोपाल हैं। एसएसपी ने पुलिस टीम को ढाई हजार इनाम देने की घोषणा की है।

## एसडीएम ने लिया वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**रुद्रपुरः** अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने बुधवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रों को भी देखा। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश सहायक निर्वाचन अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र अधिकारी व सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की स्वामित्व वाली नहरों की तुलना करने लगी है जनता, लालकोठी और पहेनियां तक की नहरों का मामला, सफाई पर उठे सवाल

# मानसून में बाढ़ की विभीषिका से सिहर उठते हैं खटीमा के निवासी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** गत वर्ष आई बाढ़ की विभीषिका से क्षेत्रवासी मानसून में अभी भी सिहर उठते हैं। आम जनता का ध्यान इस बार भी उत्तर प्रदेश के स्वामित्व वाली लालकोठी-पहेनियां उप नहर पर है।

गत वर्ष यह नहर पहेनियां ग्राम से लगे पुल के पास टूटी थी, जिस कारण तेज बहाव से पानी खटीमा नगर एवं उसके आसपास के क्षेत्र में भरा था। गत वर्ष के जलभराव एवं नहर के बंधे टूटने के हालात से सबक लेते हुए उत्तराखंड सिंचाई विभाग ने अपने स्वामित्व वाली सह सिंचाई नहर की तली झाड़ सफाई कर ली लेकिन उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग बनबसा, बरेली के स्वामित्व वाली उपनहर की सफाई नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के स्वामित्व वाली दोनों नहरें एक स्थान से एक ही दिशा की ओर समानांतर चलती हैं। बनबसा बैराज से शारदा नहर में पानी की अधिकता से लाल कोठी से पहेनियां उपनहर में भी पानी छोड़ा जाता है।



गत वर्ष इस नहर का बंधा पहेनियां के पास टूटा था जिससे काफी नुकसान हुआ था। सफाई के अभाव में पहेनियां के पास खटीमा-श्रीपुर बिचवा मार्ग पर बने पुल के बंधे को तोड़ते हुए तेज बहाव से पानी नगर में घुसा था। मानसूनी बारिश के इस सीजन में लोग यूपी कैनाल विभाग के स्वामित्व वाली इस 12 किलोमीटर लंबी नहर की सफाई नहीं होने को लेकर चिंतित हैं। उत्तराखंड सिंचाई विभाग के अवर सहायक अभियंता यशपाल कहते हैं कि लाल कोठी से पहेनियां लगभग साढ़े बारह किमी लंबी नहर की सफाई हो चुकी है। चार-पांच महीने हल्का पानी चलता है तो नहर साफ हो जाती है

तब 760 एमएम बारिश हुई थी खटीमा। उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग बनबसा के अवर अभियंता नवाज शरीफ बताते हैं कि गत वर्ष अतिवृष्टि का मामला था। वर्ष 1965 से अब तक प्रथम बार 24 घंटे में 760 एमएम बारिश हुई थी। लाल कोठी से पहेनियां शारदा नहर की उपनहर में चार-पांच महीने स्थायी रूप से पानी चलता है तो नहर स्वतः साफ हो जाती है। नहर में इस समय भी पानी चल रहा है। जेई शरीफ ने बताया कि लाल कोठी पहेनियां साढ़े दस किमी लंबी नहर में 1250 क्यूसेक के विपरीत 200 क्यूसेट मात्र पानी छोड़ा जाता है। नहर की सुरक्षा के लिए जगह-जगह निकासी के लिए साइफन बने हैं।

#### शिकायत के बाद भी सफाई नहीं



उपनहर की लगातार शिकायत के बाद भी सफाई नहीं हो पा रही है। नहर में सिल्ट एवं घास फूस उगने व बरसात में शारदा नहर से छोड़े जाने वाला पानी ओवरफ्लो रहता है। **-माया जोशी,** पूर्व ग्राम प्रधान, नदन्ना

#### ग्रामीण उठाते हैं परेशानी



उपनहर की सफाई नहीं होने से नहर के दोनों और बसे ग्रामवासी परेशानी उठाते हैं। नहर में मगरमच्छ सहित जलचर जीव रहते हैं। बरसात में नहर के ओवरफ्लो होने से आसपास जलभराव की स्थिति रहती है। **-गोकुल ओली,** सभासद

#### परेशानी का हल निकालें



उपनहर की सफाई नहीं होने से पानी ओवरफ्लो होता है। गत वर्ष अतिवृष्टि से नहर का बंधा टूटने से क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बनी थी। संबंधित विभागों को इस परेशानी का हल निकालना चाहिए। **-संजीव सिंह राणा,** पूर्व प्रधान पहेनियां

#### सफाई की हो रही व्यवस्था



पानी ओवरफ्लो होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गत वर्ष के बंधा टूटने से हुए जलभराव से लोग और अधिक चिंतित हैं। इस बार डीएम से वार्तानुसार कैनाल विभाग नहर की सफाई की व्यवस्था कर रहा है। **-अंजू देवी,** भाजपा जिला मंत्री

# जिपं सदस्य पद के लिए रेनू गंगवार समेत 13 दावेदारों ने कराया नामांकन

### जिपं सदस्य के 35 पदों के लिए 5 जुलाई तक होगी नामांकन प्रक्रिया, सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक चली प्रक्रिया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पहले दिन जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार समेत 13 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान जिला पंचायत कार्यालय में दावेदारों के समर्थकों की काफी भीड़ उमड़ी रही।

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य के कुल 35 पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक चली। इस दौरान दावेदारों ने अपने समर्थकों और प्रस्तावकों के साथ पहुंचकर रिटर्निंग ऑफिसर एपी बाजपेई और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अतुल कुमार के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर रिटर्निंग ऑफिसर एपी बाजपेई के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने अपने अधिवक्ता एमपी तिवारी के साथ दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र-17 भंगा से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान उनके साथ ससुर एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद गंगवार और प्रस्तावक ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। निर्वाचन क्षेत्र-19 बरीराई से रजनी, निर्वाचन क्षेत्र-33 नारायणपुर से सोनम और रीनू जगदीश, निर्वाचन क्षेत्र-22 खानपुर पूर्व से रवीता, निर्वाचन क्षेत्र-13 ऐचता से भूपेंद्र सिंह और विशाखा सिंह ने नामांकन कराया।

इसी तरह निर्वाचन क्षेत्र-34 सरबर खेड़ा से महेंद्र और किरण, निर्वाचन क्षेत्र-23 रतनपुर से रोशन लाल और दीपाली, निर्वाचन क्षेत्र-30 ढकिया कलां से दीपा रानी, निर्वाचन क्षेत्र-7 गोविंदनगर से कृष्ण राय ने नामांकन कराया है। वहीं निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए फिर से चुनाव मैदान में उतरी हैं। नामांकन प्रक्रिया आगामी 5 जुलाई तक जारी रहेगी।



जिला पंचायत कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करतीं निवर्तमान जिपं अध्यक्ष रेनू गंगवार। ● अमृत विचार

#### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने नामांकन के पहले दिन जिला पंचायत कार्यालय नामांकन स्थल व विकास खंड कार्यालय रुद्रपुर नामांकन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरओ, एआरओ से नामांकन व्यवस्थाओं व प्रक्रियाओं की जानकारी लेते हुए नामांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। निरीक्षण के दौरान आरओ जिला पंचायत एपी बाजपेयी, आरओ विकास खंड रुद्रपुर डॉ. महेश कुमार जोशी, तहसीलदार दिनेश कुटौला व एआरओ मौजूद थे।

#### रुद्रपुर में 51 दावेदारों ने कराया नामांकन

**रुद्रपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर रुद्रपुर खंड विकास मुख्यालय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कुल 51 दावेदारों ने अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष प्रस्तुत किया है। जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों के 18, ग्राम प्रधान पद के लिए 25 और ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 6 नामांकन दाखिल किए गए।

## पहले दिन कुल 112 नामांकन दाखिल

- ग्राम प्रधान के 54, बीडीसी के 33 और वार्ड सदस्य के 25 नामांकन हुए




संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत विकासखंड में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्रामसभा वार्ड सदस्य के पदों के लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया बुधवार प्रातः आठ बजे शुरू हुई। आठ बजे से खिड़कियों पर बैठे अधिकारी दस बजे तक हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। इसके बाद इक्का दुक्का नामांकन जमा करने वाले पहुंचने लगे।

विकासखंड परिसर में छाया सन्नाटा दोपहर बाद गहमा गहमी में बदला। नामांकन के पहले दिन 54 ग्राम प्रधान के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए 33 और ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए 25 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही ब्लॉक परिसर के मुख्य द्वार पर बैरिकेटिंग कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

#### कहां तक आ सकेंगी ट्रैक्टर ट्रॉली और भारी वाहन

**खटीमा :** पंचायत चुनाव में नामांकन के लिए आने वाली ट्रैक्टर ट्रॉली, बसों को नगर सीमा से बाहर रखने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। जिसमें सितारगंज रोड तहसील से, पीलीभीत रोड पर मंडी से, टनकपुर रोड पर लोहिया हेड तिराहे से, मेलाघाट रोड पर ममता नर्सिंग होम से और कंजाबाग रोड पर शिव मंदिर से आगे नहीं आयेंगे और केंद्रीय विद्यालय की ओर पार्किंग के लिए जाएंगे। कोई भी व्यक्ति नामांकन में हथियार के साथ नहीं आएगा, गनर भी ब्लॉक के मुख्य द्वार पर लगी बैरिकेटिंग से अंदर नहीं जाएगा। सितारगंज की ओर से आने वाले बड़े वाहन पहेनियां कुटरी बायपास होते हुए जाएंगे। नामांकन के लिए जुलूस के रूप में नहीं आयेंगे। कम करने वालों के लिए मेन रोड में पार्किंग होगी लेकिन जो काम करने लिए आ रहे हैं।

#### पंचायत चुनाव के लिए बिके 993 नामांकन पत्र

**खटीमा :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही नामांकन पत्रों और मतदाता सूचियों की बिक्री जारी है। बुधवार तक ग्राम प्रधान पद के लिए 414, क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए 215 और वार्ड सदस्य के लिए 364 संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। यह जानकारी देते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत शबनम कुरैशी ने बताया कि ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्रामसभा सदस्य के कुल 993 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है और पांच जुलाई तक होती रहेगी। यह भी बताया कि कई संभावित प्रत्याशियों द्वारा एक से अधिक नामांकन पत्र भी खरीदे गए हैं। बता दें कि विकासखंड में 59 ग्राम पंचायत, 40 क्षेत्र पंचायत और 633 ग्राम सभा सदस्य पदों के लिए चुनाव होना है।

## दो लोगों को सांप ने काटा

**काशीपुर :** ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी शमशाद और ग्राम इस्लाम नगर निवासी अनीश को खेत में काम करते समय अचानक सांप ने काट लिया। परिजनों ने दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा बड़ा पुत्र दीपक चन्द्र मौलेखी गलत संगत में पड़ गया है और घर में मारपीट, अभद्र व्यवहार, मनमानी करता है, बड़े पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं, उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य एवं लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा अब कोई वास्ता नहीं होगा। **धर्मप्रकाश मौलेखी पुत्र मथुरा दत्त मौलेखी, पुष्पा देवी पत्नी श्री धर्मप्रकाश मौलेखी निवासी ग्राम-बैलपड़ाव, तहसील - कालाढूंगी (नैनीताल)**

# उमा ने मदनापुर में किया जनसंपर्क

- तीन दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद महिलाओं का उत्साह नहीं हुआ कम



चरनपुर में चुनाव प्रचार करते प्रधान प्रत्याशी उमा राणा व समर्थक। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** पंचायत चुनाव में नामांकन शुरू होते ही प्रत्याशी व समर्थकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। खराब मौसम के बावजूद महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। महिलाएं विकास के मुद्दों पर प्रधानमंत्री आवास, लिंक मार्गों का पक्कीकरण, शिक्षा, पेयजल, पानी निकासी व सुलभ शौचालय निर्माण जैसी समस्याओं से निजात दिलाने की अपील कर रही हैं।

बुधवार को ग्राम पंचायत मदनापुर से शिक्षित प्रधान प्रत्याशी उमा राणा ने अपने समर्थकों के साथ ग्राम- चरनपुर, हरिपुरा व पार्वतीय मझरा में व्यापक जनसंपर्क किया। मतदाताओं की समस्याएं सुनीं एवं समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बसंती देवी, पुष्पा जोशी, सुशीला पाठक, उमा देऊपा, निशु डोगरा, हंसी रावत, बीना रौथाण, कविता पाठक, मोनारानी बिष्ट, पार्वती डोगरा, किरन पाठक, दया जोशी, गंगा देवी, सुनीता डोगरा, गुनगुन कांडपाल, रुचि कार्की, निशा डोगरा, पुष्पा रौथाण, हंसी रावत आदि मौजूद थी।



खटीमा में नामांकन जमा करने को ब्लॉक परिसर में गहमागहमी का माहौल।



काशीपुर में नामांकन पत्र लेने के लिये लाइन में लगे दावेदार। ● अमृत विचार

# तीसरे दिन तक 781 नामांकन पत्रों की बिक्री

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया के तहत तीन दिनों में कुल 781 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

तीन न्याय पंचायत के लिए प्रधान, पंचायत सदस्य व बीडीसी के लिए तीन दिनों में कुल 781 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है।

सिंचाई विभाग के ईई/रिटर्निंग ऑफीसर अजय कुमार जॉन ने बताया कि काशीपुर ब्लॉक में तीन न्याय पंचायत कुंडेश्वरी, खड़कपुर देवीपुरा व बांसखेड़ा आती हैं। पंचायत चुनाव में नामांकन पत्रों की बिक्री के क्रम में तीसरे दिन तक प्रधान पद के लिए 264, पंचायत सदस्य के लिए 314 व बीडीसी के लिए 203 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। उन्होंने बताया कि प्रधान के लिये 10, बीडीसी के लिये 3 नामांकन पत्र जमा हुए हैं। जबकि पंचायत सदस्य के लिये अभी तक कोई नामांकन पत्र जमा नहीं हुआ है।

## कार्यालय- मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, नैनीताल

पत्रांक : 1202/लेखा/2025-26

**आवश्यक सूचना**

दिनांक : 02-07-2025

**कुमारी कोमल जौहरी, पशुधन सहायक**
**पुत्री स्व० श्री सूरज जौहरी,**
**16-क्वाटर टनकपुर रोड- हल्द्वानी,**
**जनपद- नैनीताल।**

**विषय- अपने कार्य / संस्था से लगातार अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक आपको सूचित करना है कि आप बिना अवकाश स्वीकृति के अपने कार्य से दिनांक 03.02.2025 से लगातार अनुपस्थित चल रही है। इस सम्बन्ध में आपको इस कार्यालय के विभिन्न पत्रों के माध्यम से चेतावनी दी गई है। परन्तु आपको बार-बार चेतावनी दिये जाने के उपरान्त भी आप अपनी कार्य प्रणाली में सुधार नही ला रही है। तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के साथ ही अपने कार्य/संस्था से दिनांक 03.02.2025 से लगातार अनुपस्थित चल रही है।

अतः इस सम्बन्ध में आपको समाचार पत्रों के माध्यम से अन्तिम चेतावनी दी जाती है कि आप 15 दिवस के अन्तर्गत अपने कार्य / संस्था में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपकी सेवायें समाप्ति हेतु उच्चाधिकारियों की संस्तुति सहित प्रेषित कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**(डा० डी०सी० जोशी)**
**मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी नैनीताल**

पहल

### जल्द बंग भवन के लिए होगा भूमि चयन का कार्य आरंभ, विधायक शिव अरोरा ने दी जानकारी

# हरिचांद गुरुचांद स्मृति छात्रवृत्ति कोष के साथ बनेगा बंग भवन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विधायक शिव अरोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर हरिचांद गुरुचांद स्मृति छात्रवृत्ति कोष को शुरू कर बंगाली समाज के लोगों को विशेष सौगात दी गयी है। इसके अलावा जिला स्तर पर बंग भवन बनाने घोषणा भी की गयी है। जिसकी धनराशि जारी कर दी गई है। जल्द भूमि का चयन कर कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी से देहरादून में मुलाकात के दौरान लिखित पत्र देकर बंगाली समाज की दो महत्वपूर्ण मांगों को उनके समक्ष रखा था। उन्होंने बताया कि बंगाली समाज के लोग जो जिला ऊधमसिंह नगर व इसके आसपास के क्षेत्र में काफी बड़ी संख्या में निवास करते हैं, लेकिन उनके बच्चे जो शिक्षा में मेधावी हैं, आर्थिक समस्या के चलते आगे अच्छी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में उनके निवेदन पर मुख्यमंत्री ने हरिचांद गुरुचांद स्मृति छात्रवृत्ति कोष स्थापना को मंजूरी के निर्देश देकर बंगाली समाज के लोगो को विशेष सौगात दी है। उन्होंने बताया कि कमेटी में जिलाधिकारी अध्यक्ष, सीडीओ, मुख्य कोषाधिकारी व बंगाली समाज से एक उपाध्यक्ष, दो सदस्य सहित कुल तीन लोग कमेटी में रहेंगे। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति योजना से बंगाली समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा में लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के दौरान बंगाली समाज के लोगों को जिला स्तर पर बंग भवन बनाने घोषणा की थी। जिसकी धनराशि जारी कर दी गई है। जल्द भूमि चयन कर कार्य आरंभ होगा। इस अवसर पर पूर्व मंडी चेयरमैन केके दास, बंगाली सभा अध्यक्ष राजकुमार साह, बलाई विश्वास, तरुण दत्ता, जगदीश विश्वास, मानवेन्द्र राय, शिव कुमार राय, गोविंद राय, मुकेश मंडल, शंकर विश्वास, गजेंद्र प्रजापति, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।



पत्रकारों को जानकारी देते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

## एक नजर

### गुमशुदा महिला और उसकी पुत्री को किया बरामद

**खटीमा :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमशुदा महिलाओं व बच्चों की बरामदगी के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा सविता और उसकी पुत्री निवासी पूरनापुर को ग्राम रामराज थाना बहसूमा जिला मेरठ उत्तर प्रदेश से बरामद किया है। टीम में उपनिरीक्षक पंकज सिंह महर, इसाक अहमद, एसओजी के भूपेंद्र, सुनीता रावत आदि शामिल थे।

### वारंटी को दबोचा

**खटीमा :** कोतवाली में दर्ज मामले में आरोपी के न्यायालय में उपस्थित न होने के बाद न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। जिसके तहत कारवाई करते हुए पुलिस ने वार्ड संख्या 10 गोटिया, इस्लामनगर निवासी गुलवेज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस टीम में एसआई पंकज सिंह महर, शाहनवाज अंसारी, दीपक कुमार, ललित कन्याल आदि शामिल रहे।

### करीबी बोले-लक्ष्य नहीं करता था कोई भी नशा, आखिर क्यों बहेड़ी से पंतनगर आया लक्ष्य, पुलिस ने अपनी तफ्तीश को जारी रखने का निर्णय लिया

# लक्ष्य की मौत बनी मिस्ट्री, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया ओवरडोज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना पंतनगर में हुई लक्ष्य संधु मौत प्रकरण एक मिस्त्री बनता जा रहा है। कारण जहां पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण अत्यधिक नशे की ओवरडोज बताया जा रहा है। वहीं करीबियों का मानना है कि लक्ष्य कोई भी नशा नहीं करता था। सवाल यह उठता है कि जब युवक नशेड़ी नहीं था तो बहेड़ी से थाना पंतनगर आखिर क्यों आया। जिसके बाद पुलिस ने अपनी तफ्तीश को जारी रखने का निर्णय लिया।


लक्ष्य संधु (फाइल)।


घटनास्थल पर पड़ी बुलेट। ● अमृत विचार

बताते चलें कि मंगलवार की सुबह थाना पंतनगर इलाके में पिछले तीन दिन से लापता बहेड़ी यूपी निवासी 29 वर्षीय लक्ष्य संधु का शव बुलेट के नीचे दबा हुआ पाया गया था। शव धूप व बारिश के कारण काफी काला पड़ चुका था। मौका मुआयना करने पर पुलिस ने शव के पास से करीब तीन नशे के इंजेक्शन और दो जेब से बरामद किए थे। प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस का मानना था कि युवक शायद इंजेक्शन लेने आया था या फिर बिक्री को आया होगा।

सवाल यह उठता है कि 30 किलोमीटर युवक नशा करने क्यों आएगा और नशा बिक्री कर वापस बहेड़ी क्यों नहीं लौटा और तीन दिन तक लापता क्यों रहा। बुधवार को प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण नशे की ओवरडोज होना बताया गया और युवक के एक हाथ में इंजेक्शन के कई छेद भी होना पाया गया। दूसरी ओर युवक के दोस्त व करीबी यह मानने को तैयार ही नहीं है कि लक्ष्य की मौत ओवरडोज के कारण हुई है। दावा किया कि लक्ष्य कोई भी नशा नहीं करता था तो नशा करने या फिर बेचने का औचित्य नहीं बनता। आशंका जताई कि साजिश के तहत युवक की हत्या की होगी और मौत के लिए ओवर डोज दिया होगा।

#### बुलेट नंबर यूके 06, रहने वाला यूपी का

**रुद्रपुर :** मृतक लक्ष्य बहेड़ी का रहने वाला बताया गया, जबकि पुलिस ने जब बुलेट संख्या यूके-06 एक्यू-3105 की डिटेल निकाली तो बुलेट वर्ष 2018 में रुद्रपुर सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में पंजीकृत निकली। पंजीकरण में लक्ष्य का पता वार्ड-आठ किच्छा अंकित था। पुलिस अब यह भी तफ्तीश कर रही है कि लक्ष्य का जब पता किच्छा है तो बहेड़ी में गुमशुदगी क्यों दर्ज है। क्या लक्ष्य ने ही खुद बुलेट रुद्रपुर से खरीदी या फिर किच्छा के किसी व्यक्ति ने दिलाई थी।

#### लूट-हादसा भी नहीं है मौत का कारण

**रुद्रपुर :** प्रारंभिक पड़ताल में लक्ष्य की मौत लूट भी नहीं निकली। कारण घटनास्थल में पड़े मृतक युवक के गले में सोने की चेन, जेब से एक पर्स जिसमें कुछ रुपये के अलावा आधार कार्ड और क्रेडिट कार्ड बरामद हुआ है। इसके अलावा शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। घटनास्थल पर पुलिस की टीम भी हैरान थी कि हाईवे से इतनी दूर और 30 किलोमीटर का सफर कर आखिर लक्ष्य खेती वाले इलाके में क्यों आएगा।

#### सीसीटीवी-बिसरा खोलेगा मौत का राज

**रुद्रपुर :** पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ओवरडोज की पुष्टि होने के बाद भी पुलिस ने तफ्तीश को जारी रखने का निर्णय लिया है। जिसके चलते पीएम के दौरान बिसरा को सुरक्षित रखकर जांच के लिए भेजा जाएगा। 28 जून से एक जून तक लक्ष्य किसके साथ आया था और घटनास्थल तक किसी के साथ आया या नहीं। इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। कारण लक्ष्य घर से फिल्म देखने की बात कहकर निकला था।

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लक्ष्य की मौत का कारण नशे का ओवरडोज बताया गया है। बावजूद पुलिस ने बिसरा सुरक्षित कर जल्द ही जांच को भेजने का निर्णय लिया है। पुलिस मौत प्रकरण की तफ्तीश जारी रखेगी। मौत की वास्तविक पुष्टि होने तक सीसीटीवी, सीडीआर की पड़ताल करेगी। इन सभी पहलुओं की जांच के बाद ही अनसुलझे सवालों के जवाब खोजे जाएंगे।
>
> **-सुंदरम शर्मा**, थाना प्रभारी, पंतनगर

# पार्षदों को जनता की समस्याओं के लिए निभानी चाहिए सक्रिय भूमिका

### ग्राम्य विकास संस्थान में हुआ प्रशिक्षण, पार्षदों को अधिकारों व कर्तव्यों की दी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** राज्य नगरीय विकास संस्थान की ओर से नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य पार्षदों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, नगर निगम की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रबंधन से अवगत कराना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में सुशासन को प्रभावी रूप से लागू कर सके। कार्यक्रम के पहले दिन विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।

बुधवार को ग्राम्य विकास संस्थान के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक नीरज जोशी ने पार्षदों को नगर निगम अधिनियम, पार्षदों की भूमिका, कर्तव्य और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि पार्षदों को जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और नगर निगम की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने में सहयोग करना चाहिए।

प्रशिक्षक जेसी जोशी ने नगर निगम के वित्तीय प्रबंधन, बजट निर्माण, टैक्स कलेक्शन और लेखा प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए पार्षदों को बताया कि निगम का बजट केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि विकास का रोडमैप होता है। उन्होंने पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में पार्षदों को महापौर के अधिकारों के बारे में भी बताया गया। साथ ही नगर निगम नियमावली की जानकारी देते हुए यह बताया गया कि हर वर्ष कम से कम छह अधिवेशन आयोजित किए जाने अनिवार्य हैं और प्रत्येक अधिवेशन की सूचना सभी पार्षदों को बैठक के 72 घंटे पूर्व दी जानी चाहिए।

कार्यक्रम निदेशक मनोज पांडेय, प्रशिक्षण प्रबंधक आशा जोशी और उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे की उपस्थिति में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्षदों के व्यवहारिक सत्र भी आयोजित किए गए। जिनमें उन्हें समस्याओं की पहचान, समाधान की प्रक्रिया, योजना निर्माण, जन सहभागिता और शहरी विकास के विविध पहलुओं से रूबरू कराया गया। सभी पार्षदों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया।


ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

#### ये लोग रहे मौजूद

पार्षद पवन राणा, इंद्रजीत सिंह, चिराग कालरा, जितेश कुमार, राजेश जग्गा, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, शुभम दास, शिव कुमार गंगवार, परवेज खान, प्रियंका गुप्ता, एमपी मौर्या, सुशील मंडल, गिरीश पाल, जगदीप भाटिया, मोहम्मद अशफाक और सरोराय सहित सभी वार्डों के पार्षद उपस्थित रहे।

## पिस्टल बरामद आरोपी का चल रहा था विवाद

**रुद्रपुरः** 28 जून को वाहन चालक से हुए विवाद के बाद एक युवक को 32 बोर की पिस्टल के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी रंपुरा प्रदीप कुमार और दरोगा नवीन जोशी पुलिस टीम के साथ इंदिरा चौक से रामपुर हाईवे पर रात्रि गश्त पर थे। इस बीच प्रीत विहार कॉलोनी मोड़ के समीप खबर मिली कि 28 जून को पिस्तौल दिखाकर धमकाने वाला युवक सेल टैक्स कार्यालय के समीप स्थित चाय की दुकान पर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमृत पाल निवासी लोक बिहार कॉलोनी बताया और तलाशी लेने पर 32 बोर की लोडेड पिस्टल भी बरामद की। पूछताछ में आरोपी अमृतपाल ने बताया कि 28 जून को वह अपने दोस्त के साथ क्रेटा कार से जा रहा था कि रास्ते में उसका एक वाहन चालक से विवाद हो गया और आवेश में आकर उसने पिस्टल निकाली और चालक को धमकाया था। तभी से वह विवाद के कारण पिस्टल रखकर घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# नजूल, राजस्व, सीलिंग नालों पर कार्रवाई करें


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

- लोगों से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण व निर्माण नहीं करने की अपील
- डीएम ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रुद्रपुर शहर में नजूल, राजस्व, सीलिंग व नदी व नालों की भूमि संरक्षित करने व अतिक्रमण हटाने को लेकर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी ने नजूल, नदी, नाले, सीलिंग व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, निर्माण न करने की लोगों से अपील की।

बुधवार को कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निगम क्षेत्र में नजूल, नदी, नाले, सीलिंग व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करने की सार्वजनिक सूचना व चेतावनी, लाउडस्पीकर व डुगडुगी द्वारा प्रसारित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने टास्क फोर्स बनाकर अतिक्रमण रोकने व अवैध निर्माण तोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने कल्याणी नदी क्षेत्र, पहाड़गंज क्षेत्र, प्रीत बिहार क्षेत्र आदि संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी एवं नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में रोडवेज बस चालक की मौत

**सुल्तानपुर पट्टीः** नगर के रामपुर चौराहे पर बुधवार को सड़क हादसे में रोडवेज बस चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक सुरजीत सिंह (40) पुत्र निरंजन सिंह निवासी आवास विकास, जसपुर, रोडवेज में चालक के पद पर कार्यरत था। बुधवार को वह अपने परिचालक जीत सिंह के साथ चंडीगढ़ से हल्द्वानी जा रहा था। जब उनकी बस नगर के रामपुर चौराहे के पास पहुंची, तभी तेज गति से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जब ट्रैक्टर चालक भागने लगा तो सुरजीत सिंह ने ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान वह ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी संदीप शर्मा मौके पर पहुंचे और घायल चालक को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से बाजपुर के सरकारी अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के वक्त बस में करीब 16 यात्री सवार थे, जो सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा कर दिया है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। चौकी प्रभारी संदीप शर्मा ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच जारी है।

# दो लोगों ने किया चाकू से हमला

- सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षण स्टाफ में कार्यरत है घायल युवक
- डंडा मारकर गिराया फिर चाकू से गला रेतने की कोशिश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** सरकारी अस्पताल के प्रशिक्षण स्टाफ के एक युवक पर दो अज्ञात लोगों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। मामले में घायल के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घायल अस्पताल में भर्ती है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब आठ बजे के आसपास सुखदेव सिंह निवासी रम्पुरा अपने कुंडेश्वरी निवासी दोस्त के घर से वापस लौट रहा था। इस दौरान शिवालिक स्कूल के पास पहुंचने पर छिपकर बैठे दो लोगों ने अचानक उसपर हमला कर दिया। घायल ने बताया कि एक व्यक्ति ने उसके पैर पर डंडा मारा, तो दूसरे ने पीछे से आकर उसका गला चाकू से रेतने की कोशिश की। उसने उन्हें धक्का देकर खुद को बचाया। तभी पीछे से आ रहे कुछ बाइक सवारों ने हल्ला किया तो दोनों अज्ञात हमलावर खेतों के रास्ते वहां से भाग निकले। धक्का मुक्की में सुखदेव के सीने पर चाकू से गहरा घाव हो गया। जिसके बाद वह खुद एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय पहुंचा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती किया गया है। सुखदेव ने बताया कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं है और न ही वह हमलावरों को जानता है। घायल के पिता ने कुंडेश्वरी चौकी में तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल सुखदेव ने डी फार्मा किया है और वर्तमान में वह एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में प्रशिक्षण स्टाफ में कार्यरत है।


अस्पताल में भर्ती घायल सुखदेव सिंह।

## महिला से छेड़छाड़ का आरोपी दोषमुक्त

**काशीपुर :** न्यायिक मजिस्ट्रेट/द्वितीय अपर सिविल जज (जूडि) चेतन सिंह गौतम की अदालत ने महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन के अनुसार 01 जुलाई 2018 को एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती है। जब वह काम के लिये जाती है तो ग्राम सरवरखेड़ा निवासी शेरू कॉलोनी के आसपास छिपा रहता है और रास्ता रोककर अभद्रता, अश्लील टिप्पणी करता है। मना करने पर गाली-गलौज करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। अभियुक्त की ओर से सिंधू आकाश एडवोकेट ने पैरवी की।

# चेक बाउंस के दोषी को तीन माह का कारावास

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (सीडि) पायल सिंह की अदालत ने चेक बाउंस के दोषी को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2.05 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

मोहल्ला पक्काकोट निवासी सिमरन ने अपने अधिवक्ता देवेंद्र कुमार पाल के माध्यम से न्यायालय में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत परिवाद दायर किया। जिसमें कहा कि अशरफी लाल उसके मोहल्ले के ही निवासी हैं और उनके पारिवारिक संबंध हैं। अशरफी लाल ने सिमरन से 11 दिसंबर 2020 को 1.80 लाख रुपये उधार लिये और 11 जून 2021 तक रकम वापस करने का समय लिया। जिसकी एवज में अशरफी लाल ने दो चेक जारी किये। समय पूरा होने पर रकम वापस मांगी तो उसने दिये गये दो चेकों के माध्यम से रकम लेने को कहा। चेकों को भुगतान के लिये जब बैंक में लगाया तो वह खाते में रकम न होने पर बिना भुगतान के वापस हो गये। 15 दिसंबर 2022 को पुलिस को तहरीर दी गई तो अशरफी लाल ने चौकी में आकर 1.80 लाख रुपये का चेक दे दिया। चेक भुगतान के लिये लगाने पर वह बैंक द्वारा अनादरित कर दिया गया। न्यायालय ने अधिवक्ताओं की बहस, पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन कर अशरफी लाल को दोषसिद्ध करते हुए तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2.05 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

#### चेक बाउंस के मामले में एक माह की सजा सुनाई

**काशीपुर :** चेक बाउंस के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज(जू.डि.) ने अभियुक्त को एक लाख दस हजार रुपये जुर्माना व एक माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। गिरीताल निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम मिस्सरवाला निवासी मो. रिजवान से उसकी जान-पहचान थी। किसी आवश्यक काम के नाम पर रिजवान ने उनसे दिसंबर 2018 में एक लाख रुपये की मांग की। बिना किसी ब्याज के उन्होंने गवाह के सामने रुपये दे दिए। उसने छह महीने में रुपये वापस करने का भरोसा दिलाया था। एक साल बाद भी जब उसने पैसे नहीं लौटाए, तब उन्होंने उससे रुपयों की मांग की। उसने आर्थिक तंगी का हवाला देकर एक दो महीने का और समय मांगा। समय बीतने के बाद जब दोबारा पैसे मांगे तो उसने एक लाख रुपये का चेक दे दिया। रुपये निकालने के लिए बैंक में चेक जमा करने पर बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने रिजवान के खिलाफ केस दर्ज कर रुपये वापस दिलाने की मांग की। न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज(जू.डि.) करिश्मा डंगवाल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मो. रिजवान को अपराध के लिए दोषसिद्ध करते हुए एक लाख 15 हजार रुपये के जुर्माने और एक माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई।

**मुहिम** | पंचायत चुनाव के मद्देनजर जनपद पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान, 12000 लीटर लहन नष्ट

# 279 लीटर कच्ची शराब बरामद, 12 माफिया धरे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम चलाते हुए जनपद पुलिस ने सैकड़ों लीटर शराब बरामद की और 12 माफियाओं को गिरफ्तार किया। इसके अलावा हजारों लीटर लहन को भी नष्ट कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

बुधवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर जिले में आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है। बावजूद कई स्थानों पर कच्ची शराब की बिक्री की शिकायतें भी मिल रही थीं। जिसको ध्यान में रखते हुए एक साथ धरपकड़ की कार्रवाई की। इसके तहत 12 हजार लीटर लहन नष्ट किया। वहीं थाना दिनेशपुर में 10 लीटर शराब, एक आरोपी, किच्छा में 20 लीटर शराब, एक अभियुक्त, रुद्रपुर में 20 लीटर शराब एक अभियुक्त पर गिरफ्तारी व बरामदगी हुई। इसी तरह नानकमत्ता में 30 लीटर शराब एक अभियुक्त, खटीमा में 15 ली शराब, एक अभियुक्त, काशीपुर में 29 ली शराब एक अभियुक्त, सितारगंज में 65 ली शराब तीन अभियुक्त, पुलभट्टा में 50 लीटर शराब दो अभियुक्त, किच्छा में 40 ली शराब व एक अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।


शराब तस्करों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

#### अवैध कच्ची शराब सहित एक दबोचा

**खटीमा :** पंचायत चुनाव को देखते हुए पुलिस शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक किशोर पंत ने टीम के साथ सुजिया महोलिया क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर देवीपुरा थाना नानकमत्ता निवासी कुलदीप सिंह को 45 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

## मारपीट करने पर 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**किच्छा :** नगर के पुरानी गल्ला मंडी में पड़ोसी द्वारा पीड़ित पर ईंट पत्थरों से हमला करने के प्रकरण में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुरानी गल्ला मंडी निवासी अंशु श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पड़ोस के रहने वाले रतनलाल सागर, अजय देवेंद्र उर्फ छोटा, अंकित लाल व उसके परिवार का सूरज, शिवम, भगवत शरण आदि कई लोगों द्वारा उसे गालियां दी जा रही थीं, जिसका विरोध करने पर पीड़ित की मां संतोष, भाई विक्की घर से बाहर आ गए। आरोप लगाया कि आरोपी रतनलाल सागर और उसके परिजनों ने अपनी छत से ईंट पत्थर फेंकने शुरू कर दिए और परिवार को खत्म करने की धमकी दी। ईटों की बौछार से पीड़ित की मां संतोष श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया कि शोर सुनकर आसपास के लोग भी आ गए। लोगों के समझाने पर आरोपी रतनलाल छत से नीचे चला गया।

# तकनीकी और मैनुअल पुलिसिंग से की जाएगी निगरानी : कप्तान

- चुनाव-मोहर्रम को लेकर अलर्ट हुई पुलिस, एसएसपी ने अधीनस्थों को दिए आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि पंचायत चुनाव और मोहर्रम को लेकर पुलिस हमेशा अलर्ट रहेगी और तकनीकी व मैनुअल पुलिसिंग के माध्यम से निगरानी करेगी। वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हुई बैठक में एसएसपी ने अधीनस्थों को आदेशित किया।

बुधवार को वीडियो कांफ्रेसिंग में एसएसपी ने अधीनस्थों ने कहा कि पंचायत चुनाव की घोषणा हो चुकी है और मोहर्रम करीब है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं होगी और सभी थाना प्रभारी तकनीकी एवं मैनुअल पुलिसिंग कर संवेदनशील इलाकों की निगरानी करेंगे। उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च एवं फुट पेट्रोलिंग, इंटेलिजेंस इनपुट, सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी, संपर्क संवाद, सोशल मीडिया निगरानी, वाहन चेकिंग एवं नाकाबंदी इन सभी बिंदुओं पर पुलिस कार्य करेगी। आदेशित किया कि चुनाव को प्रभावित या फिर कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को चिह्नित कर कठोर की जाए और सभी धार्मिक स्थलों की ड्रोन से निगहबानी की जाए। इसके अलावा सभी थानों-चौकियों में पीस कमेटी के साथ सामंजस्य बनाकर शांति व्यवस्था को बनाने का प्रयास करें।


अधीनस्थों के साथ बैठक करते एसएसपी। ● अमृत विचार

गतिरात्मवतां सन्त: सन्त एव सतां गति: ।
असतां च गति: सन्तो न त्वसन्त: सतां गति: ॥

सज्जन पुरुष सबका सहारा होते है। सज्जन बुद्धिमानों का सहारा होते हैं, सज्जनों का सहारा होते हैं, दुर्जनों का सहारा होते है लेकिन दुर्जन कभी सज्जनों का सहारा नहीं हो सकते।

## संपादकीय

# जटिल वैश्विक चुनौती

यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। यह युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के बीच एक क्षेत्रीय संघर्ष है, बल्कि इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ा है। यानी यूक्रेन पर रूस का आक्रमण एक जटिल वैश्विक चुनौती है, जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमले तेज हो चुके हैं। बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले खास हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यूक्रेन को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और तोप के गोलों की आपूर्ति नहीं मिलेगी। यूक्रेनी विशेषज्ञों ने भी अमेरिका के फैसले पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि युद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में व्यापक तबाही हुई है और इसके परिणाम स्वरूप एक गंभीर शरणार्थी संकट भी पैदा हुआ है, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव पड़ा है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता 2014 में शुरू हुई थी, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन किया था। 24 फरवरी, 2022 को, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। रूस का आक्रमण शीत युद्ध के बाद की व्यवस्था को चुनौती देता है, जो राष्ट्रों के बीच संवाद, सहयोग और राजनीतिक-आर्थिक संबंधों के माध्यम से एक बहुध्रुवीय व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही थी। भारत को रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना है, जो एक जटिल चुनौती है। भारत को चीन के साथ रूस के बढ़ते संबंधों और चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ अपनी सीमा की स्थिति पर भी विचार करना होगा। भारत ने इस मामले में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन उसे अपने हितों को सुरक्षित रखने और वैश्विक सुरक्षा में योगदान करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही यूक्रेन का समर्थन किया है। लेकिन वह बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने के पक्ष में है। भारत का मानना है कि विवादों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है और वह कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन करता है।

# कंक्रीट के जंगलों में पानी की बगावत



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों में जलभराव की समस्या केवल जल निकासी प्रणाली की विफलता से नहीं, बल्कि भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप और शहरी भूगोल की अनदेखी से भी जुड़ी है। प्राकृतिक जलमार्गों और झीलों को पाटकर बनाए गए मॉल, सोसाइटी और सड़कें वर्षा जल के प्रवाह को रोक देती हैं।

शहरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब वही विस्तार मानसून की पहली तेज बारिश में घुटनों तक पानी में डूबा दिखे, तो यह विकास एक विडंबना बन जाता है। भारत के कई तथाकथित स्मार्ट सिटी : जैसे गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई, हर साल बारिश के मौसम में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरों में छा जाते हैं। कारण स्पष्ट है: तेजी से होता शहरीकरण, कंक्रीट की भरमार और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 100 स्मार्ट सिटीज़ में से 80 से अधिक शहरों में मानसून के दौरान जलभराव आम समस्या है। उदाहरण के तौर पर, बेंगलुरु में 2022 की भारी बारिश में लगभग 8,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। यह तब हुआ जब बेंगलुरु को देश का टेक हब और स्मार्ट प्लानिंग का मॉडल माना जाता है। असल में, जब शहरों की योजना बनती है तो अक्सर बारिश के पानी की निकासी को लेकर सतही नजरिया अपनाया जाता है। जलनिकासी नालों की चौड़ाई कम रखी जाती है, पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता और वर्षाजल को दोबारा इस्तेमाल करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, थोड़ी सी भारी बारिश भी सड़कों को दरिया बना देती है और बुनियादी ढांचा भरभराकर गिरने लगता है। यह विडंबना तब और बढ़ जाती है जब स्मार्ट सिटी की परिकल्पना ही बेहतर जीवन, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी दक्षता के नाम पर की गई हो। ज़ाहिर है, समस्या सिर्फ बारिश की नहीं, हमारी योजना और प्राथमिकताओं की भी है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कई शहरों में 40–60 प्रतिशत वर्षा जल बहकर सीवर में चला जाता है, जबकि इसे संग्रह कर जल संकट का समाधान बनाया जा सकता था। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब नगर निगमों के पास न तो जल निकासी की नियमित सफाई की योजना होती है, न ही अतिक्रमण हटाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। अक्सर देखा गया है कि नालियां प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम होती हैं, और मानसून के ठीक पहले कोई आपातकालीन सफाई अभियान दिखावे के लिए चलाया जाता है। तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के इस युग में जब हम ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर कचरे के वजन तक को ट्रैक कर सकते हैं, तब बारिश के पानी की दिशा और दबाव को मैप करने की कोई ठोस व्यवस्था न होना हमारी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यह विडंबना भी ध्यान देने योग्य है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में करोड़ों खर्च हुए हैं, लेकिन इन्वेसमेंट का एक छोटा हिस्सा भी 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन प्लानिंग' की ओर नहीं गया। ऐसे में पानी की बगावत नहीं, उसकी अवहेलना ही असली गुनहगार है।

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे काफी अलग है। स्मार्ट सिटी प्रगति रिपोर्ट (2023) के अनुसार, कुल 7,800 से अधिक परियोजनाओं में से मात्र 8 प्रतिशत ही ऐसे प्रोजेक्ट थे जो जल निकासी या जल संरक्षण से जुड़े थे। बाकी धनराशि अधिकतर सड़कों, वाई-फाई ज़ोन, और एलईडी लाइट्स जैसी परियोजनाओं पर खर्च हुई। उदाहरण के लिए, भोपाल स्मार्ट सिटी में करोड़ों रुपये की लागत से साइकिल ट्रैक और ई-गवर्नेंस सिस्टम विकसित किया गया, परंतु मानसून में मुख्य बाज़ार क्षेत्र हर साल पानी में डूब जाता है। दूसरी ओर, 'अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन' (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं ने कुछ हद तक पानी की पाइपलाइन और सीवरेज सुधारने का काम किया, लेकिन व्यापक ड्रेनेज पुनर्निर्माण और जल पुनर्चक्रण को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। कई नगर निकायों के पास इंजीनियरिंग और प्लानिंग का तकनीकी स्टाफ ही नहीं है जो वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आंकलन कर सके। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का मूल्यांकन अक्सर सतही रूप से किया गया, जिसमें वर्षाजल संकट या जलभराव जैसी समस्याओं को मात्र "इंसीडेंट" मानकर नज़रअंदाज़ किया गया। सरकार ने दिशा तो तय की, लेकिन ज़मीन पर उसका क्रियान्वयन अधूरा, बेमेल और तकनीकी दृष्टि से कमज़ोर रहा।

> भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी।

जबकि वहीं दूसरी और विकसित देशों ने शहरी जल प्रबंधन को सिर्फ बुनियादी ढांचे की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा है। सिंगापुर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ 'सक्रिय, सुन्दर, स्वच्छ जल' (एबीसी वाटर्स) कार्यक्रम के तहत वर्षा जल को संग्रह करने, शुद्ध करने और दोबारा उपयोग में लाने की संरचना बनाई गई है। शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट में 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन डिज़ाइन' अनिवार्य है, जिसमें फुटपाथ से लेकर पार्किंग ज़ोन तक में ऐसा डिज़ाइन होता है कि पानी ज़मीन में समा सके या संग्रहित हो जाए। नीदरलैंड्स ने जल प्रबंधन को अपने राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा माना है और वहां के शहरों में 'तैरते पड़ोस' जैसी योजनाएं तक बनी हैं, जो बाढ़ की स्थिति में जल पर तैरती रहें। टोक्यो में भारी वर्षा के समय सैकड़ों लाख गैलन पानी भूमिगत सुरंगों में संग्रह कर लिया जाता है। चीन ने हाल के वर्षों में 'स्पंज सिटी' योजना लागू की, जिसमें शहरों को इस तरह डिज़ाइन किया जा रहा है कि वे बारिश के पानी को सोख सकें, स्टोर कर सकें और जरूरत के समय वापस छोड़ सकें : जैसे प्राकृतिक स्पंज काम करता है। इन देशों के प्रयास इस विचार पर आधारित हैं कि पानी को दुश्मन मानकर हटाया नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे मित्र मानकर संभाला जाना चाहिए। उनके यहां वर्षा जल निकासी का मतलब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि उसे उपयोगी बनाना भी है। भारत जैसे देश को इन सफल मॉडलों से सीखकर अपने स्थानीय संदर्भ में स्मार्ट, टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान अपनाने होंगे, वरना हर बारिश एक नई आपदा में तब्दील होती रहेगी।

यदि भारत को वास्तव में स्मार्ट सिटीज़ के साथ स्मार्ट मानसून मैनेजमेंट की ओर बढ़ना है, तो सबसे पहले वर्षा जल को 'वेस्ट' नहीं, 'रिसोर्स' की तरह देखना होगा। शहरों की प्लानिंग में वर्षा जल को संरक्षित करने, उसे रिचार्ज ज़ोन में भेजने और दोबारा उपयोग की व्यवस्था को अनिवार्य करना होगा। इसके लिए "रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" सिस्टम को सिर्फ कानूनों की किताबों में नहीं, ज़मीन पर लागू करना होगा - सख्ती और निगरानी के साथ। स्कूल, मॉल, सरकारी भवन और अपार्टमेंट्स को इसके लिए जवाबदेह बनाया जाए और नगर निगम इसकी समय-समय पर ऑडिटिंग करे। इसके अलावा, पारंपरिक जल निकासी प्रणालियां जैसे झील, नाले और जोहड़, जिन्हें शहरीकरण की दौड़ में समाप्त कर दिया गया, उन्हें पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। सरकार को अपने बजट आवंटन में जल प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, केवल सड़कें और डिजिटल बोर्ड लगाने से शहर स्मार्ट नहीं बनते। जीआईएस और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह मुमकिन है कि हर बारिश के पहले यह पता चल सके कि किस इलाक़े में जलजमाव की आशंका है और पहले से ही वहां राहत दल या जल निकासी के साधन तैनात किए जा सकें। भारत को आवश्यकता है एक समेकित, दीर्घकालिक और विज्ञान आधारित योजना की, जिसमें केवल 'प्रोजेक्ट्स' नहीं, एक टिकाऊ जीवनशैली का लक्ष्य हो।

## प्रसंगवश

# जरूरतमंद रोगियों को जीवन देगी 'ई-रक्त कोष' मुहिम

रक्त की कमी से किसी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े, इस दिशा में केंद्र सरकार ने बेहतरीन मानवीय कदम उठाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट में प्रत्येक चौथे भारतीयों में खून की कमी बताई है जिसके चलते भविष्य में मरीजों की सख्याओं में बेहताशा वृद्वि होने की संभावना है। हालांकि, खून की कमी आज से नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों से कुछ ज्यादा ही महसूस हुई है। अस्पतालों में भर्ती मरीज को समय से ब्लड नहीं मिलने पर जान गंवाते हैं। जरूरत के वक्त 'रेयर ब्लड' का मिलता तो संभव ही नहीं होता? डोनर भी अब ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। हम-आप में ऐसे तमाम भुक्तभोगी होंगे, जब विकट समस्याओं के वक्त खून मांगने पर देश के 'ब्लड बैंक' सफेद हाथी हुए हों? पर, हां ब्लैक और मुंह मांगी कीमतों पर अस्पतालों के ईद-गिर्द मंडराते दलाल असहजता से खून आज भी मुहैया करवा देते हैं। तब ताज्जुब होता है कि आखिरकार उनके पास खून कहां से आता है। तल्ख़ सच्चाई ये है, वो खून वही होता है जिसे हम-आप रक्तदान के नाम पर इनको देकर चले जाते हैं?

> भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है।



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने की चुनौती स्वास्थ्य तंत्र के पास पहाड़ जैसी खड़ी होती है। यही कारण है कि दिनों दिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता बढ़ रही है। तभी, केंद्र सरकार के आदेशानुसार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समूचे हिंदुस्तान में दुर्लभ रक्त की उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक नायाब तरीका खोजा है। 'राष्ट्रीय ऑनलाइन ई-रक्त कोष' को सरकार ने एकीकृत किया है। दरअसल, ऐसा पोर्टल या मंच होगा जहां से मरीजों को हर प्रकार के खून की उपलब्धता मात्र एक क्लिक में पूरी हो जाया करेगी। योजना की रूपरेखा 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद' के तहत मुंबई स्थित 'राष्ट्रीय इम्यूनो हेमेटोलॉजी संस्थान' ने तैयार की है। परियोजना का नामकरण 'दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री' रखा गया है। जहां सामान्य, दुर्लभ व रेयर ब्लड की उपलब्धता चौबीसों घंटे रहा करेगी। थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे रोगियों के लिए तो योजना नया जीवन देने का काम करेगी। केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास ब्लड की ब्लैकमेलिंग से संबंधित सालाना हजारों की संख्याओं में शिकायतें पहुंचती हैं। ब्लड के नाम पर देश के अस्पतालों में बड़ा रैकेट सक्रिय है। भारत में रक्तदान के नाम पर लोग गोरखधंधा करते हैं। 'ब्लड ठग' खास दिवसों पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाकर डोनरों से झूठ बोलकर ब्लड लेते हैं फिर उसे अस्पतालों में बेचते हैं। 143 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में इस वक्त करीब 4 से 5 लाख ब्लड बैंक रजिस्टर्ड हैं, लेकिन ज्यादातर कागजों में ही सक्रिय हैं। कुछ ही 'ब्लड बैंक' ऐसे हैं जो वास्तव में जमीन पर काम कर रहे हैं। अगर सभी ब्लड बैंक ईमानदारी से काम करते तो केंद्र सरकार को 'ऑनलाइन ई-रक्त कोष' बनाने जरूरत नहीं पड़ती।

इस सरकारी 'रक्त पोर्टल' को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यून हेमेटोलॉजी के अलावा अन्य चार सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर 4,000 सावधानीपूर्वक जांचे गए रक्तदाताओं का डेटाबेस बनाया है, जिनका 300 से अधिक दुर्लभ रक्त मार्करों के लिए परीक्षण किया गया। इससे चिकित्सकों को दुर्लभ और विशेष रूप से मिलान किए गए रक्त को जल्दी से खोजने में मदद मिलेगी। भारत भर के रोगियों की मदद के लिए रेयर डोनर रजिस्ट्री ऑफ इंडिया प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। योजना का मकसद 'कोई भी मरीज रक्त की कमी के चलते अपना जीवन न खोए' है।

# चेतावनियों को नजरंदाज करने से आई तबाही

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौत का सन्नाटा है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से कब्रिस्तान बना हुआ है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला, में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हुआ। याद रखना होगा कि पिछली एक सदी में हिमाचल प्रदेश क औसत तापमान मने 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जाहिर है की इससे मौसम का मिजाज गड़बड़ा रहा है और अचानक तेज बारिश हो रही हैं। हिमाचल में 2024 के मानसून में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसका दोष नैसर्गिक जलवायु परिवर्तन से अधिक, पहाड़ों से जंगल कटाई , शहरीकरण और आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी, पर्यटन के नाम पर वाहनों की आमद दरफ्त बढ़ना, पहाड़ों पर बोझ बढ़ना आदि अधिक है। नदियों की अविरल धार रोकने से भूमि कटाव, नदियों का उथला होना और ग्लेशियर के पिघलने से अचानक बढ़ते जल स्तर आदि से वायुमंडल में नमी इतनी बढ़ती है कि बीते पांच सालों में कई बार बादल फटने की घटना हुई। इसी साल 14-15 फ़रवरी को आई आई टी, बॉम्बे में संपन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट (आईसीएम) में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

ज़्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं से ग्रस्त है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस मीटिंग में दुनिया भर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता, न ही सरकार ।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16 वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रही और इस बार मंडी में तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 97.42 प्रतिशत भूस्खलन की संभावना में है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक "लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट" अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए है। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगा वाट की करचम और 300 मेगा वाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है । एक बात और समझना होगा कि "वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। जब दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगे बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगा कर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। यह सच है कि विकास का पहिया बगैर अच्छी सड़कों और उर्जा के घूम नहीं सकता लेकिन इसके लिए ऐसी परियोजनाओं से बचा जाना चाहिए जो कि कुदरत की अनमोल देन कहे जाने वाले हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। खासकर प्रकृति-मित्र पर्यटन गतिविधियों को कड़ाई से पालन करने का वक्त या गया है वरना समूचे राज्य पर अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है ।

## सोशल फोरम

# आवागमन का गीता ज्ञान

सड़कों मे गड्ढे होना बेहद जरूरी। गड्ढों में झांक कर देखिए। गड्ढे ज्ञान का स्रोत। स्कूल कॉलेजों में किताबी ज्ञान मिलेगा आपको। असली ज्ञान सड़कों के गड्ढों में छुपा बैठा होता है। विचार कीजिए। आप अपनी धुन मे चले जा रहे हैं, अचानक सड़क किसी बडे गड्ढे में घुस जाती है। फिर आप खुद गड्ढे में होते हैं। आप फूटा सर लिए छिले हुए घुटनों के सहारे खड़े होते हैं। आप तय नहीं कर पाते कि सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क हैं। ऐसे में कबीर याद आते हैं फिर। जल में कुंभ ,कुंभ में जल है बाहर भीतर पानी। फूटा कुंभ जल जल ही समाना यह तथ कह्यो ग्यानी।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

खराब सड़कों पर सफर करना मुश्किल पर गड्ढों से सफलता पूर्वक गुजर कर मंजिल तक पहुंचने में जो संतोष मिलता है, उसे हवाई जहाज में उड़ने वाले महसूस नहीं कर सकते। सुबह घर से निकलने के बाद शाम को ज़िंदा घर पहुंचने में जो रोमांच है उसे लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता।

सड़कें, चाहे कितनी भी अच्छी हों, समय के साथ खराब हो जाती हैं। क्षणभंगुर जीवन जैसी सड़कें जल्दी जल्दी खराब होने के लिए बनाई जाती हैं ताकि दोबारा फिर बनाई जा सकें। वे भी हमारी ही तरह पैदा होती है मरती हैं और फिर जन्म लेती है। ये आवागमन का गीता ज्ञान है। सड़कों के गड्ढे हमें सिखाते है कि ज़िंदगी का कोई ठिकाना नहीं इसलिए हमें शांत और भला बना रहना चाहिए। खराब सड़कें हमें धीमा करती है। जल्दी पहुंचने की बेचैनी से मुक्त करती है और थोडे में संतुष्ट रहना सिखाती है। सड़कों के गड्ढे सादगी भरे गांधीवादी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए ये अच्छे हैं।

खराब सड़कें को दिक्कतों मे गिनना ,उसके गड्ढों को लेकर टसुए बहाना आपकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। सड़कों के गड्ढे हमें जीवन की अपूर्णताओं को स्वीकार करने और आत्म-चिंतन का पाठ पढ़ाने के लिए हैं। ये खराब वक्त जैसे हैं जो हमे आंतरिक रूप से शांत और संतुलित करते हैं। जगत मिथ्या है और गड्ढे सत्य हैं। हम नश्वर है किंतु गड्ढे चिरंजीवी हैं। वो हमें बेहतर बनाने के लिए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत

आजकल बुरी लत की कैटेगरी में सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना, सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता।

छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानि की बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते हैं। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है, वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है। यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का 'अटेंशन स्पैन' तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है।

कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग "पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है। साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, ''शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# 2027 में सत्ता की हैट्रिक लगाने जा रही भाजपा

## भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष पद पर महेंद्र भट्ट की दोबारा ताजपोशी से कार्यकर्ता उत्साहित, विस चुनाव में जुटने का आह्वान

- जिला पंचायत की सीटों पर भी लहराएगा भाजपा का परचम
- भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल ने किया स्वागत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष पद पर महेंद्र भट्ट की दोबारा ताजपोशी इस बात का संकेत है कि भाजपा वर्ष 2027 में सत्ता की हैट्रिक लगाने जा रही है और इस बार भाजपा साठ से अधिक सीटें जीतकर कीर्तिमान स्थापित करेगी।

यह बात भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल ने कही है। पाल ने कहा कि भाजपा हाईकमान व कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट को पुनः प्रदेश की बागडोर देकर यह साबित कर दिया है कि मिशन 2027 अब हर हाल में फतेह होगा। वहीं उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी अपील की है कि वह मिशन-2027 में अभी से जुटें। इसके चलते जिन सीटों पर भाजपा नहीं जीती है उन सीटों पर भी जीत हासिल की जा सके। पंचायत चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रत्येक जिला पंचायत की सीट से लेकर निचले स्तर तक की हर सीट पर जीत दर्ज करेंगे। इसमें भाजपा के बड़े नेताओं का मार्गदर्शन सभी को मिल रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर जपेंदर सिंह, भाजपा नेत्री भावना मेहरा आदि मौजूद रहे।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का स्वागत करते प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल। ● अमृत विचार


किच्छा में मिष्ठान वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### महेंद्र भट्ट के पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**किच्छा :** वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने महेंद्र भट्ट के पुन : प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मिष्ठान वितरण करते हुए खुशी का इजहार किया। नगर के किच्छा बाईपास स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नेता भट्ट के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन और पार्टी को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आगामी पंचायत चुनावों से लेकर 2027 के विधानसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाते हुए रिकार्ड कायम करेगी। मौके पर विशाल चौहान, ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, कमलेश दुबे, मनोज गुप्ता, रामकुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, राम कुमार, करन गंगवार, नवीन सिंह, अनिल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंजीयन प्राप्त करने से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी

- राज्य कर विभाग की ओर से पंजीयन शिविर का आयोजन
- 10 लाख रुपये की बीमा राशि का मिलता है लाभ

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** पंजीकृत व्यापारियों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से बुधवार को राज्य कर विभाग काशीपुर द्वारा जीएसटी पंजीयन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामराज रोड स्थित होटल सनशाईन में पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल बाजपुर, टैक्सबार एसोसिएशन बाजपुर एवं व्यापारियों से चर्चा करते हुए विभाग में पंजीयन प्राप्त करने से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को अवगत कराया गया कि एक पैन पर 20 लाख रुपये से अधिक की आपूर्ति होने या किसी भी राशि की अंतर-प्रांतीय आपूर्ति करने पर पंजीयन कराना अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त समस्त हितधारको को पंजीयन के लाभ यथा-इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ सरकारी संविदी विभाग के टेंडर/ई-कामर्स वेबसाइट पर व्यापार करना एवं राज्य कर विभाग उत्तराखंड की विशेष सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये की बीमा राशि जैसे पंजीयन के अनेक लाभों के बारे में अवगत कराते हुए अनिवार्य अथवा स्वैच्छिक पंजीकरण की श्रेणी में पंजीयन लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पंजीयन शिविर में विनय कुमार ओझा (उपायुक्त), अभिषेक सिंह ह्यांकी (सहायक आयुक्त), पूरन चंद्र जोशी (राज्य कर अधिकारी), रमेश चंद्र, मो.आरिफ, सत्यवान गर्ग (अध्यक्ष व्यापार मंडल), ललित कोचर (महामंत्री, व्यापार मंडल), नवनीत गोयल, वैभव जिन्दल, प्रवीण कुमार सक्सेना, अजय गर्ग, गुलाब हुसैन अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में जीएसटी पंजीयन के लाभों के बारे में व्यापारियों को जानकारी देते अधिकारी।

# फर्जी इनकम टैक्स रिटर्न तैयार करने का आरोप

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** विवाहिता ने पति पर उसके दस्तावेजों का गलत प्रयोग कर फर्जी इनकम टैक्स रिटर्न तैयार करने का आारोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला संजय कालोनी बाजपुर निवासी जैबुल निशा पुत्री दिलशेर असांरी ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 23 सितंबर 2016 को मरकज मस्जिद पुराना हमीदा शहर यमुनानगर हरियाणा निवासी साहिल अहमद पुत्र ताहिर अहमद के साथ हुआ था।

साहिल व उसके परिवार द्वारा पीड़ित करके घर से निकाले जाने पर इन लोगों के विरुद्ध घरेलू हिंसा से संबंधित एक वाद बाजपुर न्यायालय में चल रहा है जिसमें भरण-पोषण की सुनवाई के दौरान आरोपित पति ने एक जवाब प्रस्तुत किया।

आरोप है कि इस जवाब के साथ में जैबुल का झूठा और फर्जी आयकर रिटर्न प्रस्तुत किया गया है, जबकि उसने आज तक कोई भी आयकर रिटर्न नहीं भरा है और अभी भी अपने बूढ़े माता-पिता व परिवार वालों पर निर्भर है। पीड़िता का दावा है कि फर्जी रिटर्न तैयार करने का कार्य पति साहिल ने ससुराल में छीनकर रखे गए उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र, मोबाइल, शैक्षणिक दस्तावेज आदि का गलत प्रयोग करके किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित साहिल व दो अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# आतिफा ने ऑल इंडिया 5वीं रैंक के साथ पाया बीबीए में प्रवेश

**खटीमा, अमृत विचार :** एसके पब्लिक स्कूल मझोला की छात्रा आतिफा मलिक ने बीबीए प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया 5वीं रैंक प्राप्त कर जामिया मिलिया इस्लामियां विश्वविद्यालय नई दिल्ली में प्रवेश लिया है। आतिफा मलिक ने अपनी मेहनत और लगन से बीबीए प्रवेश परीक्षा में भारत में पांचवी रैंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।


आतिफा मलिक।

विद्यालय प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रधानाचार्य मोहन चंद्र तिवारी, निदेशक राजेन्द्र सिंह ने आतिफा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# व्यापार मंडल की सदस्यता के सौंपे प्रमाण पत्र

- संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं महामंत्री ने व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने का लिया संकल्प
- सदस्यता अभियान के बाद चुनाव के माध्यम से होगा नई कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** देवभूमि व्यापार मंडल ने व्यापारियों को एकजुट करने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान संगठन की सदस्यता लेने वाले व्यापारियों को प्रमाण पत्र देने की भी प्रक्रिया की जा रही है। देवभूमि व्यापार मंडल की नवगठित चार सदस्यीय कार्यकारिणी द्वारा नगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय अरोड़ा एवं महामंत्री नितिन फुटेला के नेतृत्व में टीम द्वारा तमाम व्यापारियों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने बताया कि व्यापारियों को एकजुट कर एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा तथा संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करने के लिए संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। महामंत्री नितिन फुटेला ने बताया कि जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा तथा सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद चुनाव के माध्यम से देवभूमि व्यापार मंडल की व्यापारियों द्वारा चुनी गई नव निर्वाचित कार्यकारिणी संगठन का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में कोई भी व्यापार मंडल सक्रिय नहीं होने के कारण नगर का व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा था लेकिन अब देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष की घोषणा के बाद व्यापारियों में खुशी की लहर देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम कड़ी में सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी व्यापारियों को प्रमाण पत्र वितरित कर दिए गए हैं तथा सभी व्यापारियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। मौके पर धर्मराज जायसवाल, संजीव खन्ना, अनूप मिगलानी, रिंकू मल्होत्रा, देवेंद्र सेतिया, सन्नी छाबड़ा, संजीव कुमार, अशोक कटारिया, महेंद्र प्रताप सिंह, मनमोहन सक्सेना, श्रवण लाल मुंजाल, बाल मुकुंद अरोड़ा, अनूप मिगलानी, विश्वनाथ अरोड़ा, राजा सुखीजा, राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।


किच्छा में व्यापारियों को प्रमाण पत्र वितरित करते महामंत्री नितिन फुटेला। ● अमृत विचार

# बिना अनुमति के बुलाई बोर्ड बैठक के मामले ने पकड़ा तूल

**सुल्तानपुर पट्टी :** नगर पंचायत सुल्तानपुर में बिना विधिवत अनुमति के बुलाई गई बोर्ड बैठक और प्रस्ताव पारित करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अधिशासी अधिकारी ने आज संबंधित सभासदों को नोटिस जारी करते हुए नगर पालिका अधिनियम 1916 के उल्लंघन को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। यह कार्रवाई 30 जून 2025 को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित एक बोर्ड बैठक के सन्दर्भ में की गई है, जिसमें नगर पंचायत प्रशासन को दरकिनार करते हुए सभासदों ने बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित कर दिए थे। अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि उक्त बैठक नियमानुसार नहीं थी और नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 88 के अंतर्गत उल्लंघन किया गया है।

# सुरुचि ने संभाला इनरव्हील मंडल अध्यक्ष का पदभार


कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों के साथ इनरव्हील मंडलाध्यक्ष सुरुचि सक्सेना। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 311 की मंडलाध्यक्ष के रूप में डॉ. सुरुचि सक्सेना ने हरिद्वार में सम्पन्न हुई असेम्बली में अपना पदभार ग्रहण किया। यह पदभार उन्हें निवर्तमान मंडलाध्यक्ष नीलू सिंह धाकरे ने ग्रहण कराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंटरनेशनल इनर व्हील अध्यक्षा ममता गुप्ता रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन प्रेसिडेंट ज्योति महिपाल रहीं।

सुरुचि सक्सेना के साथ मंडल के अन्य पदाधिकारियों ममता वाजपेयी वॉइस चेयरमैन, नीलू मिश्रा सचिव, ज्योति मित्तल ईएसओ, आरती महरोत्रा कोषाध्यक्ष, मंजु पारिख आईएसओ, प्राची अग्रवाल क्लब एडिटर ने भी अपना पदभार ग्रहण किया। मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरणविद मिस स्कूबा इंटरनेशनल वर्षा राजखोवा ने अपना व्याख्यान दिया। इस मौके पर पूर्व मंडलाध्यक्ष सोनल बंसल, लता गोयल, विनोद ऋषि, सुमन जिंदल, गीता गुप्ता, रेखा जिंदल, मोनिका अग्रवाल, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय मौजूद रहीं।


बाजपुर के संजय नगर में सीसी टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते। ● अमृत विचार

# चेयरमैन ने तीन सीसी टाइल्स सड़कों का शिलान्यास किया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने राज्य वित्त से प्राप्त धनराशि से नगर के वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझराप्रभु में लगभग दस लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन सीसी टाइल्स रोडों एवं वार्ड नंबर-सात संजय नगर में 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी टाइल्स रोडों का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत नारियल फोड़कर किया।

इस दौरान चेयरमैन गित्ते ने कहा कि बाजपुर नगर की प्रत्येक गली टाइल्स रोड से चमकेगी। इस दौरान वार्डवासियों ने चेयरमैन गित्ते का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि आदित्य चानना, सभासद जगतजीत सिंह, सुशील वर्मा, कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनिल सेन, दलीप चानना, बलवीर सिंह 'साबू', बीडी मिश्रा, चीनू यादव, जितेंद्र यादव, भूरा, गोबरधन चंद्रा, सन्नी मेंहदीरत्ता आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राशन की दुकानों पर वितरित हो रहे नमक की गुणवत्ता पर सवाल

**सुल्तानपुर पट्टी :** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर वितरित हो रहे नमक की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। भाजपा नेता सरताज आलम ने बुधवार को खाद्य पूर्ति निरीक्षक को एक ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि वितरित किए जा रहे नमक में नमक नहीं, बल्कि रेता निकल रहा है। उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में सरताज आलम ने लिखा है कि हर महीने गरीबों को सरकारी योजना के तहत जो नमक दिया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। नमक में बड़े पैमाने पर रेता मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो न केवल खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नमक की गुणवत्ता की तत्काल जांच कराई जाए।


ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता सरताज आलम।

### संतसर बाबा घोड़ा गुरुद्वारा साहिब को डेथ बॉडी फ्रीजर सौंपा

**खटीमा :** मझोला के व्यापारी हाल निवासी खटीमा प्रदीप शर्मा ने मझोला पीलीभीत स्थित गुरुद्वारा संतसर बाबा घोड़ा गुरुद्वारा साहिब को डेथ बॉडी फ्रीजर बॉक्स भेंट किया है। व्यापारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि यह बॉक्स संत गुरुद्वारा को गणमान्य लोगों की मौजूद में सौंपा। इस दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने कहा कि निस्वार्थ भाव से दान पुण्य महान कार्य है। शव दाह संस्कार विलंब होने की स्थिति में शव फ्रीजर उपयोगी साबित होता है। इस अवसर पर अमन शर्मा, कुलदीप शर्मा, हैप्पी शर्मा, तरुण शर्मा, राजा सिंह, शहीद गुरुद्वारा प्रबंध समिति के लोग मौजूद रहे।


गुरुद्वारे को फ्रीजर सौंपते व्यापारी प्रदीप शर्मा।

### ब्लॉक अधिकारियों के कार्यालय परिसर में पार्क की दुर्दशा

**काशीपुर :** लोगों के घूमने और बैठने के उद्देश्य से पार्कों का निर्माण किया जाता है। लेकिन जब खुद ही उसी विभाग के पार्क की दुर्दशा हो रही हो तो इसे क्या कहेंगे। दरअसल ब्लॉक में पुराने कार्यालय भवन को तोड़कर ब्लॉक परिसर में ही दूसरे स्थान पर हाईटेक कार्यालय का निर्माण किया गया था। जिस स्थान पर पुराना कार्यालय भवन था वहां पर सुंदर पार्क का निर्माण ब्लॉक द्वारा कराया गया। चारों ओर चहारदीवारी बनाकर पार्क में पौधे लगाए गए। ताकि ब्लॉक आने वाले लोग इस पार्क में बैठ सकें। लेकिन अब इसी पार्क में देखरेख के अभाव में बड़ी-बड़ी घास उग आई है। पार्क के एक किनारे पर अत्यधिक मात्रा में गाजर घास लगी हुई है। रोजाना कार्यालय आने वाले अधिकारियों को पार्क की दुर्दशा दिखाई भी नहीं दे रही है। बीडीओ कमल किशोर पांडे ने बताया कि शीघ्र ही माली से पार्क की सफाई कराई जाएगी।


पार्क में उगी गाजर घास।

# पारिवारिक विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**बाजपुर :** पारिवारिक विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें एक बुजुर्ग घायल हो गया। घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम उझानी दूली में मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे दो पक्षों के बीच पारिवारिक कारणों को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि रांझा सिंह ने बीच-बचाव करना चाहा तो एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें बुजुर्ग रांझा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।


घायल रांझा सिंह।

# मलेरिया रोड पर पेयजल और सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** मलेरिया रोड पर पेयजल की दिक्कत होने के साथ ही सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। बुधवार को एसडीएम दफ्तर पहुंचे आसपास बसे परिवार के लोगों ने एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है।

उनका कहना था कि मलेरिया रोड के बराबर में एक बड़ा नाला है, जोकि मिट्टी, कीचड़ एवं अन्य गंदगी से पटा पड़ा है। संबंधित विभाग जब भी लोडर आदि से सफाई करता है तो मिट्टी एवं अन्य कचरा सड़क किनारे ही छोड़ दिया जाता है। बरसात होने पर यह कचरा बहकर पूरे रोड पर फैल जाता है, जिससे आसपास के परिवारों के साथ ही राहगीरों, विद्यार्थियों एवं छोटे बच्चों व पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर ही पानी का टैंक है।

लोडर से नाले की सफाई करते वक्त चालक ने पेयजल पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। लोगों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर प्रतीक द्विवेदी, सुखविंदर सिंह तोती, रवि ठाकुर, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में उपजिलाधिकारी से समस्या के समाधान का अनुरोध करते प्रभावित लोग।


खटीमा में वन महोत्सव सप्ताह का पौधरोपण कर शुभारंभ करते अतिथि।

# पौधरोपण से वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** वन विभाग द्वारा एक से सात जुलाई तक चलाए जा रहे वन महोत्सव का शुभारंभ सालबोझी नंबर दो में पौधरोपण से किया गया। खटीमा रेंज के सालबोझी नंबर दो में पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा और झनकईया के थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पौधरोपण कर किया।

इस दौरान नीम, आंवला, अर्जुन, जामुन, बहेड़ा, अकेसिया आदि प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद उप्रेती, वन दरोगा भैरव बिष्ट मौजूद रहे।

## जादोपुर में बाघ की फिर दस्तक, वनकर्मियों को मिले पग चिह्न



पग चिह्न देखते वन क्षेत्राधिकारी उप्रेती।

**खटीमा:** जादोपुर गांव में मंगलवार देर शाम बाघ के फिर दस्तक देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीण इलाकों में लगातार खतरनाक जानवरों की मौजूदगी से वन विभाग के प्रति ठोस कदम न उठाने से बेहद खफा हैं। किसान, मजदूर खेतों में जाने से कतराने लगे हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि बाघ कल देर शाम से जादोपुर लिंक रोड से लगे खेतों में छिपा है। इधर बुधवार की सुबह ग्राम दाह ढाकी में बाघ आबादी के करीब पहुंच गया। सुरक्षा के चलते वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती के साथ पहुंची वनकर्मियों की टीम को बाघ को भगाने के लिए चार राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। बुधवार देर शाम दाह ढाकी में बाघ की खबर पर पहुंचे रेंजर उप्रेती की टीम को बाघ के ताजे पग चिह्न मिले हैं।

# सहायक विशेष अभिसूचना अधिकारी के पुत्र की सड़क दुर्घटना में गई जान

## साथी गंभीर रूप से घायल, छुट्टा पशु से टकराई बाइक, पुणे में बीबीए कर रहा था तनिष्क

संवाददाता, खटीमा



तनिष्क पाल (फाइल)।

**अमृत विचार:** खटीमा से बनबसा घर जाते सहायक विशेष अभिसूचना अधिकारी के पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। जबकि उसके साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की बाइक छुट्टा पशु से टकरा गई थी।

पचपखरिया थाना बनबसा चंपावत निवासी तनिष्क पाल (19) पुत्र मुकेश पाल अपने साथी अभिषेक के साथ बाइक पर खटीमा से घर की ओर आ रहा था। चकरपुर वन क्षेत्र में बुधवार शाम करीब छह बजे बाइक के आगे किसी आवारा जानवर के अचानक आ जाने के कारण बाइक टकरा गई और दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा तनिष्क पाल को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अभिषेक को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। मृतक के पिता मुकेश पाल खटीमा में सहायक विशेष अभिसूचना अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। मृतक पुणे में बीबीए कर रहा था और दस दिन पहले ही घर आया था। रक्षाबंधन के बाद उसे वापस जाना था। मृतक की मां अनीता पाल और वहीं पल्लवी का रो रोकर बुरा हाल है।



दिनेशपुर में नेतानगर के निकट धीमरी सेतु में अज्ञात शव को देखने उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर के धीमरी सेतु में मिला अज्ञात शव

**दिनेशपुर** : दिनेशपुर- मटकोटा मार्ग के मध्य नेतानगर के पास धीमरी सेतु में अज्ञात शव देखने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव निकालने के लिए धीमरी सेतु का पानी रोककर दूसरी तरफ घुमाया। पुलिस टीम जांच में जुट हुई है। बुधवार की शाम को लोगों ने अज्ञात शव दिखने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसआई मनोज कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने धीमरी सेतु का पानी रुकवाकर दूसरी ओर घुमवाया। उन्होंने बताया कि पानी कम होने के बाद शव को बाहर निकालकर पहचान करवाई जाएगी। फिलहाल शव से दुर्गंध आने से कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। शव बह कर आया है या स्थानीय है, इसका पता शव बाहर निकालने के बाद पता चलेगा। पुलिस ने निकटवर्ती थानों व पुलिस चौकियों में शव मिलने की सूचना दे दी है।

### 27 आंदोलनकारियों को मिली एक माह की पेंशन

**खटीमा :** उपकोषागार खटीमा से 27 राज्य आन्दोलन कारियों को एक माह की पेंशन निर्गत हो चुकी है। वहीं 450 राज्य आंदोलनकारियों की प्राप्त सूची में करीब 430 सत्यापन की प्रक्रिया में आ चुके हैं। उपकोषागार अधिकारी आमोद गंगवार ने बताया कि राज्य आन्दोलन कारियों के रिकॉर्ड सत्यापन में सावधानी बरतनी पड़ रही हैं। उपकोषागार अधिकारी गंगवार ने यह भी बताया कि कई राज्य आंदोलनकारियों के नाम में भी गड़बड़ियां प्राप्त हुई हैं। कुछ रिकॉर्ड शपथ पत्र लेकर सत्यापित किए जा रहे हैं। जुलाई अंतिम सप्ताह तक सभी राज्य आन्दोलन कारियों के डाटा अपडेट हो सकेंगे। डाटा अपडेट होने के बाद सभी आंदोलनकारियों को सुचारू रूप से पेंशन निर्गत हो सकेगी।

### सड़क दुर्घटना में बालक समेत दो लोग घायल

**काशीपुर** : मार्ग दुर्घटना में बालक समेत एक महिला घायल हो गई। विशाल नगर निवासी जानकी देवी और 10 वर्षीय बालक सुमित सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है।

## देहरादून में मुख्यमंत्री से मिला भाजपा शिष्टमंडल



देहरादून में सीएम धामी के साथ खटीमा का शिष्टमंडल। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी का एक शिष्टमंडल देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला और नगर और ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए उनके समाधान की बात रखी। शिष्टमंडल में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पालिकाध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया, नगर अध्यक्ष सतीश गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट शामिल रहे।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पालिकाध्यक्ष जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पार्टी की गतिविधियों और विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी पार्टी का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि बेहद जर्जर खटीमा- मझोला 15 किमी मार्ग का हॉटमिक्स होना जरूरी है। उन्होंने नगर में ड्रेनेज व्यवस्था, संतना में जर्जर पुल से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी के समक्ष नगर के सौंदर्यीकरण का अवशेष कार्य पूर्ण करने की मांग की। पालिकाध्यक्ष जोशी ने मुख्य चौराहे से पहेनियां तिराहे तक नगर में फोरलेन निर्माण की मांग भी की। सीएम धामी ने पीलीभीत रोड के जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।




दिनेशपुर वार्ड-6 शास्त्रीनगर में बाल श्रम, बाल तस्करी व बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाते लोग। ● अमृत विचार

## बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डॉवलपमेंट किच्छा एवं चिल्ड्रन फाउंडेशन अमेरिका के कार्यक्रम असेस टू जस्टिस के अंतर्गत बालिकाओं व अभिभावकों को बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया। बाल अधिकारों की सुरक्षा, अपराधों से बचाव व संरक्षण की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई।

बुधवार को नगर के वार्ड-6 शास्त्रीनगर में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डॉवलपमेंट (आइएसडी) किच्छा एवं चिल्ड्रन फाउंडेशन अमेरिका कार्यक्रम में असेस टू जस्टिस के अंतर्गत परियोजना प्रबंधक प्रेमा दानू व डेवलपमेंट कैलाश सत्यार्थी द्वारा सामुदायिक बैठक में बाल तस्करी, बाल श्रम, एवं बाल विवाह के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। अभिभावकों को बाल अपराधों को रोकने, बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। समापन पर बाल बिवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक प्रेमा दानू व संचालन डेवलपमेंट कैलाश सत्यार्थी ने किया। इस मौके पर अर्पिता मंडल, प्रिया, अनुपम राय, साधना ढाली, निवेदिका मंडल, संध्या गाईन, सनिका मंडल, कुमुदिनी ढाली, गौरा हालदार, श्यामली डाकुआ, आलोक गाईन आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए मेयर रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

- 3 से 4 जुलाई को गुरुग्राम में आयोजित होगा सम्मेलन



महापौर विकास शर्मा।

**अमृत विचार:** महापौर विकास शर्मा को हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित होने जा रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर केंद्रित होगा। सम्मेलन 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम स्थित आईसीएटी सेंटर 2, इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, सेक्टर-11, आईएमटी मानेसर में आयोजित होगा।

बुधवार को रवाना होने से पहले महापौर शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन लोकसभा सचिवालय की ओर से किया जा रहा है। जिसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निकायों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें उत्तराखंड से केवल पांच जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके साथ शेष चार आमंत्रित जनप्रतिनिधि महिला हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, शहरी विकास मंत्री विपुल गोयल सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य गणमान्य शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल रहा है।




जिस दुकान में फर्नीचर कारोबारी का शव मिला, वहां जमा भीड़।

## फर्नीचर कारोबारी ने फंदा लगाकर जान दी

संवाददाता, पिथौरागढ़

- भारी कर्ज से परेशान बताया गया, पुलिस कर रही जांच
- यूपी के बरेली से आकर 26 वर्षों से कर रहे थे कारोबार

**अमृत विचार:** नगर के जाखनी इलाके में बुधवार सुबह फर्नीचर कारोबारी का उनकी दुकान में फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक तौर पर बताया गया कि कारोबारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के रहने वाले हरदेव शर्मा (53) काफी समय पहले पिथौरागढ़ में परिवार सहित आकर बस गए थे। वे करीब 26 वर्षों से पिथौरागढ़ में हरदेव फर्नीचर हाउस नाम से फर्नीचर की दुकान चला रहे थे और कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जाखनी में पत्नी बबली शर्मा, एक बेटे और तीन बेटियों के साथ रह रहे थे। बुधवार की सुबह हरदेव शर्मा का शव उनकी फर्नीचर की दुकान में फंदे पर लटका मिला तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि, वे लंबे समय से भारी कर्ज से परेशान थे। हाल ही में उन्होंने अपनी एक बेटी की शादी भी की थी। कोतवाली प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि मौके पर कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। कर्ज समेत अन्य तमाम पहलुओं के आधार पर मामले की जांच की रही है।

## कुंदन बिष्ट जिलाध्यक्ष व अश्मित गुजराल बने ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी

- प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने की पदाधिकारियों की नियुक्ति
- पूरे जिले में संगठन को मजबूती प्रदान होगी

संवाददाता, हल्द्वानी



कुंदन बिष्ट।



अश्मित गुजराल।

**अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने वरिष्ठ ट्रांसपोर्ट कारोबारी व समाजसेवी कुंदन बिष्ट को जिला इकाई नैनीताल का अध्यक्ष और हल्द्वानी के युवा व्यापारी नेता अश्मित गुजराल को ट्रांसपोर्ट नगर हल्द्वानी का प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण ने बताया कि कुंदन बिष्ट के जिलाध्यक्ष बनने से पूरे जिले में संगठन को मजबूती प्रदान होगी। कहा कि उन्हें व्यापारी हितों के लिए संघर्ष का पुराना अनुभव है।

ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारी जो अक्सर समस्याओं से जूझते रहते हैं। उन्हें अश्मित गुजराल के ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी बनने से इन समस्याओं से निजात मिलेगा। बताया कि अश्मित एक युवा चेहरा हैं।

ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को आरटीओ, नगर निगम, पुलिस प्रशासन और अन्य कोई भी समस्या होगी, उसके निस्तारण के लिए व्यापारी ट्रांसपोर्ट प्रभारी अश्मित से मिलकर निराकरण करवा सकते हैं। दोनों पदाधिकारियों के नियुक्ति पर संगठन के महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, केंद्रीय संयोजक धर्म यादव, सह संयोजक देवेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज, पूरन लाल साह, भगवान सहाय, शकील अहमद, कवलजीत गुजराल, विशाल जुनेजा, ऋषभ पाठक, विनोद आनंद, राकेश गुप्ता टीटू, गौरव अग्रवाल, चमन गुप्ता, रामप्रसाद कश्यप, नितिन दुआ आदि लोगों ने खुशी व्यक्त की है।


### वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।




**वर्ग पहेली -19 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | | | | 2 स |
| | | | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | | | ह |
| न | | | पि | | 5 दे | |
| फू | | 6 उ | त | रा | व | |
| ल | | मा | | | रा | |
| | | | 7 गु | हाँ | ज | नी |

### सुडोकू -27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | | 1 | | 7 | | |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | | | | 5 |
| | | 4 | | 2 | | | | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | 7 | | | | | 9 |
| | | | | 4 | | 9 | | |
| 1 | | | | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| | | 7 | | 3 | | 5 | 8 | 2 |

**सुडोकू - 26 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी-14.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 13.50 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज आपको कड़वे वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिए। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बातचीत करते हुए शब्दों का चयन सही तरह से करें।

**मिथुन** – आज दोपहर के समय आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**कर्क** – आज विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। अपनी स्किल्स को लेकर अत्यन्त आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**सिंह** – आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और संक्रमण की शिकायत हो सकती है।

**कन्या** – आज नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे।

**तुला** – आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच न करें। प्रेम संबंधों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में अत्यन्त सुधार आयेगा। संतान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे।

**धनु** – आज आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नई योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है।

**मकर** – आज व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को आज पूरा कर लेंगे।

**कुंभ** – आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। प्रबंधन कार्यों से जुड़े लोगों को अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए।

**मीन** – आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

# चुनाव व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश

## जिलाधिकारी मनीष कुमार ने काउंटिंग हॉल व स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत



चम्पावत में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन- 2025 के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्थानीय चम्पावत में गौरलचौड़ मैदान स्थित काउंटिंग हॉल एवं स्ट्रॉन्ग रूम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देशित किया कि प्रत्याशियो का प्रवेश, मतगणना स्थल की व्यवस्था, सीलिंग रूम तथा बैरिकेडिंग आदि की सभी तैयारियाँ समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने विशेष रूप से शौचालयों की सफाई, पेयजल की उपलब्धता तथा सम्पूर्ण परिसर की स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से चिन्हित कर सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि वाहन आवागमन में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। सभी प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट व दृश्यात्मक साइनज लगाने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है, इसकी प्रत्येक तैयारी उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही जो बरती जाए। इस दौरान एसडीएम अनुराग आर्य, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग बृजमोहन आर्या आदि मौजूद थे।

### पंचायत चुनाव के लिए 309 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे

**रानीखेत, अमृत विचार :** ताड़ीखेत ब्लाक में पंचायत चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए कुल 15 नामांकन पत्र भरे गए। जबकि 309 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। पंचायत चुनाव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। नामांकन की प्रक्रिया आगामी पांच जुलाई तक चलेगी। बुधवार को चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। बीडीओ तारा चंद्र ने बताया कि पहले दिन ग्राम प्रधान पद के लिए 10 तथा क्षेत्र पंचायत पद के लिए पांच लोगों ने नामांकन पत्र जमा किए। इसके अलावा ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 51, प्रधान के लिए 158 और क्षेत्र पंचायत पद के लिए 100 सहित कुल 309 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। आरओ एलडी भट्ट ने अधिकारियों से निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। नमक्कल प्रक्रिया में एआरओ नितेश पुजारी, एडीओ पंचायत रईस अहमद, जगवीर कृषाली, दिनेश पांडे आदि भी सहयोग कर रहे हैं।

### राज्य में पहले दिन हुए 2167 नामांकन

**देहरादून, अमृत विचार :** पंचायत चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। बुधवार को नामांकन के पहले दिन सदस्य ग्राम पंचायत के 264, प्रधान ग्राम पंचायत के 1327, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 534 और सदस्य जिला पंचायत के लिए 42 नामांकन हुए। इनमें सदस्य ग्राम पंचायत के 55587, प्रधान ग्राम पंचायत के 7499, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 2974 और सदस्य जिला पंचायत के 358 कुल पद/स्थान हैं। इसके अलावा, बुधवार तक सदस्य ग्राम पंचायत के 16339, प्रधान ग्राम पंचायत के 20209, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 11385 और सदस्य जिला पंचायत के लिए 2620 नामांकन पत्र खरीदे गए।

### प्रत्याशियों की सूची जारी

**देहरादून, अमृत विचार :** जिला पंचायत चुनाव के लिए भाजपा चम्पावत जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत द्वारा जारी सूची में वार्ड संख्या 1 से 4, 6 से 9, 11 से 15 वार्ड के लिए क्रमश: प्रकाश मेहता, मनीषा कालाकोटी, सुरेंद्र बोरा, आनंद अधिकारी, संगीता बोरा, निर्मला महराना, पुष्पा, सरस्वती, मनमोहन शैलेश, पुष्कर राम, सुनीता व अनिता को समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस व धरना-प्रदर्शन पर रोक

- अल्मोड़ा में डीएम ने पंचायत चुनाव को लेकर जारी किए निर्देश
- बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। डीएम आलोक कुमार पांडेय ने पंचायत चुनाव को लेकर दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों क्षेत्रों में बिना अनुमति किसी प्रकार की सभा का आयोजन, जुलूस और धरना प्रदर्शन पर पूर्णयता प्रतिबंध रहेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि बीते 30 जून से जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में आचार संहिता लागू कर दी गई है। बताया कि नगरीय क्षेत्रों को छोड़कर कहीं भी बिना अनुमति के कोई सभा नहीं होगी। जिले की सीमा के अंदर अस्त्र-शस्त्र, आग्नेय अस्त्र, धारदार घातक हथियार एवं लाठी-डंडा लेकर कोई नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति जिले उत्तेजक नारे नहीं लगाएगा। किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि कोई भी राजनैतिक दल धार्मिक संस्थान आदि का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं करेगा। मतदान के दिन केंद्रो से 200 मीटर के दायरे में मतदाता, अभ्यर्थी चुनाव अभिकर्ता के अलावा कोई प्रवेश नहीं करेगा। यह आदेश मतगणना की तिथि 31 जुलाई तक लागू रहेंगे।

### बाइक रपटने से वन विभाग का कर्मचारी घायल

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग में सूखीढांग के पास बाइक रपटने से वन विभाग के खटीमा रेंज में माली के पद पर कार्यरत कर्मचारी घायल हो गया। घायल को एक निजी वाहन से उपचार के लिए उप जिला अस्पताल टनकपुर लाया गया। मंगलवार की रात सूखीढांग के पास चम्पावत से टनकपुर आ रहे बिछुआ, खटीमा निवासी 38 वर्षीय उदेश राणा पुत्र सूदन की बाइक रपट गई। टनकपुर अस्पताल के चिकित्सक डा. आफताब अंसारी ने बताया कि वन कर्मी के हाथ पैरों में हल्की चोटे आई हैं, जिसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# ड्रोन से होगी वार्डों की जीआईएस मैपिंग

- अल्मोड़ा ननि ने ड्रोन सर्वे और जीआईएस मैपिंग कार्य पूरा किया
- नगर निगम के सर्वे की आधार पर ही भवन स्वामी को देना होगा कर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** ड्रोन सर्वे और जीआईएस मैपिंग कार्य पूरा होने के बाद नगर निगम की ओर से भवन स्वामियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसमें भवन स्वामी ने कितनी भूमि में मकान बनाया है यह जानकारी दी जा रही है। आपत्तियों की सुनवाई के बाद सर्वे के आधार पर कर का निर्धारण किया जाएगा।

साल 2023 से अल्मोड़ा नगर निगम के सभी 40 वाहों का ड्रोन सर्वे और जीआईएस मैपिंग कार्य शुरू किया गया था। एजेंसी की ओर से घर-घर जाकर सम्पत्तियों की पैमाइश कर सर्वे किया गया। फिर एजेंसी और नगर निगम की टीम ने सत्यापन कार्य किया। अब यह कार्य पूरा हो गया है। इसके बाद नगर निगम की ओर से भवन स्वामियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसमें भवन के फोटो व उसके क्षेत्रफल आदि की जानकारी दी गई है। सर्वेक्षण के डाटा में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर भवन स्वामी 15 दिनों के भीतर स्वामित्व से संबंधित अभिलेखों सहित नगर निगम कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। ऐसा न करने पर नगर निगम की ओर से सर्वेक्षित अभिलेखों, सूचनाओं व आंकड़ों को ही अंतिम माना जाएगा। संपत्ति की सूचना अभिलेखों में अंकित करने के बाद कर का निर्धारण किया जाएगा।

### वरिष्ठ व्यापारी पलनी के निधन पर शोक

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा नगर के वरिष्ठ व्यापारी व लाला बाजार निवासी गोपाल सिंह पलनी का लंबी बीमारी के बाद 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बुधवार को उनके निधन पर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने एक शोक सभा आयोजित की। इस दौरान दो मिनट का मौन रख मृतक आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। यहां शोक जताने वालों में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, नगर अध्यक्ष संजय साह, मनोज वर्मा, प्रमोद पवार 'भीमा', वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, दीप चंद्र जोशी, हिमांशु कांडपाल, यूसुफ तिवारी, हिमांशु बिष्ट, दीपक जोशी, आनंद सिंह भोज, नीरज थापा, कमल बिष्ट, गणेश जोशी, रोहित साह, जयप्रकाश पांडे, अमन टकवाल, दिनेश कांडपाल, दीपक बिष्ट, दीपक नायक, दीक्षित जोशी आदि रहे।

# दोषी को सदाचरण की परिवीक्षा की सजा

- सिविल जज सीडि. की अदालत ने सुनाया फैसला
- आरोपी पर मारपीट का था मामला, अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** ग्रामीण से मारपीट के मामले में सिविल जज सीडि रविंद्र देव मिश्र ने फैसला सुनाया है। दूसरे ग्रामीण को दोषी मानते हुए उसे एक साल तक सदाचरण की परिवीक्षा की सजा सुनाई है। इस दौरान वह किसी प्रकार की आपराधिक घटनाओं में शामिल नहीं रहेगा।

सहायक अभियोजन अधिकारी सोनम सनवाल ने बताया कि मामला फरवरी 2024 का है। पीड़ित गोपाल सिंह नामक व्यक्ति का कहना था कि 20 फरवरी की शाम छह बजे वह अपने घर गंगानगर जा रहा था। इस दौरान शराब के नशे मे सत्येंद्र सिंह रजवार निवास नाटाडोल लमगड़ा ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। ईंट, पत्थरों से वार कर मारने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

मामला कोर्ट पहुंचा तो न्यायालय ने सुनवाई करते हुए सत्येंद्र को धारा 506 से दोषमुक्त किया। 323, 427, 504 के तहत दोषसिद्ध करते हुए एक वर्ष के सदाचरण की परिवीक्षा पर छोड़ने के आदेश दिए हैं। इस दौरान आदेशों का उल्लंघन किया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कार्रवाई: सोमेश्वर में 10.78 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

- पुलिस टीम ने रानीखेत तिराहा के पास से पकड़ा
- बरामद स्मैक की कीमत 3 लाख 23 हजार 400 रुपये आंकी गई

संवाददाता, अल्मोड़ा



सोमेश्वर पुलिस की गिरफ्त में स्मैक तस्कर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। सोमेश्वर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान रानीखेत तिराहा कोसी के पास एक युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया।

युवक के कब्जे से 10.78 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सोमेश्वर पुलिस और एसओजी की संयुक्त कोसी में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रानीखेत तिराहा कोसी के पास यूके 01 सी-1424 बाइक को रोका गया।

तलाशी लेने पर बाइक सवार आरोपी रविंद्र बिष्ट, निवासी ग्राम स्यूना ज्योली राजस्व क्षेत्र अल्मोड़ा के कब्जे से 10.78 ग्राम स्मैक बरामद की गई। स्मैक की कीमत करीब 3 लाख 23 हजार 400 रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। टीम में एएसआई प्रेम सिंह खोलिया, हेड कांस्टेबल प्रेम कुमार, कांस्टेबल वेद प्रकाश, राजेश भट्ट, राकेश भट्ट, इरशाद उल्ला शामिल रहे।

# एसएसबी के एसई पूरन नेगी हुए सेवानिवृत्त, विदाई दी

संवाददाता, रानीखेत



एसई को स्मृति चिन्ह देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात पूरन सिंह नेगी के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें बल के महानिदेशक अमित कुमार व अधिकारियो तथा जवानों ने भावभीनी विदाई दी। महानिदेशक अमित कुमार ने कहा कि नेगी ने अपनी सेवा काल में बल की अधोसंरचना विकास, चौकियो के निर्माण सहित कार्यालय व प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना में अपना अहम योगदान दिया जो सदा स्मरणीय रहेगा।

सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात पूरन सिंह नेगी के सेवानिवृत्त होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी गई। वक्ताओ ने कहा कि नेगी ने वर्ष 1990 में उप निरीक्षक पायनियर के रूप में अपनी सेवा प्रारंभ की। तीन दशकों से अधिक सेवा काल में उन्होंने बल के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यो को अपने कुशल नेतृत्व से पूर्ण किया। जो हमेशा याद रहेगा। कहा कि उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारतीय पुलिस पदक एवं महानिरीक्षक रजत पदक जैसे प्रतिष्ठ अलंकारों से भी सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान बल के अधिकारियों व जवानों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

### मदरसे से लापता सात बच्चे कलियर से बरामद

**देहरादून :** हापुड़ जिले के एक मदरसे से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 7 बच्चे कलियर पहुंच गए। उन्हें कलियर थाना पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार बीती एक जुलाई को सूचना मिली कि गढ़मुक्तेश्वर मदरसे ताजीम ऊर रहमान जनपद हापुड़ से सात बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गए हैं जो कलियर में हो सकते हैं। सभी पढ़ने वाले बच्चे नाबालिग हैं और मदरसे के मौलाना द्वारा भी बच्चों को बरामद करने की अपील की गई। कलियर पुलिस द्वारा गायब हुए सभी 7 बच्चों को दरगाह क्षेत्र से बरामद कर थाने पर लाया गया। तत्पश्चात कलियर पुलिस ने मदरसा के मौलाना को फोन द्वारा सूचना दी। देर रात थाना कलियर पहुंचे मौलाना फैसल और अन्य मौलानाओं से पूरे मामले की पड़ताल के बाद बच्चों को उनके सुपुर्द किया गया।

# कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने श्रीलंका रवाना हुई अनामिका



लोहाघाट में कराटे खिलाड़ी अनामिका बिष्ट का स्वागत करते अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत की होनहार कराटे खिलाड़ी अनामिका बिष्ट श्रीलंका में होने वाली साउथ एशियन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गई हैं। रवाना होने से पूर्व युवा भवन लोहाघाट में एक समारोह के दौरान एसडीएम नीतू डांगर और राजू गड़कोटी ने अनामिका बिष्ट और उनके कोच दीपक सिंह को शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाई साथ ही पुष्प गुच्छ भेंट किया। अनामिका बिष्ट इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। डीएम मनीष कुमार, एसपी अजय गणपति, सीडीओ डा. जीएस खाती, एसडीएम सदर अनुराग आर्या, अभिभावक मीनाक्षी बिष्ट, राज भट्ट, तहसीलदार लोहाघाट जगदीश नेगी, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी जशवंत खड़ायत, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

### एक और शव बरामद सात हुई संख्या

**देहरादून :** बद्रीनाथ जा रही बस अलकनंदा नदी में गिरने की घटना के छह दिन बाद बुधवार को एक और शव मिला है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह राजवार ने बताया कि दुर्घटना स्थल से 50 किलोमीटर से अधिक दूर टिहरी जिले के कीर्तिनगर में श्रीनगर बांध क्षेत्र से एक और शव बरामद किया गया है। शव की पहचान गुजरात की सूरत निवासी मयूरी सोनी (24) के रूप में हुई। शव बरामद होने के बाद बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। पांच लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। दुर्घटना 26 जून को हुई थी, जब राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर के पास अलकनंदा नदी में गिर गई थी।

**आयोजन** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तिया में वन महोत्सव आयोजित, पौधरोपण कर वनों की रक्षा की दिलाई शपथ

# वन कर्मियों ने पेड़-पौधों के महत्व की जानकारी दी

- पेड़ों से होने वाले लाभों के बारे में भी बताया

संवाददाता, टनकपुर




राउमा विद्यालय बस्तिया में पोधरोपण करते वन अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार



प्रधानाचार्या विनीता जोशी को पौधा भेंट करते अधिकार मित्र अजय गुरुरानी।

**अमृत विचार :** बूम रेंज की ओर से चम्पावत वन प्रभाग के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तिया में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी गुलजार हुसैन के निर्देशन में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं वन दरोगा महेश सिंह अधिकारी के संचालन में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा वन संरक्षण व पौधरोपण के विषय में जानकारी दी। साथ ही पेड़ों से होने वाले लाभों से अवगत कराया।

इस दौरान स्कूल परिसर में पौधारोपण कर वनों की रक्षा की शपथ ली गई। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा सहायक अध्यापक गिरीश सिंह बिष्ट, नमिता जोशी, भुवन जोशी, देवेन्द्र प्रसाद भट्ट, भुवन गड़कोटी, सुरेंद्र सिंह बोरा, चंद्र कुंवर बिष्ट, योगेश जोशी आदि मौजूद रहे।

### इंटर कॉलेज में चलाया गया जागरुकता अभियान

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देशन में टनकपुर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चला कर स्वच्छता के प्रति छात्राओं को जागरुक भी किया गया। प्रधानाचार्या विनीता जोशी के नेतृत्व में अधिकार मित्र अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी, राधिका अधिकारी, बबीता पुनेठा व हरीश गौड़ ने पौधरोपण किया। जिसमें विद्यालय की एनसीसी छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यहां आवंला, नींबू व नीम के पौधे लगाए गए। साथ ही 5 जून को पर्यावरण दिवस पर अधिकार मित्र अजय गुरूरानी द्वारा लगाए गए पौधों के आस पास घासफूस की सफाई कर गुड़ाई की गई।

### पंचायत चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

**पिथौरागढ़ :** नैनीसैनी-सिरकुच सड़क की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का निर्माण न होने पर आक्रोशित क्षेत्र के लोगों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। नैनीसैनी, देवत, कुम्डार, कनानी पाभैं, पधेड़ा के ग्रामीणों ने शीघ्र सुरक्षा दीवार का निर्माण न होने पर पंचायत चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी। नैनीसैनी, देवत, कुम्डार, कनारी पाभैं, पधेड़ा के ग्रामीणों ने कहा कि नैनीसैनी-सिरकुच सड़क पर कुम्डार के पास दो साल से सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त है। सड़क संकरी होने से यहां दुर्घटना का खतरा बना है और वाहन चालक, यात्री, राहगीर जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। बारिश के बाद यहां भूधंसाव शुरू होने से ऊपर बना प्राथमिक विद्यालय भी खतरे में आ गया है। विद्यार्थी यहां खतरे के बीच पढ़ने के लिए मजबूर हैं।

# अल्मोड़ा में दो ग्रामीण सड़कें बंद, परेशानी

- मंगलता त्रिनेली, भाकुड़ा तल्ली चनौली सड़क पर आया मलबा
- ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात ठप होने से लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में इन दिनों बारिश का दौर लगातार जारी है। जिले के सभी 11 ब्लाकों में जमकर मेघ बरस रहे है। बारिश से पहाड़ी से मलबा आने से मंगलता त्रिनेली, भाकुड़ा तल्ली चनौली मोटर मार्ग बंद है। जिससे सैकड़ों की आबादी सीधे प्रभावित रही। हालांकि प्रशासन की ओर से सभी बंद मोटरमार्गो को खोलने के लिए जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं।

दरअसल, बीते मंगलवार देर रात से अगले दिन बुधवार तड़के तक जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में रिमझिम मेघ बरसे। जिससे जगह-जगह पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ और मंगलता त्रिनेली, भाकुड़ा तल्ली चनौली मोटर मार्ग बंद हो गए। इन सड़कों में मलबा आने से सड़क से जुड़े ग्रामीणों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी। वहीं, मुख्यालय में नालियां चोक होने से सड़कों पर पानी भरा रहा। जिससे आने-जाने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन की ओर से बंद सड़कों को जेसीबी से खोल यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## एक नजर

### ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देशों के अधिकारी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

### हजारों कर्मचारियों की छंटनी करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**रेडमंड।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कुछ महीनों के ही भीतर दूसरी बार हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। अमेरिकी कंपनी ने बुधवार से कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने यह नहीं बताया कि वह कितने कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

# क्वाड देशों ने खनिज सहयोग पर जताई सहमति

## निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

वाशिंगटन, एजेंसी


अमेरिका में क्वाड देशों के सदस्यों के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से चार देशों के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को एक नई पहल 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत की। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा कथित तौर पर इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

यह निर्णय अमेरिका की राजधानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल हुए। बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, यह नई प्रमुख पहल, क्वाड साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है जो आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलापन मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और विविधता लाने पर केंद्रित है। विदेश मंत्रियों ने अपने संयुक्त बयान में प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में अचानक आई बाधाओं और भविष्य में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर चिंता जताई। बयान में कहा गया, इसमें गैर-बाज़ार नीतियों और चलन के उपयोग की बात भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण खनिजों, कुछ डेरिवेटिव उत्पादों और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर चीन का उल्लेख नहीं किया गया। बयान में कहा गया, हम विविध और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व को रेखांकित करते हैं। किसी एक देश पर खनिजों के प्रसंस्करण और परिष्करण के लिए अत्यधिक निर्भरता, हमारे उद्योगों को आर्थिक दबाव, मूल्य हेरफेर और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के जोखिम में डालती है, जिससे हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। बैठक के बाद जारी 'फैक्ट शीट' के अनुसार, क्वाड ने समुद्री कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करने की भी घोषणा की, जिससे समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा सुरक्षा उल्लंघन जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश में मदद मिलेगी।

### अमेरिका में शुल्क बढ़ाने से कंपनियों को होगा 82.3 अरब डॉलर का नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं के एक बड़े समूह को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमा शुल्क संबंधी फैसलों से सीधे तौर पर 82.3 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। एक विश्लेषण में यह आकलन पेश किया गया है। जेपी मॉर्गन चेज इंस्टिट्यूट के इस विश्लेषण के मुताबिक, कंपनियों पर पड़ने वाले इस भारी बोझ की भरपाई संभावित रूप से कीमतों में वृद्धि, छंटनी या कम लाभ मार्जिन के जरिये करने की कोशिश की जाएगी। इस विश्लेषण में एक करोड़ डॉलर से लेकर एक अरब डॉलर तक के सालाना राजस्व वाली कंपनियों पर आयात कर के सीधे प्रभाव का आकलन किया गया है। इन कंपनियों में अमेरिका के भीतर निजी क्षेत्र के लगभग एक-तिहाई कर्मचारी तैनात हैं।

# ईएसआईसी की नियोक्ता कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू, दिसंबर तक रहेगी लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

ईएसआईसी ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी।

यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

### क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े मुहैया कराएं : राव

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# एसबीआई रिलायंस कम्युनिकेशन के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में करेगा वर्गीकृत

नई दिल्ली, एजेंसी


- अनिल अंबानी को बड़ा झटका, फ्रॉड की श्रेणी में डाला जाएगा लोन खाता

एसबीआई ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/पुलिस को भी देनी चाहिए।

## विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पायी और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख से धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख पाया और अंत में 287.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 546.52 अंक तक टूट गया था। निफ्टी 88.40 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं, दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान

मुंबई, एजेंसी



व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान आईटी, बीएफएसआई, विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है। नौकरी चाहने वालों के पास अब घर के करीब ही विविध अवसर हैं, जो भारत के समृद्ध और विविध प्रतिभा परिदृश्य को दर्शाता है।

### 19.3 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएंगे: यूएनडीपी

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का व्यापक विकास नीतियों के साथ समायोजन करने से वर्ष 2060 तक करीब 19.3 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुल 20.4 लाख करोड़ डॉलर की बचत भी होगी। यूएनडीपी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुसंगत नीतियों और वित्तपोषण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य उत्सर्जन में कटौती, अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और सामाजिक लाभ प्रदान करने में किस तरह मदद कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# बादल फटने की घटना में अब तक 10 मौतें

## हिमाचल के मंडी में 5 शव बरामद, 34 लापता की तलाश जारी

शिमला, एजेंसी



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या, पांच शव और मिलने के बाद बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ।

इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और मंडी के थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने की खबर है। गोहर के सियंज में दो शव तथा थुनाग, धार जारोल और पांडीव शील क्षेत्रों में एक-एक शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। गोहर के बाड़ा में मंगलवार को दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया। भारी बारिश के कारण राज्य में कुल 282 सड़कें बंद हो गईं और 1361 ट्रांसफॉर्मर तथा 639 जल योजनाएं बाधित हो गईं। एसईओसी के अनुसार, सबसे अधिक नुकसान मंडी में हुआ, जहां बुधवार सुबह तक 182 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध रहीं और 633 ट्रांसफॉर्मर तथा 465 जल योजनाएं प्रभावित रहीं। एसईओसी ने बताया कि इसके अलावा 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, 30 मवेशी मारे गए, जबकि मंडी में 316 लोगों सहित कुल 370 लोगों को बचा लिया गया है और 11 अब भी फंसे हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो-दो टीम, पुलिस और होमगार्ड के साथ जिले में खोज और बचाव अभियान में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इस बीच, राज्य के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश जारी है। कसौली में पिछली शाम से 55 मिलीमीटर बारिश हुई, इसके बाद बग्गी में 54.8 मिलीमीटर, धरमपुर में 38.8 मिलीमीटर, मंडी में 36.8 मिलीमीटर बारिश हुई।

### देश में 11 नदी निगरानी केंद्र पर चेतावनी स्तर के पार : सीडब्ल्यूसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि देश में 11 नदी निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर बाढ़ चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी केंद्र पर पानी का स्तर खतरे के निशान या बाढ़ की चरम सीमा तक नहीं पहुंचा है। आयोग ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर यह जानकारी साझा की है। बुलेटिन में बताया गया है कि अभी कोई भी नदी निगरानी केंद्र गंभीर या उच्चतम बाढ़ की स्थिति वाली श्रेणी में नहीं है, यानी किसी भी स्थान पर पानी का स्तर खतरे के निशान या ऐतिहासिक रूप से बाढ़ के उच्चतम स्तर तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, इसमें असम, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 12 नदी निगरानी केंद्रों को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया है।

# मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया प्रति व्यक्ति कर्ज 4.8 लाख रुपये हुआ: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी


- कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज़! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

रमेश ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसका अंजाम आज देश की जनता भुगत रही है।

### संरा सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता पाकिस्तान को मिलने पर आलोचना की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सरकार पर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में महत्वपूर्ण पदों पर काबिज होने से रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और इसे भारत के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका बताया। पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि उसने जुलाई के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता संभाली है।

### रथ यात्रा


पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को बहुदा यात्रा से पहले गुंडिचा मंदिर के सिंहद्वार (मुख्य द्वार) से दक्षिण द्वार तक खींचते सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

## एक नजर

### अंतर्राज्यीय हथियार रैकेट का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा है। अधिकारी ने बताया कि एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान 13 देशी पिस्तौलें, एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, 18 कारतूस और अवैध हथियारों की ढुलाई में इस्तेमाल किया गया एक स्कूटर बरामद किया गया है।

### दिल्ली में पेट्रोल पंप मालिकों पर जुर्माना, कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें समयसीमा समाप्त वाले वाहनों को ईंधन देने के नियम का पालन न करने पर पेट्रोल पंप मालिकों पर मुकदमा चलाने और जुर्माना लगाने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई है। नियमों के अनुसार, दिल्ली भर के पेट्रोल पंपों को सीएक्यूएम के निर्देशों के तहत एक जुलाई से समयसीमा समाप्ति वाले वाहनों को ईंधन नहीं देने के लिए कहा गया है। 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की सहायता से बुधवार शाम आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी थी।

# संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपी नीलम आजाद व महेश कुमावत को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने घटना के बारे में प्रेस या सोशल मीडिया से उनके बात करने पर रोक लगा दी है। पीठ ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत दी। कोर्ट ने कहा, हम जमानत दे रहे हैं...वे घटना के बारे में न तो साक्षात्कार दें और न ही प्रेस या सोशल मीडिया में बयान दें। वे दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकते और हर बुधवार और शुक्रवार को उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा। आरोपियों ने दिसंबर 2023 में हुई घटना के संबंध में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली पुलिस ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों का इरादा 2001 के संसद हमले की भयावह यादें ताजा करना था।

# एनसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, शाह ने सराहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को बहु-एजेंसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए हर मादक पदार्थ गिरोह को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कहीं से भी काम करते हों।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अवैध मादक पदार्थ व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत एनसीबी ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया, जो एन्क्रिप्टेड डिजिटल मंच, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी कर रहा था। शाह ने कहा, एनसीबी और अन्य एजेंसियों को वैश्विक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने पर बधाई।

जांच ने बहु एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्ती हुईं, चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।

## दवा संयंत्र विस्फोट की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई में हुए विस्फोट के मूल कारणों की पहचान तथा उससे संबंधित घटनाओं की कड़ियां स्थापित करने के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के आदेश जारी किए। इस इकाई में 30 जून को विस्फोट होने और आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

इस समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है तथा उसे उसमें विशिष्ट सुझाव और सिफारिशें देनी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति का नेतृत्व सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ बी वेंकटेश्वर राव करेंगे। समिति यह भी अध्ययन करेगी कि इस औद्योगिक इकाई में श्रमिक सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया जाता है या नहीं।

# अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल व पार्टी नेता हिरासत में लिए गए

चंडीगढ़, एजेंसी


- पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं को बुधवार को मोहाली में हिरासत में लिया गया जहां वे पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे। मजीठिया को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के एक मामले में मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया। उनकी सात दिन की सतर्कता रिमांड आज खत्म हो गई।

मोहाली में सतर्कता ब्यूरो (वीबी) कार्यालय और जिला अदालत परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बादल के साथ पार्टी नेता सिकंदर सिंह मलूका और परमबंस सिंह बंटी रोमाना को अंब साहिब गुरद्वारे के पास हिरासत में लिया गया। बादल और अन्य अकाली नेताओं ने गुरद्वारे की ओर बढ़ने की कोशिश की तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

बाद में पुलिस ने बादल और अन्य अकाली नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें एक थाने में ले गए। एक वीडियो में पूर्व उप मुख्यमंत्री बादल को पुलिस के एक अधिकारी से यह कहते सुना जा सकता है कि उन्हें जाने दिया जाए क्योंकि वह गुरद्वारे में मत्था टेकना चाहते हैं।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज के खिलाड़ी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज की वर्तमान टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके बाद टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के कैएटूर न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अब तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया तथा कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया।

### एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है, लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्य से चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।

### विश्व मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी और पूजा ने भारत के दो पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5-0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### डोप टेस्ट से बचने को 4 एथलीटों पर लगा प्रतिबंध हुआ कम

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने को लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था।

# गिल के शतक से भारत के पांच विकेट पर 310 रन

## दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन : जायसवाल शतक से चूके, केएल राहुल और पंत नहीं खेल पाए बड़ी पारी, इंग्लैंड के वोक्स ने लिए दो विकेट




87 रन 107 गेंद 13 चौके
यशस्वी जायसवाल।

### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल की संयम से भरी दूसरी शतकीय पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को 5 विकेट पर 310 रन बना लिए। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह के बगैर अंतिम एकादश में तीन हरफनमौलाओं को लेकर उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में संतुलित प्रदर्शन किया। लीड्स की ही तरह एडबस्टन की पिच भी बल्लेबाजों की मददगार है और बुमराह की गैर मौजूदगी में भारत को 500 रन का स्कोर बनाना होगा। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर गिल 216 गेंद में 114 और रविंद्र जडेज 67 गेंद में 41 रन बनाकर खेल रहे हैं।

गिल ने शोएब बशीर को लगातार स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। वह और जडेजा छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 99 रन बना चुके हैं। पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत ने 42 गेंद में 25 रन बनाये जबकि शार्दुल ठाकुर की जगह चुने गए नीतिश कुमार रेड्डी एक ही रन बना सके। अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। पंत को बशीर ने लांग आन पर जैक क्रॉली के हाथों लपकवाया। वहीं रेड्डी को क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए। दूसरे सत्र में स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाये। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए। गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया। कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए नायर को भी इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने कई फुललैंग्थ गेंदें फेंकी लेकिन उन्होंने कवर और स्ट्रेट में चौके लगाकर माकूल जवाब दिया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी खेल रहे हैं।



114 रन 216 गेंद 12 चौके
शुभमन गिल

# लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल

- कार्यभार प्रबंधन के कारण दूसरे मैच में दिया गया आराम

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे।





बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।

गिल ने कहा, हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध



**बर्मिंघम।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने नौ मैच में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने कहा, अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 3 मैच गंवाए। आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के ब्रेक के बाद बाहर बैठाते हैं, इस पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। बुमराह ने लीड्स में पहले टेस्ट की पहली पारी में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए थे।

# क्लासिकल शतरंज को अधिक प्रयास जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल 3 मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड व ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है। क्लासिकल शतरंज में शुरुआती तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है।

# जोकोविच दर्ज की जीते, गॉफ और ज्वेरेव हुए बाहर



**लंदन, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या से दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था। विम्बलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। 126वें नंबर के खिलाड़ी बेसिलशविली 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। मंगलवार को महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई।

### नवारो से हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो से मिली हार के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की क्वितोवा को नवारो ने सीधे सेट में हाराया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है।

### सबालेंका तीसरे दौर में

नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका दूसरे दौर का पहला सेट गंवाने से दो अंक के फासले पर थी, लेकिन उन्होंने मैरी बूजकोवा को हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

### युकी-गैलोवे की जोड़ी दूसरे दौर में, बोपन्ना बाहर

भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी व उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना व बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से सीधे सेट में हारकर बाहर हो गई। वहीं भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन से तीसरे सेट का टाई ब्रेकर खेल रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी व उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

# भारत ने इंग्लैंड को 24 रन से हराया

- अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने जड़ा अर्धशतक

**ब्रिस्टल, एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मंगलवार रात को मिली जीत से 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 4 विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्पिनरों के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (3), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (1) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की।

# मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य कोच ने एआईएफएफ के साथ बनी सहमति पर इस्तीफा दिया

आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ आपसी सहमति पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, एआईएफएफ और मनोलो ने कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# पंत छठे तो बुमराह गेंदबाजी में शीर्ष पर कायम

**दुबई, एजेंसी**

### आईसीसी की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत को एक स्थान का फायदा

- गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह के 907 अंक, अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस क्रमश: दूसरे और तीसरे
- बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल चौथे और सूची में शीर्ष भारतीय, कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पहुंचे



भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं।

वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्वकर्ता जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, आयुष हारे

**कैलगरी, एजेंसी**

### बैडमिंटन टूर्नामेंट



किदाम्बी श्रीकांत

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारतीय युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

# अगले दिन सुबह 5 से 2 बजे तक की ट्रेनों का आरक्षण चार्ट रात में

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलवे बोर्ड ने जारी किए निर्देश कार्यान्वयन की तिथि तय नहीं

रेलवे अगले दिन सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच रवाना होने वाली ट्रेनों के लिए रात नौ बजे तक आरक्षण चार्ट तैयार करेगा, जबकि बाकी ट्रेनों के लिए यह आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

वर्ष 2015 से पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन के निर्धारित समय से चार घंटे पहले तैयार किया जाता रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों की सुविधा के लिए नियम में बदलाव किया गया है। रेलवे बोर्ड ने दो जुलाई को सभी जोन को निर्देश दिया, सुबह पांच से दोपहर दो बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे तक तैयार किया जाएगा।

दोपहर दो बजे से रात 11:59 बजे तथा रात 12 बजे से सुबह 5:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा। परिपत्र में सभी जोन को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा गया, लेकिन इसके कार्यान्वयन की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई है, न ही दूसरे आरक्षण चार्ट को तैयार करने में किसी बदलाव का उल्लेख किया गया है। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले चार्ट तैयार होने के बाद, यदि सीट खाली रह जाती है, तो यात्री इन्हें ट्रेन के रवाना होने से ठीक पहले बुकिंग सुविधा के तहत आरक्षित करा सकते हैं।

## पलटे मस्क, कई बड़े संघर्ष खत्म करने पर की ट्रंप की तारीफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी के बाद अब मशहूर कारोबारी एलन मस्क ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विश्व में कई गंभीर संघर्षों को हल किया है।

मस्क ने हाल ही में सीनेट में पारित वन बिग ब्यूटीफुल बिल को पागलपन और सनक करार दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि वह स्थिति को तूल देने से परहेज करेंगे, भले ही ऐसा करने की उनकी जोरदार इच्छा हो। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के बारे में मस्क ने 'एक्स' पर कहा, जहां जरूरी हो वहां श्रेय दिया चाहिए।

## दुनिया भर की हैं जिस पर निगाहें

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से आजकल दुनिया भर में चर्चित आर्थिक सुधारों का यह प्रस्ताव सीनेट में पारित होने के बाद एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुका है। इस बिल के तहत मुख्य रूप से करों में भारी कटौती, व्यापार विनियमों की ढील, और पर्यावरण नियमों में छूट शामिल है। भारत समेत करीब पूरी दुनिया पर इसका कुछ न कुछ असर पड़ेगा, लेकिन फिलहाल अमेरिका में ही इस बिल पर सबसे बड़ा विवाद अरबपति मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप के टकराव के रूप में सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस बिल के पीछे ट्रंप की आर्थिक सोच का सार कम टैक्स, कम नियम और अमेरिका फर्स्ट है। यह आर्थिक दृष्टि से कुछ वर्गों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है लेकिन इसका सामाजिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम गंभीर हो सकता है।

### ये बदलाव होंगे कानून लागू होने से

व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती होगी। अमीरों और कंपनियों के लिए टैक्स में और कमी की योजना है। ट्रंप का वादा मध्यम वर्ग को भी टैक्स राहत का है, लेकिन उसका अनुपात कम हो सकता है। पर्यावरण, श्रम, और वित्तीय नियमों में ढील दी जा सकती है, इससे तेल, गैस, कोयला और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने और उत्पादन वापस लाने के लिए टैक्स इंसेंटिव दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई, घाटा दोनों बढ़ सकते हैं।

### मस्क और ट्रंप के बीच टकराव

मस्क का दावा है कि यह बिल परंपरागत ईंधन सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा और ईवी सब्सिडी या ग्रांट में कटौती की जाएगी। दरअसल मस्क भावी तकनीकों जैसे एआई, ईवी और अंतरिक्ष मिशनों में निवेश चाहते हैं, लेकिन ट्रंप पुराने उद्योगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### संभावित फायदे और नुकसान

कम टैक्स और नियमों की ढील से कंपनियों को विस्तार में सहूलियत होगी, साथ ही कॉर्पोरेट टैक्स घटाने से विदेशी निवेश आकर्षित हो सकता है। ट्रंप समर्थक वर्ग फायदे में रहेगा। विशेष रूप से धनी वर्ग, ऊर्जा कंपनियां और रियल एस्टेट सेक्टर। इसके उलट इस बिल बजट घाटा बढ़ने और 2017 की तरह भी राजस्व में भारी गिरावट का अनुमान भी है। कहा जा रहा है कि गरीब और मध्ययम वर्ग को कम लाभ मिलने से धन की असमानता और बढ़ेगी।

### भारत और अमेरिका के संबंधों पर असर

- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत भारत पर उच्च आयात शुल्क लगाए जा सकते हैं। भारत के लिए निर्यात कठिन हो सकता है, विशेषकर स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल में।
- भारत को फिर से जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफरेंस से बाहर रखा जा सकता है। यह भारत के मध्यम उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- व्यापार घाटे पर जोर देने की नीति के तहत ट्रंप भारत से अमेरिका को कम आयात, ज्यादा निर्यात का दबाव बना सकते हैं।
- ट्रंप पहले ही एच-1 बी वीजा नियमों को सख्त कर चुके हैं। भारत के IT पेशेवरों के लिए अमेरिका में अवसर सीमित हो सकते हैं।
- आउटसोर्सिंग विरोधी रुख से भारत की बीपीओ और टेक कंपनियों पर असर पड़ सकता है। भारतीय कंपनियों के विस्तार में रुकावट आ सकती है।
- चीन के खिलाफ भारत को रणनीतिक समर्थन मिल सकता है, भारत के साथ रक्षा सौदे संभव हैं लेकिन ट्रंप इसमें निजी आर्थिक फायदे देखेंगे।
- भारत के साथ ग्रीन एनर्जी सहयोग कमजोर पड़ सकता है।अमेरिका भारत में भी कोयला-तेल प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित कर सकता है।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया : विमान में सांप निकला, उड़ान में हुई देरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू उड़ान में दो घंटे की देरी हुई, क्योंकि विमान में सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। सांप पकड़ने वाले मार्क पेले के अनुसार, मंगलवार को जब यात्री ब्रिस्बेन जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान वीए337 में मेलबर्न हवाई अड्डे पर चढ़ रहे थे, तब सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। जब वह अंधेरे में उसके पास पहुंचे तो उन्हें लगा कि यह जहरीला हो सकता है। जब मैंने सांप को पकड़ा, तब मुझे एहसास हुआ कि यह जहरीला नहीं था। दुनिया के ज्यादातर जहरीले सांप ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।

### जापान: टोकारा द्वीप पर 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में टोकारा द्वीप पर बुधवार को 5.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गे। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:26 बजे आया, जिसका केंद्र लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र 29.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 129.2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। कागोशिमा प्रान्त के तोशिमा गांव में भूकंपीय तीव्रता 5 से कम थी। अन्य क्षेत्रों में जहां 3 या उससे अधिक तीव्रता दर्ज की गई। उन पर वर्तमान में निगरानी रखी जा रही है।

### अफ्रीकी संघ का सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ उस समय शुरू हुई, जब पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की सहायता से आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में देर शाम 7:45 बजे तलाश और घेराबंदी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके की घेराबंदी करने और आतंकवादियों को मार गिराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं।

# क्वाड देशों का आह्वान, बिना देरी दंडित हों पहलगाम हमले के दोषी


## भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया।

वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई, जबकि कई घायल हो गए।

हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं। संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।



क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ जयशंकर।

### समुद्र में चीन की गतिविधियों पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड राष्ट्रों ने चीन और समुद्र में उसकी आधिपत्यवादी गतिविधियों के संदर्भ में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। कहा, हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं जो ताकत या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम खतरनाक और भड़काऊ गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। इनमें अपतटीय संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तट रक्षक और समुद्री जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास करना शामिल है। ये कार्रवाइयां क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं।

### जयशंकर ने अमेरिका के तीन शीर्ष मंत्रियों के साथ बातचीत की

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के बीच वार्ता के दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। जयशंकर ने अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता भी की। ये बैठकें मंगलवार को 'क्वाड' समूह के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन से इतर हुईं। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद, जयशंकर और रुबियो की यह पहली बैठक थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, व्यापार, सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, संपर्क और ऊर्जा सहित हमारी द्विपक्षीय साझेदारी पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर दृष्टिकोण साझा किए।

## पांच देशों की यात्रा पर निकले मोदी घाना पहुंचे, जोरदार स्वागत



परंपरागत ढंग से किया मोदी का स्वागत।

**अक्करा (घाना)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे, जहां वह पश्चिम अफ्रीकी देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगे और मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करेंगे।

घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी की हवाई अड्डे पर अगवानी की, जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी की घाना की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। साथ ही, यह तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा द्वारा स्वागत किए जाने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। घाना से मोदी तीन से चार जुलाई तक त्रिनिदाद और टोबैगो की करेंगे। तीसरे चरण में मोदी चार से पांच जुलाई तक अर्जेंटीना का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के चौथे चरण में मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे।

# ईरान ने शुरू किया फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम

तेहरान, एजेंसी

- सेटेलाइट तस्वीरों से संयंत्र पर कई भारी उपकरणों की मौजूदगी का पता चला, नई सड़क भी बनी

ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

उपग्रह से ली गई तस्वीरों के अनुसार, ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है। उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

### आईएईए के साथ किया सहयोग से साफ इन्कार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन, विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे।



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी चेतावनी, अगर समझौता स्वीकार न किया तो और ज्यादा बिगड़ेंगे हालात

### गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा। दरअसल अमेरिकी नेता इजराइल सरकार और हमास पर युद्ध विराम, बंधकों से संबंधित समझौते तथा युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। हमास ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे मध्यस्थों से एक प्रस्ताव मिला है और वह युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने के वास्ते उनके साथ बातचीत कर रहा है।

## पाकिस्तान में बम धमाके से मारे गए चार सरकारी अफसर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है, तलाश अभियान और हमले की जांच जारी है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार बैरिस्टर सैफ ने विस्फोट की निंदा की है।

## आध्यात्मिक नेता का संदेश



धर्मशाला में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की ओर से जारी किए गए वीडियो संदेश को देखते हुए तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के भिक्षु। ये वीडियो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 6 जुलाई को दलाई लामा के जन्मदिन से पहले जारी किया गया था। एजेंसी

# बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल संपर्क परियोजना के तहत तैयार की जा रही एक सुरंग का काम 29 जून को पूरा करने के साथ ही निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो ने सुरंग निर्माण में सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन के उपयोग का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

एलएंडटी लिमिटेड के निदेशक एसवी देसाई ने मंगलवार को कहा, टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) टीम ने शिव नाम की सिंगल शील्ड हार्ड रॉक टीबीएम का इस्तेमाल करते हुए 31 दिन में 790 मीटर की देश की सबसे लंबी सुरंग बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब दुनिया में कहीं भी सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन का इतने कुशल तरीके से उपयोग किया गया।



- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट के तहत 31 दिन में तैयार की 790 मीटर लंबी सुरंग

परियोजना निदेशक राकेश अरोड़ा ने कहा, यह 13.09 किलोमीटर लंबी सुरंग डाउनलाइन है जो 14.57 किलोमीटर लंबी अपलाइन सुरंग से समानांतर और 25 मीटर की दूरी पर है। अपलाइन सुरंग की खुदाई का काम इसी साल 16 अप्रैल 2025 को पूरा कर लिया गया था।

## शी चिनफिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे उन खबरों की पुष्टि हो गई है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेस वार्ता में बताया कि ली निमंत्रण पर पांच से आठ जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि शी चिनफिंग ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला क्यों किया। शी सत्ता में अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान हमेशा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

**विवाद** कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आशंका जताने के बाद आईसीएमआर और एम्स के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा

# देश में अचानक हो रहीं मौतों की वजह कोविड वैक्सीन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की ओर से हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों को कोविड वैक्सीन का कारण बताया गया। इसके एक दिन बाद बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों में इस तरह के कोई संबंध नहीं पाए गए हैं। सिद्दारमैया ने कल कहा था कि कोविड वैक्सीन को जनता के लिए 'जल्दबाजी में मंजूरी और वितरण' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।




### अध्ययन का निष्कर्ष, अनुवांशिक परिवर्तन हो सकता है अस्पष्टीकृत मौतों का कारण

बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के संस्थान एनआईई ने किया था, जिसका शीर्षक 'भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक एक बहुकेंद्रित मिलान केस नियंत्रण अध्ययन, था। इसे मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 देखभाल अस्पतालों में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ऐसे व्यक्तियों पर अध्ययन किया गया जो स्वस्थ प्रतीत होते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। अध्ययन के मुताबिक अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में आनुवंशिक परिवर्तन को इन मौतों के संभावित कारण माना जा रहा है।

मंत्रालय ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक हुई मौतों के मामले की जांच की गई है और इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। मंत्रालय ने आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पुष्टि की है कि देश में कोविड-19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं।

बयान में कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।